RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530

Black Bichhoo

9644811407, 81020205990
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान

समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया

खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास

ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित

वर्ष 4 अंक : 147 ग्वालियर मंगलवार 7 जनवरी 2025 पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई का दिया जा रहा प्रशिक्षण

कौशल उन्नयन
प्रशिक्षण कार्यक्रम
ब्यूटी पार्लर

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह – कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सेडमैप द्वार कैदो की तलैया की महिलाओ को सेडमैप प्रशिक्षण केन्द्र मे सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमे से ज्यादातर महिलओं द्वारा पन्नी एवं कबाड़ बीनने का कार्य किया जा रहा था। इस प्रशिक्षण में शाला त्यागी बालिकाये रुचीपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अभी तक 40 से अधिक महिलाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपना पंजीयन करवाया गया है।

महिलाओ दवारा बताया गया की इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर उनके जीवन में एक नई राह मिलेगी। सभी महिलाओं एवं युवतियों द्वारा कलेक्टर श्री कोचर को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया गया।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खामरिया ने किया पौधारोपण

दिनेश शुक्ला

दैनिक केसरिया हिंदुस्तानी

आलोट मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आलोट की विक्रमगढ़ आलोट सेक्टर के ग्राम खामरिया में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक रखी गई बैठक में जिला समन्वयक रत्नेश जी विजयवर्गीय द्वारा अपने उद्बोधन में आदर्श ग्राम की परिकल्पना के बारे में ग्राम वासियों को अवगत कराया एवं ग्राम पंचायत भवन परिसर में पौधारोपण किया गया जिसमें जिला समन्वयक श्री रत्नेश विजयवर्गीय, विकासखंड समन्वयक मुकेश कटारिया नवांकुर संस्था स्वास्तिक शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष लाल सिंह पवार, सचिव जगदीश चंद्र शर्मा, नरेंद्र पांचाल, ऋषिकांत सिंह पवार, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष समरथ बामनिया सचिव लखन पांडे, सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हेमेंद्र सिंह निगम ने किया एवं आभार लखन पांडे ने माना।

वार्ड 12 में मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर आयोजित

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरीया हिंदुस्तान मो. 9977365001

विभिन्न योजनाओं में 13 हितग्राहियों को किया लाभान्वित

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं जनकल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरो की श्रृंखला में नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में आज वार्ड नंबर 12 स्थित गांधी आश्रम पर में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया।

नगरपालिका श्योपुर के नोडल अधिकारी श्री आदित्य चौहान ने बताया कि शिविर में कुल 13 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। सभी आवेदनो का सकारात्मक निराकरण करते हुए हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 03 लोगों को जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय कर लाभान्वित किया गया। 05 लोगों के नामांतरण शिविर के दौरान किये गये, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत 01 तथा पीएम स्वनिधि योजना के तहत 04 हितग्राही लाभान्वित किये गये। शिविर के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्री जय सिंह जादौन एवं नगर पालिका अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

6 आरोपी, 6 गोली और पुरानी रंजिश ने ले ली 4 की जान

बरगवां सामूहिक हत्याकांड पर पुलिस ने किया खुलासा, एक नाबालिक समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

बड़ोखर सेफ्टी टैंक में सामूहिक अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया पर्दाफास

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो
सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली – बरगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिंडालको पावर प्लांट के गेट नंबर 3 के पास ग्राम बड़ोखर मे गत 4 जनवरी को सेफ्टी टैंक मे मिले चारो शवों की पहचान व सामूहिक अंधे हत्याकांड के पहेली को पुलिस ने सुलझा लिया है. जमीनी विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से चारो युवकों पर गोली चलाकर जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया था. सभी आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या मे उपयोग किये गए देशी पिस्टल व कारतूस बरामद कर लिया गया है.

उक्ताशय का खुलासा प्रभारी आई जी रीवा रेंज साकेत पाण्डेय ने किया. इस दौरान एस पी मनीष खत्री, ए एस पी शिव कुमार वर्मा, एस डी ओ पी मोरवा के के पाण्डेय, सी एस पी पी एस परस्ते सहित कई थानो के टी आई मौजूद रहे. प्रभारी आई जी श्री पाण्डेय ने आगे बताया कि सेफ्टी टैंक मे मिले चारो मृतको करण साहू पुत्र राजेश साहू उम्र 32 वर्ष निवासी जयंत, पप्पू उर्फ़ जोगिंदर महतो पुत्र उदय महतो उम्र 33वर्ष निवासी जयंत व सुरेश प्रजापति पुत्र हरिप्रसाद प्रजापति उम्र 30 निवासी लक्ष्मी मार्केट जयंत के साथ मुख्य आरोपी राजा रावत पुत्र अमर रावत उम्र 25 वर्ष निवासी नेहरू गेट जयंत का एनसीएल की जमीन मे घर बनाने के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रहा था,जिसने सुनियोजित तरीके से अपने 5 आरोपी दोस्त क्रमशः बुद्ध सेन साकेत पुत्र रामदेव साकेत उम्र 20 वर्ष निवासी सिंगाही सोलन चौकी गोरबी, हरिश्चन्द्र साकेत उर्फ़ शुभम उर्फ़ छोटू पुत्र रामधनी साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी बरहटी थाना बरगवां, रोहित साकेत पुत्र राम विचारे साकेत उम्र 21 वर्ष निवासी नेहरू गेट गर्दा बस्ती जयंत, नीरज साकेत पुत्र महेन्द्र साकेत उम्र 19 वर्ष निवासी जयंत व एक नाबालिक के साथ मिलकर गोली से मारकर सामूहिक जघन्य अंधे हत्याकांड को अंजाम दिया. डी आई जी श्री पाण्डेय ने बताया कि डाग स्कवाड, एफ एस एल, फिंगर प्रिंट एंड चार स्पेशल जाँच टीम के सभी सदस्यों के कड़ी मशक्कत से सभी आरोपियों को अलग -अलग स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपियों के पास एक अदद देशी पिस्टल, 4 नग जिन्दा कारतूस, एक खाली देशी पिस्टल की मैगजीन बरामद हुई है. सभी आरोपियों को अपराध क्रमांक 16/2025,धारा 103 (1), 331,238,3(5) बी एन एस के तहत न्यायालय मे पेस किया गया.

तीन पर चलाया छः राउंड गोली, एक का दबाया गला

डी आई जी श्री पाण्डेय ने बताया कि सभी मृतक नये वर्ष की लगातार चल रही पार्टी के तीसरे दिन तीन मुख्य आरोपी राजा रावत मृतको के पास पहुंचा और बोला की घटना दिवस के दिन की खाने पीने की पार्टी उसकी तरफ से है.पार्टी के बाद आरोपी राजा ने अपने पांच सह आरोपी दोस्तों को बुलाया और मकान के पीछे के रास्ते से अंदर घुसे और सभी ने मिलकर राकेश सिंह उर्फ़ सोनू के ऊपर तीन गोली, सुरेश प्रजापति को दो गोली, करण साहू को एक गोली व चौथे मृतक पप्पू उर्फ़ जोगिंदर महतो को नुकिले रॉड सिर मे हमला व गला दबा कर सामूहिक हत्याकांड को अंजाम दिया.

पुलिस महानिदेशक ने सिंगरौली पुलिस टीम को दी बधाई

सामूहिक अंधे हत्याकांड को महज 24घण्टे मे सुलझाने व हत्यारोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सिंगरौली एस पी मनीष खत्री व उनकी टीम को बधाई दी जबकि प्रभारी पुलिस महानिदेशक साकेत पाण्डेय द्वारा पूरी टीम की प्रशंसा करते हुए नगद पुरस्कार की घोषणा की है.

इनकी रही सराहनीय भूमिका

डी आई जी साकेत पाण्डे निर्देशन , एस पी मनीष खत्री के मार्गदर्शन व एस एस पी शिव कुमार वर्मा के. के. पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिंगरौली के नेतृत्व मे पी.एस. परस्ते नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर, राहुल सैयाम अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवसर, निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा थाना प्रभारी बरगवा, निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, थाना प्रभारी बैढ़न, निरीक्षक यू.पी. सिंह, निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, निरीक्षक राजेन्द्र पाठक, निरी. जीतेन्द्र भदौरिया, उप निरीक्षक सुधाकर सिंह परिहार, उप निरीक्षक विनय शुक्ला, , उप निरी. अमन वर्मा, उप निरी. प्रियंका सिंह, उप निरी. प्रियंका मिश्रा, उप निरी. संदीप नामदेव, नीरज सिंह, उप निरीक्षक राम जी त्रिपाठी, उप निरी. आराधना तिवारी, उप निरी. इन्द्रलाल मांझी, एन.पी. तिवारी, सूबेदार आशीष तिवारी, सउनि पंकज सिंह चंदेल, विजय पटेल, विशेषर साकेत, कृष्नेन्द्र सिंह, प्रवीण मरावी, डी.एन सिंह, रवी गोस्वामी, उत्तम सिंह, राजेश दिवेदी, अरविंद दिवेदी, प्र.आर. 10 संजय परिहार, 345 कुणाल सिंह, 16 हेमराज पटेल, 524 पंकज सिंह, 260 भगवान दास प्रजापती, 279 राजनायाण, 53 अनुप मिश्रा, 371 धर्मराज रावत, 313 संजय यादव, 41 विक्रम सिंह, 22 मनोज गौतम, 452 नंदकिशोर बागरी, 496 श्यामलाल प्रजापति, 554 आलोक चतुर्वेदी, 422 राहुल सिंह, 100 विवेक पटेल, जितेन्द्र सेंगर, 379 विरेन्द्र पटेल, 359, जतिन दुबे, राहुल, 483 नीरज सिंह, 488 राहुल सिंह, आर. 404 सौरभ, 602 प्रकाश सिंह, 655 महेश पटेल, 620 जीवन भाटी, 687 अशोक यादव, 126 प्रमीष झिल्ले, समीर, 835 शिवनारायण सिंह,632 प्रतीक कुमार, 636 अरविद यादव, 125 कोशलेन्द्र रावत, 216 अरुणेन्द्र मिश्रा, 717 प्रताप पटेल, 415 समीर धुर्वे, 608 मनोहर देवडा, 530 तुलसीदास प्रजापति,135 राजेश बर्डे, 782 धीरज, म. आर. 365 कीर्ति कुशवाहा, सिंगरौली सायबर सेल टीम व रीवा सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

पार्षद प्रेमसागर मिश्रा ने की मानवीय पहल

अपने मानदेय से वार्ड 36 में गरीब परिवारों को नलजल कनेक्शन हेतु 47000 रु का आयुक्त को सौंपा चेक

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो
सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/बीते दिवस वार्ड 36 पार्षद प्रेम सागर मिश्रा ने निगम आयुक्त महोदय को 47000 का चेक सोपा है वार्ड 36 के गरीब बेसहारा बीपीएलधारी के लिए अपने मानदेय से 47000 का यह चेक निगम आयुक्त को सौपा है और मांग किया है कि वार्ड 36 की जयनगर तेलगवा जुआड़ी में गरीब बीपीएल असहाय बेसहारा परिवार को अपने मानदेय से कटौती कर कनेक्शन के लिए उन्होंने पत्र के माध्यम से यह घोषणा पत्र दिया था इसके बावजूद भी परिणाम यह है कि कनेक्शन नहीं हुए हैं उक्त के संबंध में पार्षद के द्वारा प्रत्येक परिषद कार्यवाही के दौरान भी भली भांति अवगत कराया गया है इसके बावजूद भी परिणाम लगातार शून्य बने रहे हैं इसलिए उन्होंने पुनः से 47 परिवारों का सूची संलग्न अनुसार वार्ड 36 में गरीब बीपीएल असहाय बेसहारा परिवार को मूलभूत आवश्यक पेयजल के लिए नल जल कनेक्शन के लिए अपने मानदेय से जारी यूनियन बैंक से राशि 47000 प्रत्येक कनेक्शन निगम के नियम अनुसार रुपए जमा कर रहा हूं का घोषणा पत्र सहित दिया है इन उपरोक्त के संबंध में विशेष रूप से उन्होंने निगम आयुक्त से अनुरोध किया है कि वार्ड 36 में प्राथमिकता से पेयजल हेतु नल जल कनेक्शन अवीलंब करने की कृपा करें जिसकी प्रतिलिपि उन्होंने महापौर नगर निगम अध्यक्ष की ओर भी प्रेषित किया है ऐसा करके पार्षद प्रेमसागर मिश्रा ने मानवीयता का जबरदस्त संदेश दिया है जिसकी पूरे वार्ड वासियों ने तहे दिल से उनकी तारीफ करते हुए साधुवाद दिया है और पार्षद की इस पहल की सराहना की है निश्चित रूप से पार्षद के इस प्रकार की दरिया दिली को बड़े स्तर से देखा जा रहा है और शायद यह सिंगरौली जिले के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ होगा कि कोई पार्षद अपने मानदेय से नल जल कनेक्शन हेतु राशि दे रहा है यह एक बड़ी बात है जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम ही है

मंत्री राकेश शुक्ला की अपनत्व सेल्फी बनी जनता और कार्यकर्ताओं के चेहरे की मुस्कान..

भोपाल। अमूनन देखने में आता है कि जनता और कार्यकर्ता जब मंत्री से मिलने आते हैं तो सेल्फी बनती है लेकिन जब सरकार के मंत्री ही कार्यकर्ताओं और जनता के बीच जाकर खुद ही मोबाइल से सेल्फी ले तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। जी हां मोहन सरकार में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला कुछ ओर मंत्रियों से हटकर है। मंत्री राकेश शुक्ला के भोपाल स्थित बंगले पर मिलने वालों का ताता लगा रहता है। ऐसे में सेल्फी भी होती है लेकिन मंत्री राकेश शुक्ला ने जनता और कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ाव का नायाब तरीका खोजा है। मंत्री राकेश शुक्ला के यहां मिलने वाले लोगों को अपनत्व का एहसास हो। इसको लेकर मंत्री राकेश शुक्ला स्वयं ही मोबाइल से सेल्फी लेकर जनता और कार्यकर्ताओं को देते हैं। *मंत्री राकेश शुक्ला के अपनत्व दुलार से बंगले आने वाले कार्यकर्ताओं के चेहरो पर एक अजीब सी मुस्कान दिखलाई पड़ती है।*

माननीय विधायक सुदेश राय ने प्रांतीय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा गत वर्ष में किए गए नवाचारों के साथ 2051 पदाधिकारियों के फोटो से सुसज्जित संगठन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया।प्रान्तीय शिक्षक संघ परिवार जिला सीहोर के वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन सीहोर के माननीय विधायक सुदेश राय जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी आर.आर. उईके,विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा, सुरेश गुप्ता मौजूद थे।कैलेंडर में नवाचारी शिक्षकों के नवाचार कार्य, शासकीय शालाओं की विशेषताओं एवं संगठन द्वारा विगत वर्ष में किए गए कार्यों को भी संगठन के कैलेंडर में स्थान दिया गया है।इस अवसर पर सीहोर विधायक सुदेश राय ने संगठन द्वारा किए गए शिक्षक हित में एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रांतीय शिक्षक संघ मेरा परिवार है। मैं हमेशा प्रांतीय शिक्षक संघ के सकारात्मक कार्यों में उनके साथ हूं। जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ने कहा कि कैलेंडर प्रकाशित करने का मुख्य उद्देश्य संगठन के कार्यों को सभी को अवगत कराना है। इस बार कैलेंडर में नवाचार करते हुए बारकोड डाला गया जिसके माध्यम से शिक्षक सीधे संगठन से जुड़ सकते हैं।कार्यकारी प्रांतीय महासचिव सतीश त्यागी ने कहा कि कर्मचारी संगठन की आवश्यकता सर्वविदित है। प्रांतीय शिक्षक संघ शिक्षक हित के साथ शिक्षा हित में भी कार्य करता है । प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सतीश त्यागी ,संजय सक्सेना ,प्रदीप नागिया, राजेंद्र परमार,हेमंत मालवीय ,नरेश मेवाडा , जितेंद्र सेन,अर्जुन मेवाड़ा,कमल वर्मा ,आशीष शर्मा, राजेश्वर तिवारी, बद्री प्रसाद वर्मा, जितेंद्र कालमोदिया,मुकेश बैरागी,चन्दर सिंह वर्मा ,नरेश सवासिया,नरेश गुर्जर,मुकेश बड़ोदिया ,जगदीश प्रसाद सेन, देवेश शर्मा ,अरुण जोशी,कमल वर्मा ,चंदर वर्मा ,शक्ति शर्मा, ओम प्रकाश परमार,राजेश परमार,विनोद सैनी,लक्ष्मीनारायण आहूजा,सुबोध जयसवाल,आलोक श्रीवास्तव, कैलाश यादव,लक्ष्मण बैरागी ,देवेश शर्मा, योगेश उपाध्याय, अमित जोशी, आलोक श्रीवास्तव,संतोष सोनी ,भोजराज रघुवंशी,सचिन शर्मा, कमलकांत शाक्य, विक्रम मालवीय , धर्मेन्द्र मालवीय, राजेश चौहान वर्मा, निर्भय सिंह वारिया,राजेंद्र बड़ोदिया, बलराम मालवीय, नासिर बेग,देवेंद्र चौहान अमित जोशी, यशपाल राठौर ,श्यामलाल वर्मा, सुदर्शन शर्मा, गोवर्धन गौर , राजेश सेन, मानसिंह केलवा ,रघुनाथ मेवाड़ा आदि मौजूद थे।

अम्बाह पोरसा सहित देशभर से चार सैकड़ा से अधिक विधार्थी पहुंचे दिल्ली

आर्यिका श्री आर्षमती माताजी के सानिध्य में हुआ विधार्थियों का सम्मान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अंबाह। अखिल भारतीय जैन समाज के घटक दिगंबर श्वेतांबर समुदाय के देशभर के चार सैकड़ा से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान रविवार को दिल्ली में समाधिस्थ आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की प्रेरणा से आर्यिका आर्षमती माता जी के सानिध्य आयोजित किया गया।जिसमे मुरैना जिले के छात्र छात्राएं भी सम्मानित किए गए आयोजन में खास बात यह रही कि जैन समाज के सभी घटकों के छात्र छात्राओं का सम्मान इस समारोह में किया गया जिसका आयोजन ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा किया गया। आयोजन में रविवार प्रातः दिगम्बर श्वेतांबर सहित सभी जैन समुदाय के प्रतिभाशाली विद्यार्थी एक मंच पर एकत्रित हुए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विभिन्न परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में चयनित विद्यार्थियों का मेडल, ट्रॉफी, प्रशंसा पत्र एवं शैक्षणिक सामग्री देकर सम्मान किया गया। समारोह

को संबोधित करते हुए आशीष अग्रवाल ने कहा कि जिन महान संत की प्रेरणा से हम यह आयोजन कर रहे हैं उन आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज ने संपूर्ण मुरैना क्षेत्र का गौरव विश्व भर में बढ़ाया था,इस दौरान समारोह में



सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को मार्ग व्यय के साथ साथ प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, पदक, बैग, पैन, डायरी, शील्ड,बहुरंगी स्मारिका आदि देकर सम्मानित किया गया आयोजन को सम्बोधित करते हुए आर्यिका आर्षमती माता जी ने कहा कि सभी आगे बढ़ें और खूब पढ़ें. इसके लिए ज्ञानार्ष भक्त परिवार आपके साथ है.उन्होंने कहा कि किसी भी स्टूडेंट की पढ़ाई में आर्थिक बाधा नहीं आये इसके लिए ज्ञानार्ष भक्त परिवार ने जरूरतमंद बच्चों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है पूज्य माता जी ने कहा कि जिन बच्चों को पढ़ाई में आर्थिक परेशानी आ रही हो, वे जरूर संपर्क करें.उन्होंने कहा दूसरों पर ध्यान देना प्रेम और स्वयं पर ध्यान देना ध्यान है. इसलिए स्वयं से प्रेम करते हुए सभी को एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होना चाहिए. आपके कारण किसी को कष्ट न हो, इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए.

मध्यप्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कार्यक्रम को एक गौरवान्वित क्षण कहा. उन्होंने कहा कि जो बच्चे अच्छा कर रहे हैं, उनको जब सम्मान मिलता है, तो उनका उत्साह दोगुना हो जाता है. स्टूडेंट किसी भी क्षेत्र में जाना चाहें, वहां पर वे बेस्ट देने की कोशिश करें और अपने होने का लोगों को एहसास करायें।

उन्होंने कहा कि जैन समाज के छात्र सफल हो कर नासा और इसरो जैसे संस्थान में पहुंच कर अपने देश का नाम रोशन कर रहे हैं. वर्तमान समय में अधिकतर स्टूडेंट्स डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते हैं, लेकिन स्टूडेंट्स को एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए भी मेहनत करना चाहिए. क्योंकि आज जितने भी सफल लोग हैं, उनके पीछे शिक्षकों का ही हाथ है. आयोजकों ने बताया कि जैन समाज के होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परम पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज प्रति वर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कराते थे, आचार्य श्री ने लगभग 20 वर्ष तक कार्यक्रम आयोजित किया। गुरुदेव की समाधि के पश्चात उनकी अंतिम दीक्षित शिष्या युवा प्रणेता वात्सल्यमयी वंदनीय गुरु मां गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माता जी के आशीर्वाद से अखिल भारतीय ज्ञानार्ष भक्त परिवार द्वारा पिछले 3 वर्षों से निरन्तर आचार्य ज्ञानसागर अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा हैं यह चौथा आयोजन हैं जिसमें सम्पूर्ण भारत वर्ष से सभी हिस्सों से जैन समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राए शामिल होने आये हैं।

वर्तमान श्योपुर सी एम ओ राधारमन ने लगाए नगर परिषद भितरवार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान लोकेंद्र सोलंकी

राधारमन यादव ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन का नियम था 2007 में जो संविदा कर्मचारी लगे हुए थे उनको क्रमन्नति की जाए, यादव ने बताया कि पूर्व विधायक ने इस के बारे मे नगर परिषद से बात की तो नगर परिषद ने संविदा कर्मचारी निल बताया ,उसके बाद में संविदा कर्मचारी को पदउन्नति की गईं एवं उनको पैसा लेकर परमानेंट किया गया ,29 संविदा कर्मचारी लगाए गए सतीश दुबे,यादव ने कहा कि वर्तमान सी एम ओ उनकी पेमेंट डाल रहा है उन नियम का पालन करता, एवं

कई कागजों में एक एक लाख की फाइलें बनी हुई है एवं डीजल में भी हेरा फेरी हो रही हैं ,श्योपुर सी एम ओ ने बताया कि जो फिनायल व डी डी टी पाउडर जो मच्छर भगाने के लिए छिड़काव कराया जाता है वह भी नहीं है नगर परिषद पर और नगर में उसका छिड़काव भी नहीं कराया गया ,यादव ने बताया कि आप ने फिर बीच में संविदा कर्मचारी कैसे नियुक्त किए एवं पद उन्नति किस नियम से दी जबकि संविदा कर्मचारी तो नगर परिषद में निल थे ,आप ने एक चपरासी की नियुक्ति कर दी और उसको दरोगा बना दिया उसकी मार्कशीट देखी फर्जी मार्कशीट पर प्रमोशन दे दिया,श्योपुर सी एम ओ ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का आदेश था कि आप दिवाली से पहले कर्मचारियों की पेमेंट डालें जिसमें भितरवार नगर परिषद ने सारे कर्मचारियों की पेमेंट डाली सिर्फ एक कर्मचारी को सात महीने पेमेंट नहीं दिया जा रहा है उनमें कुछ ऐसे भी नौकल के कर्मचारी हैं कि उनके एक ही परिवार के तीन ,चार,सदस्य लगे हुए हैं उनको पेमेंट भी दिया जा रहा है,एक कर्मचारी अभिषेक यादव,जो कि दिनेश सोनी के द्वारा उसे नियुक्त किया गया था उस को पेमेंट नहीं किया गया उसकी दिवाली भी नहीं मनी दिवाली के दिन उसके घर पर एक दीपक भी नहीं जला उसको परेशान किया जा रहा हैं एवं उससे पैसे की डिमांड की जा रही हैं यादव ने बताया कि वह व्यक्ति आत्म हत्या करने की कगार पर है उसने खुद खुशी की तो इस की जुम्बेदारी शासन की होगी इनका कहना हैं कि आरोप लगते ही रहते है नगर परिषद भितरवार सी एम ओ महेश जाटव इनका कहना हैं कि मेरे वर्तमान कार्यकाल में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है और नाही हो रहा है नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल।

2 दिन से जिंदगी मौत से संघर्ष कर रही गाय ने समाधि की स्थिति में त्यागे प्राण

समाधि अवस्था में गाय की मौत के मामले पर पशु डॉक्टर ने जताया आश्चर्य, हनुमान भक्तों ने माना चमत्कार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार। नगर में दो दिन पूर्व रात्रि में पुलिस थाने के सामने रोड पर विचरण करती गौमाता की विमारी के चलते अचानक आंखों की रोशनी चली गई और गाय विमार होकर मरणासन्न अवस्था में पहुंच गई लहार पुलिस स्टाफ ने उक्त गाय का अच्छे से अच्छा उपचार करवाया रजाई से ढक कर दो दिन तक उसके सर्दी से वचाव के हर संभव प्रयास किए गए टेंट लगाकर उसके चारों ओर निरंतर आग जलाई गई लहार नगर के गौ रक्षक संतोष चौहान द्वारा रात दिन वही डेरा डालकर गौमाता की सेवा के साथ गौमाता के कष्ट निवारण के लिए राम नाम का जप भी किया गया डॉक्टरों की टीम उसके उपचार में जुटी रही लेकिन फिर भी गौ माता को बचाया नहीं जा सका गाय की मौत के समय आश्चर्य जनक दृश्य देखने को यह मिला की इस विमार गाय ने नेत्र बंद कर ध्यान समाधि की स्थिति में अपने प्राण त्यागे पशु चिकित्सक एस,बी,झा ने बताया की यह अत्यंत आश्चर्य जनक मामला है आज तक कहीं भी ऐसा देखने को नहीं मिला मेने पहली बार देखा है की किसी गाय ने नेत्र बंद कर अपने प्राण त्यागे हो हर पशु की मौत होने के वाद आखे खुली रहती है दुसरी ओर कुछ लोगों का मानना है की हनुमान जी महाराज ने कष्ट से तड़प रही जिंदगी मौत से संघर्ष कर रही गौ माता के कष्ट को दुर कर मुक्ति प्राप्ति में साहायता की है क्योंकि गाय की मौत लहार न्यायालय में स्थित सिद्ध पीठ मनसापुर्ण हनुमान जी मंदिर परिसर में हुई है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 11 में गुरुद्वारा मोहल्ला में लगाया केंप

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत वार्ड नंबर 11 में एक केप लगाया गया।जिसमें भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष शर्मा जी उपस्तिथ रहे जिनके द्वारा वार्ड के लोगों से संवाद किया गया हितग्राहियो को शत प्रतिशत लाभ दिलाये जाने हेतु योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गयी ! शिविर मे अधिकारी एवं कर्मचारीगण मुख्य रूप उपस्थित रहे !

मुरैना में ठंड के कारण सोमवार को स्कूल रहेंगे बंद 7 से 31 जनवरी तक सुबह 10 बजे के बाद लगेंगी क्लासेस

मुरैना। मुरैना में शीतलहर और कोहरे के कारण ठंड बढ़ गई है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने नर्सरी से 8वीं क्लास तक के स्कूलों का सोमवार (6 जनवरी) को अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं, 7 जनवरी से 31 जनवरी तक स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला प्रशासन ने को बच्चों की सुरक्षा और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में यह निर्णय रखकर लिया है। कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर सक्सेना ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार यह नियम स्कूल शिक्षा विभाग, आईसीएसई, सीबीएसई, सरकारी और निजी सभी स्कूलों पर लागू होगा। आदेश के मुताबिक स्कूलों

की परीक्षाएं पहले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होंगी और उनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। शीत लहर और ठंड के बावजूद छात्रों और शिक्षकों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय पर ही स्कूल पहुंचने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने स्कूल प्रबंधनों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि बच्चे उपयुक्त गर्म कपड़े पहनकर आएं और स्कूलों में तापमान के अनुसार उचित व्यवस्था की जाए। क्लासेस में पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए।

जिला पंचायत सदस्य डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने किटी में पानी की टंकी का किया भूमी पुजन

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने अपने ग्रह ग्राम किटी में 66.00 लाख रुपए राशि की पानी की टंकी की पेयजल नल जल योजना का भूमि पूजन किया। डॉ अवधेश सिंह ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने ग्राम में नल जल योजना का कई वर्षों से प्रतीक्षा की जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा प्रारम्भ की गई। हर घर नल जल योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को जीवन भर पीने के पानी के लिए कुआ

तक भरने नही जाना पड़ेगा। श्री विशम्बर शर्मा पण्डित जी ने विधि विधान से पूजन कराया इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच, गुडडू पटेल,जनपद पंचायत सदस्य, हनुमंत सिंह,चिराग पटेल ठेकेदार,ग्रामवासी चिमन पापा, गोटी बाबा,मेघ सिंह,लोकेन्द्र सिंह,करू सिंह पलिया,कुम्हेर सिंह बूढ़े,करू साहू,जयवीर सिंह,श्याम सिंह,तेज सिंह,बिशन सिंह,के पी सिंह मौजूद थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में आनंद उत्सव की बैठक संपन्न

आनंद उत्सव का आयोजन 14 से 28 जनवरी तक जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर निगम मुरैना में होगा

मुरैना। आनंद विभाग (राज्य आनंद संस्थान द्वारा) मध्यप्रदेश के 10 हजार से अधिक स्थानों पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन के सहयोग से 14 से 28 जनवरी के बीच आंनद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने समस्त आनंद विभाग से जुड़े पदाधिकारी, जनपद सीईओ एवं अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संभागीय समन्वयक एवं मास्टर ट्रेनर्स श्री सुधीर आचार्य, जिला संपर्क समन्वयक श्री बालकृष्ण शर्मा, समस्त जनपद सीईओ सहित आनंद विभाग से जुड़े अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि समस्त जनपद सीईओ एवं सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि आनंद विभाग की हर गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करें एवं स्थानीय स्तर के खेल-कूद आयोजित किये जायें। इस प्रकार की खण्ड स्तर पर समितियों का गठन कर लिया जाये। आनंद उत्सव स्थलों का क्लस्टर स्तर (तीन पंचायतों को मिलाकर) का चयन एवं आनंद संस्थान की बेवसाइट पर 10 जनवरी 2025 से पूर्व पंजीयन आवश्यक रूप से कराना। आनंद स्थल पर कार्यक्रम आयोजन के लिये एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा कार्यक्रम प्रभारी एवं कार्यक्रम की फीडिंग हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति एवं दिशा-निर्देश जारी करना। नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव स्थल, जनपद पंचायत आनंद उत्सव स्थल एवं पंचायत आनंद स्थल पर कार्यक्रम आयोजन समिति का गठन, आनंद उत्सव 2025 का प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों, इलेक्ट्रोनिक प्रिंट मीडिया, समाचार चैनलों एवं आनंद विभाग द्वारा फ्लैक्स एवं बैनर द्वारा

अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करना एवं जिला पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, एसडीएम कार्यालय पर फ्लैक्स बैनर डिसप्ले करायें। जिले में चयनित आनंद ग्राम पंचायत गोठ में एसडीएम अम्बाह की उपस्थिति में विशेष आनंद उत्सव कार्यक्रम आयोजत करें। फोटो एवं वीडियो प्रतियोगिता की प्रविष्टि हेतु प्रोत्साहन, जिले के समस्त विकासखण्डों में दर्ज आनंदक आनंदम् सहयोगी, मास्टर ट्रेनरों की कार्यक्रम हेतु मॉनिटरिंग, समन्वयक की अनुविभागीय अधिकारी द्वारा नियुक्ति एवं दिशा-निर्देश जारी करना। कार्यक्रम उपरांत नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव स्थल, जनपद पंचायत आनंद उत्सव स्थल एवं पंचायत आनंद स्थल पर कार्यक्रम आयोजन नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम की समाप्ति बाद उसी दिनांक को कार्यक्रम की जानकारी को आनंद विभाग की साइड पर अपलोड़ करना एवं ई-मेल anandsansthan-morena@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें।

विकासखण्ड स्तर में अन्य विभागों को आनंद उत्सव में सहयोग हेतु दिशा निर्देश जारी करें और जिला स्तर कार्यक्रम का आयोजन 31 जनवरी 2025 को नगर निगम मुरैना में आयोजित होगा।

आबकारी विभाग विभाग द्वारा विगत सप्ताह 15 प्रकरण दर्ज किये गये

मुरैना। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में माह जनवरी के विगत सप्ताह (30 दिसम्बर, 2024 से 05 जनवरी, 2025) की अवधि में अवैध मदिरा आधिपत्य एवं परिवहन के मुरैना जिले में कुल 15 प्रकरण दर्ज किये गये हैं। जिला आबकारी अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया है कि मुरैना वृत्त में बलराम यादव पुत्र नारायण निवासी देवी हाल मुकाम मुगावली चौराहा एवं दिलीप राठौड़ पुत्र रामविलास निवासी मुंगावली, अम्बाह वृत्त में संतोष सिंह तोमर पुत्र रामलाल उम्र 28 वर्ष निवासी थरा, सबलगढ़ वृत्त में महेन्द्र कुशवाह पुत्र फेरन कुशवाह उम्र 35 वर्ष निवासी रीझौनी, कैलारस तथा नवल सिंह कुशवाह पुत्र रघुनन्दन उम्र 42 वर्ष निवासी देवपुर माफी, सबलगढ़ एवं जौरा वृत्त में अतर सिंह कुशवाह पुत्र भोंदू कुशवाह, उम्र 48 वर्ष निवासी गैपरी फाटक, जौरा के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

गल्ला मंडी परिसर में बजरंग दल अम्बाह के गौ सेवको द्वारा भीषण सर्दी में बचाव के लिए

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान पंकज जैन

अम्बाह। नगरपालिका द्वारा शहर की गायों के लिए कोई व्यवस्था ना करने पर आज बजरंग दल अम्बाह के गौ सेवकों द्वारा गायों को इस भीषण सर्दी से बचाव के लिए गल्ला मंडी में अस्थाई गौ शाला का निर्माण बाँस और तिरपाल लगाकर स्वयं के परिश्रम से किया गया है। इस गौ शाला में शाम होते ही अलाव जलाई जाएगी। एवं खाने के लिए भूसा भी डाला जायेगा। पीने के लिए गुनगुना पानी की व्यवस्था भी की जायेगी जिससे इस सर्दी में गायें रात्रि में इस गौ शाला में शरण ले सकेंगी।

ईदगाह वक्फ प्रबंध कमेटी में सामने आया विवाद: नए अध्यक्ष ने दफ्तर पर जमाया कब्जा, पूर्व अध्यक्ष पर लगाए चार्ज नहीं सौंपने के आरोप

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह

टीकमगढ़ शहर के वक्फ ईदगाह कमेटी में विवाद का मामला सामने आया है। सोमवार को नवीन कमेटी के लोगों ने दफ्तर का ताला खुलवाकर कार्यालय पर कब्जा जमा लिया। उन्होंने पूर्व अध्यक्ष पर कार्यभार नहीं सौंपने के आरोप लगाए।

ईदगाह वक्फ प्रबंध कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष सरफराज : अहमद ने बताया कि नई कमेटी को पूर्व कमेटी की ओर से कार्यभार नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व कमेटी के अध्यक्ष शरीफ खान को नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद भी वे अपना पद छोड़ने को तैयार नहीं हैं। जिसके चलते आज ईदगाह पहुंचकर दफ्तर का ताला खुलवाया और पंचनामा की कार्रवाई के बाद ईदगाह में दाखिल हो गए। इस दौरान नई कमेटी के सदस्यों ने पंचनामा बनाकर दफ्तर में रखी अलमारी में नोटिस लगा दिया। उन्होंने कहा कि अब नई कमेटी ईदगाह की व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे। इस मामले में कमेटी के पूर्व अध्यक्ष शरीफ का कहना है कि नई कमेटी की ओर से उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। न ही वक्फ बोर्ड की ओर से उन्हें चार्ज सौंपने का आदेश दिया गया है। जिस तरीके से ईदगाह में दाखिल होकर नवीन कमेटी के अध्यक्ष ने ताला डाला है। वह गलत है। इस पर वह कानूनी कार्रवाई करेंगे।

ईदगाह वक्फ प्रबंध कमेटी के नए अध्यक्ष सरफराज अहमद ने आज कार्यभार संभाले जाने के संबंध में एसडीएम को पत्र सौंपा है। जिसमें लिखा है कि पूर्व अध्यक्ष शरीफ खां को ईदगाह प्रबंध कमेटी के संपूर्ण प्रभार देने के लिए पत्र लिखा गया था, लेकिन आज तक मुझे प्रभार नहीं सौंपा गया है।

जिससे ईदगाह के कार्य संचालन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में ईदगाह कार्यालय और ईदगाह से संबंधित प्रभार पंचों के समक्ष प्राप्त कर लिया है। ईदगाह कमेटी के कार्यों का संचालन भी आरंभ कर दिया है।

रीवा में किशोरी को किडनैप कर आरोपी ने किया दुष्कर्म, 2 युवकों ने दिया वारदात को अंजाम,दोनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला प्रकाश में आया है यह मामला रीवा जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत से है जहां एक युवक ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। इस वारदात में उसका एक साथी ने भी उसका सहयोग किया था। लापता पीड़ित के बरामद होने के बाद यह पूरा मामला उजागर हुआ।मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला रीवा जिले के सेमरिया थाना अंतर्गत से है। जहां एक किशोरी 1 जनवरी को लापता हो गई थी। पुलिस द्वारा अपहरण का केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की लोकेशन के माध्यम से पीड़िता का पता चला कि वह सतना की कोतर में मौजूद है। पुलिस ने युवती को वहां से बरामद किया है।

पुलिस ने पीड़िता का बयान न्यायालय में करवाया जहां उसने यह पूरी घटना को विस्तार से बताया। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है। पीडिता ने जानकारी दी है कि दोनों आरोपियों ने उसे बहला फुसलाकर अपने बाइक में बिठा कर ले गए और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।

थाना प्रभारी श्रगेश सिंह राजपूत ने इस मामले में जानकारी देते हुए बताया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है वहीं उनसे लगातार पूछता जारी है।

मऊगंज में दिव्यांग के घर पर चोरी और धमकी, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मऊगंज जिले में एक ऐसी घटना सामने आई है, जो मानवता को शर्मसार कर देती है। एक 50व्र दिव्यांग व्यक्ति, जो पहले से ही शारीरिक और आर्थिक समस्याओं से जूझ रहा है, और उसका परिवार लुट और धमकी का शिकार हुआ। इस घटना ने न केवल अपराधियों के बढ़ते हौसले को उजागर किया है, बल्कि प्रशासन की निष्क्रियता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह सोचने वाली बात है कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए कि वे दिनदहाड़े दिव्यांग व्यक्ति के घर में लुट कर सकते हैं और उन्हें धमकी भी दे सकते हैं। क्या यह प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है? या फिर यह इस बात का सबूत है कि कमजोर और असहाय लोगों को न्याय दिलाने में हमारा सिस्टम पूरी तरह फेल हो चुका है? दिव्यांग व्यक्ति की कमजोरी का फायदा उठाकर आरोपी ने खुलेआम उनका 6 लाख सामान लूटा और धमकियां दीं। ऐसा लगता है कि अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है। यह घटना केवल एक व्यक्ति या परिवार की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की नाकामी को दर्शाती है!पीड़ित परिवार ने बार-बार पुलिस और प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर पुलिस किसका इंतजार कर रही है? क्या प्रशासन केवल बड़े मामलों में सक्रिय होता है, और छोटे मामलों में अपनी आंखें मूंद लेता है? मऊगंज का प्रशासन, जिसे संवेदनशील होने का दावा किया जाता है, इस घटना पर चुप क्यों है? क्या दिव्यांग और कमजोर वर्गों की समस्याओं को हल करना उनके एजेंडे में नहीं है?

सख्त कार्रवाई की मांग

पीड़ित परिवार और स्थानीय लोग अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

1. चोरी किए गए सामान की तुरंत बरामदगी।
2. आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा।
3. दिव्यांग परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

यह घटना समाज के उस संवेदनहीन चेहरे को भी दिखाती है, जो कमजोर और असहाय लोगों की समस्याओं पर चुप रहता है। अगर अब भी हम आवाज नहीं उठाएंगे, तो ऐसे अपराध और बढ़ेंगे। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि जब तक अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे कमजोर लोगों का शोषण करते रहेंगे। प्रशासन को चाहिए कि जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए, ताकि समाज में कमजोर वर्गों का भरोसा कायम रह सके।

डॉ.आर.सी.जैन को पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म इंद्र का सौभाग्य प्राप्त हुआ

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। पिपलेश्वर सेवा समिति के डॉ. आर.सी. जैन प्रधान कृषि वैज्ञानिक अखिल भारतीय कृषि (सोयाबीन)अनुसंधान को पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म इंद्र का सौभाग्य प्राप्त हुआ और परमपूज्य चर्या शिरोमणि श्री आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महा योगिराज के परम आज्ञानुवृति शिष्य श्री श्रुत संवेगी महा मुनिराज पावन महा श्रवण संघ विराजित 108 श्री सहजानंदी श्री 108 श्री सहज सागर जी मुनि महाराज सा, ,श्री 108 श्री अपरिमिट सागर महामुनिराज सा एवं क्षुल्लक श्री 105 श्री श्रेयस सागर जी महाराज सा मुनि संघ ब्रह्मचारी दीदी और बड़ी संख्या में उपस्थित श्रावक श्रेष्ठियों ने उन्हें और उनकी धर्मपत्नी डॉ. सुनिता जैन रिटायारड प्राचार्य को शुभ कामनाएं और बधाईयां दीं। पावन मुनिराज संघ के इस पुनीत आशीर्वाद पाकर उनका परिवार कृत कृत्य हुआ,अपने पिता सेठ श्री धन्ना लाल जैन माता श्रीमती पार्वती बाई जैन के कुल को गौरांवित किया, हम समस्त सकल दिगंबर जैन समाज सीहोर एवं श्री आदिनाथ दिगंबर समिति इंग्लिश पुरा सीहोरपरिवार सीहोर, सिद्धेश्वर समिति सीहोर , अन्य सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया।

शिव महापुराण कथा में पहुंचे विधायक सुदेश राय ने दी 30 लाख की सौगात

शिव की कृपा पाने के लिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए-कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण महाराज

नितिन जौहरी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सीहोर। शिव की कृपा पाने के लिए सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और प्रकृति को संवारना चाहिए। जब भी मनुष्य ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की, तब शिव का रौद्र रूप देखा गया है। प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करना, महादेव की आराधना से कम नहीं है। उक्त विचार ग्राम पाटन में चल रही शिव महापुराण की कथा में कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण महाराज ने कहे।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा द्वारा बताया गया ग्राम पाटन में चल रही शिव महापुराण की कथा में में पहुंचे सीहोर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदेश राय ने व्यास पीठ का पूजन एवं कथा वाचक पंडित सुरेश कृष्ण का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान कर भगवान शिव से प्रार्थना करते हुए कहा कि सदैव हर प्राणी में सद्भावना सरलता सहजता बनाए रखना और हमारे ऊपर भी आशीर्वाद बनाए रखना इसी दौरान विधायक श्री राय द्वारा 25 लाख की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन की एवं 5 लाख की राशि से बनने वाले चादर शेड की स्वीकृति भी प्रदान की आने वाले समय में भी भगवान भोलेनाथ की कृपा से अनेकों अनेकों विकास कार्य ग्राम पाटन में करने का कहा गया। कथा में सरपंच प्रतिनिधि राकेश पटेल, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष एलम सिंह दांगी, जनपद सदस्य हेम सिंह मीणा, धर्मेंद्र बैरागी, रमेश मीणा, सरपंच पर्वत सिंह, सरपंच कमल सिंह, सरपंच दीवान सिंह, अभिषेक तिवारी, रवि दांगी, कपिल सेन, इमरान पटेल, सरपंच कृपाल मीणा, बदामी पाल, मोनू यादव, गोविंद मीणा, जितेंद्र मीणा आदि उपस्थित रहे

NATIONAL HOSPITAL
नेशनल हॉस्पिटल, रीवा
3 वर्षों से लगातार
आयुष्मान में
निःशुल्क
• कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी
• पथरी का दूरबीन के द्वारा ऑपरेशन
• प्रोस्टेट, हार्निया, हाइड्रोसील
☎ +91 7566831551, 18008890620, 8608600604
पताः नेशनल हॉस्पिटल, समान तिराहा, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)

शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

आज सिलवानी नगर में शिक्षा की देवी सावित्रीबाई की जयंती वड़े धूम धाम से मनाई

दैनिक केसरिया श्रीराम सेन

जब पूरी दुनिया तरक्की के परवाज को छू रही थी उससे मैं हमारे देश की महिला शिक्षा पर सामाजिक पुव्वंती थी बल्कि दूसरी लड़कियों को पढ़ने की बंदोबस्त किया सारी विषमताओं के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी आज पूरा देश उनको एक महानायिका के रूप में देखता है मगर यही समाज पहले उन पर पत्थर मारता था जब भी स्कूल जाती थी उनके विद्यालय जाने का विरोध करता था सावित्रीबाई फुले भारतीय राजनीति इतिहास में एक ऐसी महिला के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं क्या आज नारी शिक्षा उनका सपना पूरा हो पाएगा।

आज सिलवानी नगर में अंबेडकर भवन में शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले की जयंती का कार्यक्रम मंगल भवन में रखा गया।

सर्वप्रथम ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर महिलाओं ने फूलमाला और तिलक लगाया इसके बाद पुरुषों ने भी तस्वीर पर फूल चढ़ाएं और सम्मान किया । जिसकी अध्यक्षता मोहन मांडरे जिला उपाध्यक्ष रायसेन ,मुख्य अतिथि एस बघेल, के के अहिरवार, हेमराज चौधरी, आशीष सैनी, श्रीराम सेन, दिनेश कुशवाहा, इमरान खान, रमन सामने, धनराज सूर्यवंशी, रमेश अहिरवार, जगदीश जीजोतिया, घनश्याम अहिरवार ,गोपाल अहिरवार, प्रदीप मांडरे, रघुवीर अहिरवार, मनोज ठेकेदार ,जगदीश ठेकेदार, धर्मेंद्र अहिरवार ,बसंती लाल अहिरवार, श्रीमती भागवती वाई अहिरवार, ललिता अहिरवार ,कुमारी राखी आदि ? बर्ताव नेअपने वक्तव्य रखें और संचालन नारायण सिंह अहिरवार ने किया।जब पूरी दुनिया तरक्की के परवाज को छू रही थी उससे मैं हमारे देश की महिला शिक्षा पर सामाजिक पुव्वंती थी बल्कि दूसरी लड़कियों को पढ़ने की बंदोबस्त किया सारी विषमताओं के बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी आज पूरा देश उनको एक महानायिका के रूप में देखता है मगर यही समाज पहले उन पर पत्थर मारता था जब भी स्कूल जाती थी उनके विद्यालय जाने का विरोध करता था सावित्रीबाई फुले भारतीय राजनीति इतिहास में एक ऐसी महिला के रूप में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं क्या आज नारी शिक्षा उनका सपना पूरा हो पाएगा। आज सिलवानी नगर में अंबेडकर भवन में शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले की जयंती का कार्यक्रम मंगल भवन में रखा गया।

सर्वप्रथम ज्योतिबा फुले की तस्वीर पर महिलाओं ने फूलमाला और तिलक लगाया इसके बाद पुरुषों ने भी तस्वीर पर फूल चढ़ाएं और सम्मान किया । जिसकी अध्यक्षता मोहन मांडरे जिला उपाध्यक्ष रायसेन ,मुख्य अतिथि एस बघेल, के के अहिरवार, हेमराज चौधरी, आशीष सैनी, श्रीराम सेन, दिनेश कुशवाहा, इमरान खान, रमन सामने, धनराज सूर्यवंशी, रमेश अहिरवार, जगदीश जीजोतिया, घनश्याम अहिरवार ,गोपाल अहिरवार, प्रदीप मांडरे, रघुवीर अहिरवार, मनोज ठेकेदार ,जगदीश ठेकेदार, धर्मेंद्र अहिरवार ,बसंती लाल अहिरवार, श्रीमती भागवती वाई अहिरवार, ललिता अहिरवार ,कुमारी राखी आदि बर्ताव नेअपने वक्तव्य रखें और संचालन नारायण सिंह अहिरवार ने किया।

श्री गुरु गोविंद सिंहजी के प्रकाश पर्व को लेकर श्रीगुरुद्वारा साहब से निकाली वाहन रैली

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

महिदपुर। श्रीगुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर श्री गुरु सिंह सभा महिदपुर के द्वारा श्री गुरुद्वारा साहब पर विगत दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से आयोजन जारी है। जिसमें माता गुजरी तथा श्रीगुरु गोविंद साहब के साहबजादों का बलिदानी दिवस 25 दिसंबर पर 26 दिसं. को वीर बाल दिवस मनाया गया। 27 दिसंबर से श्री गुरुघर गुरुद्वारा साहब पर लड़ीवार अखण्ड़ पाठ साहिब जी की सेवा चल रही है इसी के साथ 29 दिसंबर से सुबह श्रीगुरुघर से प्रभात फैरिया भी निकाली जा रही है नगर के मुख्य मार्गो से होकर जिनका श्री गुरुघर पर समापन हो रहा है जिसमें प्रतिदिन सेवादारों के द्वारा चाय नश्ता दूध जलेबी आदि की सेवा दी जा रही है। 04 जनवारी से श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर अखण्ड़ पाठ सहिब की आरंभता हुई 06 जनवरी को सुबह 10 बजे इसकी इसकी समाप्ती हुई तथा गुरु महाराज का अटूट लंगर हुआ। दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लगातार चल रहे आयोजनों में सरवंश दानी पिता श्री गुरू गोविन्द सिंहजी महाराज के प्रकाश पर्व को लेकर 6 जनवरी को दोपहर 4.00 बजे से डीजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से वाहन रैली निकाली गई जिसमें सिख एवं पंजाबी समाज के साथ ही सर्व समाजजनों के द्वारा शामिल रहा गया वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से डीजे पर बज रहे गुरुवाणी के साथ निकली जिसका नगर में समाजजनों द्वारा पुष्पवर्षाकर स्वागत किया गया। आज 2 बजे से नगर कीर्तन निकाला जावेगा।

कु. निहारिका परमार बनी राष्ट्रीय विजेता

बापुलाल डांगी/दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दलौदा नगर के गुजराती सेन समाज की होनहार बालिका कु. निहारिका पिता अनिल परमार व मध्यप्रदेश की टीम ने तमिलनाडु के सेलम में खेली गई मिनी गोल्फ की राष्ट्रीय स्पर्धा में सभी वर्गों ट्रॉफी एवं मेडल प्राप्त किया। कु. निहारिका परमार की इस उपलब्धि के पश्चात् दलौदा आगमन पर दलौदा गुजराती सेन समाज ने श्री राम जानकी हनुमान मंदिर पर कु. निहारिका का ढोल धमाकों के साथ पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया व मंदिर से घर तक जुलूस निकाला। नगर के गुजराती सेन समाज में निहारिका की इस उपलब्धि पर हर्ष व्याप्त है। निहारिका ने देश भर में मंदसौर जिले व समाज का नाम रोशन किया है। समाजजनों द्वारा इस अवसर पर निहारिका के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सेन समाजजन उपस्थित रहे।

7 वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में संस्कारधानी के खिलाड़ियों ने दिखाया अपना हुनर, 4 स्वर्ण,4 रजत, 6 कांस्य पदक पदक पर कब्जा जमाया

राजेंद्र खरे कटनी

जबलपुर। मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया एवं मध्यप्रदेश ताइक्कांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में पदक विजेता खिलाड़ी हुए सम्मानित । एकेडमी के संस्थापक एवं मध्यप्रदेश ताइक्कांडो यूनियन के महासचिव / टीम दल कोच राजकुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि 7 वीं राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन आर.एन. टैगौर स्कूल स्पोर्ट्स कैम्पस जोनपुर उत्तर प्रदेश में दिनांक 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2024 तक आयोजित की गई जिसमें संस्कारधानी जबलपुर के 16 खिलाड़ियों ने मध्यप्रदेश टीम दल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने-अपने आयु व वजन वर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर 4 स्वर्ण, 4 रजत, 6 कांस्य पदक अर्जित करने में सफल रहे ।मध्यप्रदेश टीम दल मेनेजर की भूमिका मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के खेल प्रशिक्षक जयराज चौधरी वही रेफरी की भूमिका शिवानी बेन ने निभाई । प्रतियोगिता आयोजक समिति द्वारा मध्यप्रदेश टीम दल कोच, मेनेजर व रेफरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश टीम एवं पदक विजेता खिलाड़ियों के नगर आगमन पर रॉक फोर्ड सोफ्टसोल कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक उत्कृष्ट गुप्ता ने खिलाड़ियों को मुखमिष्ठान कराकर पदक पहनाकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संरक्षिका सुश्री मधु यादव अर्जुन अवार्डी पूर्व कप्तान महिला हॉकी टीम,संरक्षक मिलन मुखर्जी अध्यक्ष प्रेम नगर बंगाली कालीबाड़ी समिति मदन महल, अध्यक्ष राजकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुड्डू नवी प्रतिनिधि उप नेता प्रतिपक्ष नगर निगम जबलपुर, मिलिंद भालेकर संपादक दैनिक सम्यक एक्सप्रेस समाचार पत्र, विजय पांडे ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।मध्यप्रदेश टीम दल में सम्मिलित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है - पदक विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है स्वर्ण पदक - खुशी यादव,कामाक्षा पटेल,काव्य कोरी, शौर्य राठौर रजत पदक - कृतिका खियानी,धैर्य झारिया,श्री दुबे,गौरव कश्यप,ओम द्विवेदी, कांस्य पदक - मानवी यादव,श्री दुबे,करमनप्रीत कौर मानवराज यादव, कार्तिक यादव तेजेन्द्र सिंह मसराम ।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने निकाली रैली : ऋण माफी व एमएसपी कानून लागू करने की मांग, किसान आंदोलन को दिया समर्थन

विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खरगोन निप्र राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने पीएम से किसानों की ऋण माफी व एमएसपी का कानून लागू करने की मांग की है। महासंघ ने किसान आंदोलन व किसान नेता जगदीपसिंह दल्लेवाल के आमरण अनशन का समर्थन किया। सोमवार दोपहर को अनाज मंडी स्थित किसान विश्राम गृह में संगठन पदाधिकारियों ने बैठक ली। उसके बाद दोपहर 3.30 बजे जिला महामंत्री सीताराम इंगला व जिलाध्यक्ष किशोर पाटीदार की अगवाई में रैली निकाली। किसान प्रतिनिधि नारेबाजी करते हुए एसडीम ऑफिस परिसर पहुंचे। यहां नायब तहसीलदार विजय उपाध्याय को मांग पत्र सौपा। रैली में इसमें सरकार से 22 उद्योगपतियों के 15 लाख 41 हज़ार करोड रुपए माफ किए वैसे ही किसानों का ऋण माफ करने व स्वामीनाथन की आयोग की रिपोर्ट लागू करने की मांग की।

ट्रांसफार्मर अनुदान व बची बहनों का नाम जोड़ने की मांग :-

किसान प्रतिनिधियों ने सीएम के नाम भी एक पत्र दिया है। इसमें ट्रांसफार्मर योजना शुरू करने की मांग की गई। इसके अलावा लाडली बहना योजना में छूटी हुई बहनों के नाम जोड़ने का भी आग्रह किया गया। रेड मैप में बच्चे किसानों का ब्याज माफ करने की मांग की।

वेदिका कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया गया घटिया निर्माण कार्य, कुछ ही दिनों में क्षतिग्रस्त हुई सड़क

सूरज सनाढ्य हिंदुस्तान केसरिया

मैहर/ अमरपाटन। मैहर जिले में लगातार भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद होते हुए नजर आ रहे हैं जिसको लेकर अब ठेकेदारों के द्वारा भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचारियों की जा रही है मैहर का ताजा मामला ककरा गांव का सामने आया है जहां पर ककरा गांव में वेदिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण का कार्य किया गया जिसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर सड़क का निर्माण किया गया जिसकी वजह से कुछ ही दिनों में सड़क क्षतिग्रस्त हो गई और सड़क के परखच्चे उड़ गए आखिर बड़ा सवाल है कि पीडब्ल्यूडी विभाग पर बैठे जिम्मेदारों के द्वारा किस तरह से निरीक्षण किया गया है और यदि निरीक्षण किया गया है तो सड़क को सही कैसे बताया गया बड़ा सवाल है , वेदिका कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा यह निर्माण कार्य कुछ दिनों पूर्व ही करवाया गया है जिसका नजारा आप देख सकते है। हिंदुस्तान केसरिया बार-बार यह खबर प्रकाशित करती है कि यहां मैहर जिले में भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद है इसके बाद भी शासन प्रशासन आंख बंद करके बैठा हुआ जिसके कारण शासन को करोड़ों का चूना लग रहा है

चाइनीज मांजे का भंडारण, उपयोग और बिक्री की तो होगी कार्रवाई, दुकानों की जांच की

पुलिस ने पतंग विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सनावद। मकर संक्रांति का पर्व नजदीक है। इसके चलते बाजार में रंगबिरंगी पतंगों की दुकानें सज गई है। बच्चों से लेकर बड़ों तक में पतंग उड़ाने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। वहीं इसकी चाइनीज डोर के को लेकर प्रतिबंध भी है। चाइनीज भांजे का भंडारण करने, बेचने व इसका उपयोग करने वालों पर कार्रवाई के लिए अधिकारियों के निर्देश पर लगातार दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। चाइनीज मांजे का उपयोग, विक्रय व भंडारण ना करने के सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं। नगर में टीआई इंद्रेश त्रिपाठी के निर्देश पर पुलिस टीम ने शहर के पतंग विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को हिदायत देकर चाइनीज मांजे की बिक्री न करने के निर्देश दिए। पुलिस ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों का ध्यान रखें ताकि वे चाइनीज डोर का उपयोग कर पतंग ना उड़ाएं। यदि कोई व्यक्ति चाइनीज डोर की खरीदी-बिक्री करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। यदि कोई दुकानदार या व्यक्ति चाइनीज मांजे का निर्माण या विक्रय करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह धागा सिर्फ इंसानों के लिए ही नहीं बल्कि पक्षियों के लिए भी बेहद खतरनाक है। इस धागे के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती है और कई जानें जा चुकी है। नायलॉन का यह धागा हाथ, पैर व गर्दन को भी गंभीर रूप से घायल कर सकता है। पुलिस चायना डोर पर पूरी तरह अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है। इसका कारण हर साल मकर संक्रांति पर होने वाली गंभीर दुर्घटनाएं है। इसके चलते ही पुलिस पतंग दुकानों पर सचिंग कर रही है।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घटिया जिला उज्जैन के मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम

केसरिया हिंदुस्तान दिनेश वर्मा

(cmcldp) के छात्रों को एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत इंदौर जिले के ग्राम डकाच्या स्थित इंदौर हाइड्रोपनिक फार्म हाउस की विजिट करवाई गई।इस अवसर पर छात्रों को कम पानी एवं मिट्टी के बिना किस प्रकार हाइड्रोपोनिक तकनीकी से छोटे से स्थान पर भी उन्नत कृषि कर अधिक आय अर्जित की जा सकती है इसकी जानकारी फॉर्म हाउस के संचालक श्री समीर जी मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा दी गई।साथ ही श्री समीर जी द्वारा बताया गया की देश के विभिन्न राज्यों तथा नेपाल जैसे देश मे भी हाइड्रोपोनिक तकनीकी के माध्यम से कृषि कर आय को अर्जित किया जा रहा है। छात्रों ने फॉर्म हाउस का भ्रमण कर हाइड्रोपनिक खेती की तकनीकी को देखा एवं किस प्रकार से यह खेती की जा सकती है इसकी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक श्री मोहन सिंह परिहार,परामर्शदाता श्री राजेंद्र जी सोनी, सुश्री रचना जी शर्मा,श्रीमती चेतना जी यादव,श्री अशोक जी मालवीय एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय बाविसा ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को समाज की वार्षिक साधारण सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

आशीष शर्मा दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

सनावद। नगर के अखिल भारतीय बाविसा ब्राह्मण समाज द्वारा रविवार को समाज की वार्षिक साधारण सभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन का स्थानीय धर्मशाला में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री ज्योति यवतीकर विशेष अतिथि के रूप में अखिलेश कानूनगो उप यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र कानूनगो महिला मंडल अध्यक्ष नम्रता शर्मा युवा वहिनी अध्यक्ष हिमांशु व्यास सहित अन्य अतिथियों की गरिममय की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ माता गायत्री एवं भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सरस्वती वंदना श्रीमती ललिता शर्मा ने प्रस्तुत की अतिथियों का स्वागत शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से अनिल पाठक,हिमांशु दुबे,वैद्य ब्रजमोहन दुबे,भगवंतराव दुबे,पंकज पुजारी द्वारा किया गया स्वस्तिवाचन मोहन पुराणिक,मनीष जोशी, सुधाकर त्रिवेदी, गोपाल व्यास एवं धर्मेंद्र डाले ने किया कार्यक्रम के शुभारंभ पर स्वागत भाषण समाज अध्यक्ष पंडित देवेंद्र पाठक ने समाज की वार्षिक कार्य योजना एवं वार्षिक आय व्यय पत्रक प्रस्तुत कर जानकारी से सदन को अवगत कराया उन्होंने शीघ्र ही दिवंगत समाजजनों की स्मृति मे ब्लड डोनेट डायरेक्टरी विमोचन एवं समाज के छात्रावास सहित विभिन्न सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषय वस्तुओं पर अपनी बात कही श्री पाठक ने कहा समाज के कार्य में पहले उपहास होता है काम का विरोध भी होता है फिर अंत में स्वीकृति के रूप में समाज उन कार्यों को देख कर प्रसन्न होता है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता सुश्री ज्योति यवतिकर ने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने हेतु नई पीढ़ी से भी आह्वान किया उन्होंने युवतियों से संस्कार एवं परंपराओं के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में उत्साह से भाग लेने का आह्वान किया कार्यक्रम का संचालन मोहन पुराणिक ने एवं अतिथियों का परिचय शशांक व्यास द्वारा किया गया 29 दिसंबर को समाज के वार्षिक उत्सव एवं अन्नकूट महोत्सव में वयोवृद्ध, सेवानिवृत्ति,विशिष्ट प्रतिभाशाली और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया था उसे दिन कुछ सामाजिक बंधु उपस्थित नहीं थे उनका भी सम्मान शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र प्रदान कर किया गया।वयोवृद्ध सुखदेव जी दुबे, हेमचंद्र पाठक ,दीपक व्यास ,वरिष्ठ महिलाओं को शाल श्रीफल माला और अभिनन्दन पत्र के साथ सम्मान किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया। समापन के पूर्व उपस्थित समाज जनों ने गणपति अथर्व शीर्ष श्री सूक्त का पाठ किया एवं हनुमान चालीसा का भी सामूहिक पाठ किया गया समाज के महामंत्री अरुण कानूनगो ने वार्षिक आय व्यय पत्रक का वाचन किया समाज के कोषाध्यक्ष अरुण जोशी ने वार्षिक उत्सव सम्मान समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव के आय व्यय पत्र का वाचन किया कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन समाज के महिला मंडल अध्यक्ष नम्रता शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पदाधिकारी सहित समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

दादा गुरु की नर्मदा परिक्रमा यात्रा का कल होगा नगर में मंगल प्रवेश

विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

मंडलेश्वर। 1500 दिनों से अखण्ड निराहार महाव्रत साधना अवधूत सिद्ध महायोगी श्री दादा गुरुजी की मां नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा कल दोपहर लगभग 12 बजे मंडलेश्वर नर्मदा तट स्थित मां नर्मदा आश्रय स्थल पहुंचेगी। उक्त जानकारी देते हुए नगर परिषद मंडलेश्वर के अध्यक्ष नर्मदा भक्त विश्वदीप मोयदे ने बताया कि दादा गुरु के साथ 8 राज्यों के लगभग 800 नर्मदा परिक्रमा वासी भी पहुंचेंगे।दादा गुरु मंडलेश्वर में मां नर्मदा जी का पूजन करेंगे उसके बाद परिक्रमा वासी भोजन प्रसादी ग्रहण करेंगे । दादा गुरु मंडलेश्वर में लगभग 2 घंटे विश्राम करने के बाद फिर परिक्रमा यात्रा शुरू करेंगे दादा गुरु ग्राम नांद्रा में रात्रि विश्राम करेंगे ।

युवा शक्ति की सहभागिता से होगा विकसित भारत का निर्माण: खेल मंत्री सारंग

केसरिया हिन्दुस्तान

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी युवा शक्ति को प्रोत्साहन देने के निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज का युवा न केवल राष्ट्र का वर्तमान है, बल्कि कल का नेतृत्वकर्ता भी है। विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे युवा अपनी ऊर्जा, संकल्प और सृजनशीलता को राष्ट्रहित में लगाएंगे। श्री सारंग ने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों के साथ अपने कर्त्तव्यों के प्रति भी सजग रहना होगा। देश के प्रति समर्पण की भावना और कर्तव्य का बोध ही वह आधार है, जो हमारे युवाओं को अद्वितीय बना सकता है।

मंत्री श्री सारंग सोमवार को भोपाल स्थित तात्या टोपे स्टेडियम में 28वें राज्य स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। यह उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इसमें प्रदेश के 10 संभागों से 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 350 युवा प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेता 11-12 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे। मंत्री श्री सारंग ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ दें, जिससे मानव जाति उन्हें सदैव याद रखे। युवा उम्र से नहीं जज्बे से होते है। युवा शक्ति ही देश में नये आयाम स्थापित करती है। समाज और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महती भूमिका है। श्री सारंग ने युवाओं को पर्यावरण, पानी और बिजली बचाने का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता अर्जित की जा सकती है। ईमानदारी और अनुशासन के साथ संयम की भी जरूरत है। अपने दायित्व निर्वहन करना ही जिम्मेदारी है। युवाओं में कर्तव्य बोध होना बहुत जरूरी है। सशक्त और संस्कारी युवा ही मध्यप्रदेश और देश की पहचान बने।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का समापन 8 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा, जो 12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।28वां राष्ट्रीय युवा उत्सव इस वर्ष 10 से 12 जनवरी 2025 को नई दिल्ली के भारतमंडपम में आयोजित किया जा रहा है। इसमें देशभर के 15 से 29 वर्ष के लगभग 7500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महोत्सव में स्वयं उपस्थित रहेंगे और युवाओं से संवाद करेंगे। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन %पंच प्राण% और %आजादी के अमृत महोत्सव% के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकें।

प्रदेश में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस महोत्सव के जरिए युवा प्रतिभाओं को सशक्त मंच उपलब्ध कराना और उन्हें देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रेरित करना मुख्य उद्देश्य है। इस आयोजन में समूह लोक गीत, समूह लोक गायन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन और कविता लेखन जैसी 7 विधाओं में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेता 8 जनवरी की रात्रि को भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां वे 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेंगे।

अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव ने कहा कि युवा उत्सव प्रतिभाओं को निखारने में सहायक सिद्ध होगा। युवाओं में युवा उत्सव की भावना केवल उत्सव तक ही सीमित न रहे बल्कि जीवन में ऊर्जा और उमंग के साथ हमेशा बनी रहे। खेल उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर समूहों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम में संचालक रवि कुमार गुप्ता और संयुक्त संचालक बी.एस. यादव सहित सभी संभाग से आये युवा, खिलाड़ी और खेल प्रेमी मौजूद रहे। मंत्री श्री सारंग ने सभी संभाग के समूहों के साथ ग्रुप फोटो भी निकलवाया।

छत्तीसगढ़ में हुई पत्रकार की निर्मम हत्या को लेकर पत्रकारों में आक्रोश, दिया ज्ञापन

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार की खबर दिखाने के कारण वहां के कुछ माफियाओं द्वारा एक पत्रकार की निर्मम हत्या कर दी गई जिसके विरोध में प्रेस क्लब के सदस्यों जोबट द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अर्थ जैन को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही दिवंगत पत्रकार साथी मुकेश चंद्राकर को शहीद का दर्जा भी दिया जाए। ज्ञापन देते समय प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश डुडवे, वरिष्ठ पत्रकार कमल पारिक, मनीष जोशी, सुनिल जोशी, हर्षित शर्मा, सुनिल खेड़े, जीतेन्द्र वर्मा, रमाशंकर पारिक, संजय टवली, चयन खत्री, नितीन अग्रवाल आदि पत्रकार उपस्थित थे। बता दें कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव शुक्रवार की शाम को ठेकेदार के बाड़े के सेप्टिक टैंक में मिला था। चर्चा है कि नक्सल इलाके में सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की खबर दिखाने के बाद उनकी हत्या की गई थी। हत्या के बाद शव को सेप्टिक टैंक में छिपाकर प्लास्टर कर दिया गया था। इस घटना के बाद छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश के पत्रकारों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

जिले में जैविक-प्राकृतिक हाट बाजार से उपभोक्ताओं में काफी उत्साह

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान दीपेंद्र पटेल हटा

दमोह। जिले में जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार लगाने में जैविक खेती करने वाले कृषकों को उचित दाम मिल रहे हैं, वहीं उपभोक्ताओं को जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार में उपलब्ध हो रहे हैं। जिससे कृषकों एवं उपभोक्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा हैं। इसे और अधिक विनियमित करने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस आशय का अर्धशासकीय पत्र कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के सचिव श्री एम सेलवेन्द्रम को लिखा है। उन्होंने कहा है जिले के जनप्रतिनिधियों, किसान संगठनों एवं जैविक/प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों की विशेष मांग एवं शासन की मंशानुसार जैविक/प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषकों एवं उपभोक्ताओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अनुपम पहल की गई। दमोह जिले में जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार स्थल जटाशंकर पार्किग दमोह में 08 दिसम्बर 2024 से निरन्तर प्रत्येक रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक हाट बाजार का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें लगभग 18-20 कृषक जैविक/प्राकृतिक खेती के उत्पाद विक्रय हेतु लाते हैं एवं हाट बाजार में लगभग 350-400 उपभोक्ता सामग्री क्रय कर रहे हैं तथा प्रत्येक हाट बाजार में लगभग 40-50 हजार रूपये की बिक्री कृषकों की हो रही हैं। दमोह जिले में जैविक/प्राकृतिक खेती उत्पाद हाट बाजार लगाने में कृषि विभाग के उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयीन जी.पी.बेन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दमोह आर. के. जैन एवं कृषि विस्तार अधिकारी पिंकु अहिरवार आदि अधिकारियों की महती भूमिका रही हैं।

खेत में पानी फैरने की बात को लेकर हुये विवाद में हत्या का 24 घण्टे में खुलासा

केसरिया हिन्दुस्तान से रघुनाथ सेन

थाना तिरला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पर्वतपुरा मृतक गंगाराम उर्फ नानका पिता फत्तु सिंह बघेल जाति भील उम्र 50 वर्ष को उसके परिजन पोपड़िया पिता फत्तुसिंह बघेल जाति भील निवासी पर्वतपुरा, सयताप पिता पोपड़िया बघेल जाति भील निवासी पर्वतपुरा द्वारा दिनांक 04.01.2025 की शाम करीबन 8.00 बजे खेत में पानी फैरने का पाईप निकालने की बात को लेकर माँ-बहन की नंगी नंगी गालिया देकर लकड़ी से मृतक के साथ मारपीट कर सिर व शरीर में गंभीर चोट पहुचाई , घायल गंगाराम की भोज अस्पताल धार में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, घटना पर से थाना तिरला पर अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 269,103(1),3(5) बी.एन.एस. पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । उक्त प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये श्रीमान उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री मनोज कुमार सिंह व्दारा श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री इंद्रजीत बाकलवार के निर्देशन मे श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक धार रविन्द्र वास्कले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तिरला मगन सिंह कटारा के नेतृत्व में आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया । मुखबीर की सुचना पर आज दिनांक 06.01.2025 को आरोपी पोपड़िया पिता फत्तु सिंह भील निवासी पर्वतपुरा थाना तिरला गिरफ्तार कर आरोपी से पुछताछ से आरोपी के निशादेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी को जप्त किया गया एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। व फरार आरोपी सयताप पिता पोपड़िया बघेल की तलाश जारी है । सराहनीय भूमिकाः- नगर पुलिस अधीक्षक श्री रविन्द्र वास्कले थाना प्रभारी तिरला श्री मगन सिंह कटारा ,उनि आर.एस. सिंगोड़, उनि भारत सिंह ठाकुर, प्रधान आर. महेन्द्र सिंह, आर. भारत सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

पुलिस थाना तिरला
जिला धार (म.प्र.)

प्रेस क्लब का हुआ गठन, राजेश डुडवे अध्यक्ष, सुनील खेड़े बने सचिव

हरीश सोनी केसरिया हिंदुस्तान

जोबट। प्रेस क्लब जोबट की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार देर शाम को स्थानीय विश्राम गृह पर किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश डुडवे को अध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ पत्रकार कमल पारिक, मनीष जोशी, मनीष वाणी, सुनिल जोशी को वहीं संरक्षक मंडल में शामिल किया गया।नरेंद्र जैन व हर्षित शर्मा को उपाध्यक्ष, सुनिल खेड़े को सचिव, सुमित सालवी व हरीश सोनी को सह सचिव, संजय सोमानी कोषाध्यक्ष, जितेंद्र वर्मा व चयन खत्री को संगठन मंत्री नियुक्त किया। वहीं संजय टवली, मुकेश राठोड़, रितेश अगाल, रमाशंकर पारिक व नितिन अग्रवाल को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेश डुडवे ने सभी को बधाई देते हुए कहां की संगठन मैं शक्ति है इसलिए सभी को एकजुट रहकर संगठन को और मजबूत बनाना है। इस दौरान अध्यक्ष राजेश डुडवे ने जोबट में पत्रकार भवन को लेकर भी चर्चा की वहीं आगामी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। इसके अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने भी अपने अपने विचार रखें।

देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत है बहुरंगी कलाएं : राज्यपाल श्री पटेल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश की सांस्कृतिक समृद्धि का महत्वपूर्ण स्त्रोत बहुरंगी कलाएं है। यह हमारे अंदर की कोमल भावनाओं को जगा कर हमें मनुष्यता का पाठ पढ़ाती है। कलाएं हमारी परम्पराओं, विरासतों, रीति-रिवाजों, संस्कारों, धर्म, समाज, भाषा आदि की विशिष्टताओं को सहेजती और संरक्षित रखती हैं।

राज्यपाल श्री पटेल क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान परिसर श्यामला हिल्स भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर देशभर के विजेता छात्र-छात्राओं को कला की विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किये और राष्ट्रीय कला उत्सव की विभिन्न विधाओं के निर्णायकों को भी सम्मानित किया। राज्यपाल श्री पटेल ने एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा आयोजित कला प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। राष्ट्रीय कला

उत्सव का आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से 3-6 जनवरी, 2025 तक किया गया। कला उत्सव में भारत के केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 सौ प्रतिभागी शामिल हुए। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रदेश की राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय कला उत्सव के आयोजन के लिए एन.सी.ई.आर.टी. को साधुवाद भी दिया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला उत्सव, देश की कला-संस्कृति की विरासत को शिक्षा के क्षेत्र में संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने का प्रभावी प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों की प्रतिभा, कौशल को निखार कर उनका समग्र विकास कर 21वीं सदी के वैश्विक नेताओं के रूप में तैयार करने का प्रकल्प है। यह देश के बच्चों की असीम क्षमता को महसूस करते हुए विकसित भारत 2047 की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से आगामी 12 जनवरी को आयोजित हो रहे विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील भी की।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भावी पीढ़ी, अपनी संस्कृति के जिस स्वरूप को देखती है उसी के अनुरूप अपने जीवन के नये मूल्यों का निर्माण करती है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा के द्वारा, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता से जोड़े और एक भारत-श्रेष्ठ भारत के गौरवशाली दृष्टिकोण से परिचित और प्रेरित कराएं।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कला के लिए जीवन में विशेष जगह रखें क्योंकि कला हमें जोड़ती है, प्रेरित करती है और एक समुदाय के रूप में मजबूत बनाती है।

नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्म उत्सव मना भक्ति भाव से

दिनेश पौराणिक केसरिया हिंदुस्तान

बड़ावदा। आज श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजन में अखिल विश्व सनातन धर्म एवं धर्म संघ अध्यक्ष श्री कृष्णाश्रय पौराणिक धुलेट धार ने बड़ावदा नगर में श्रीराम जानकी मन्दिर धर्मशाला प्रांगण अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज के द्वारा ज्ञान यज्ञ में पंचम दिवस पर श्री भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर पौराणिक कथा कार अनेकों उदाहरण ज्ञानवर्धक सारगर्भित जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा ज्यादा बोझ लेकर चलनें वाले अक्सर डुब ज़ाते हैं, चाहे वो सामान का हो या अभिमान का हो। शराब का नशा एक बार के लिए टूट भी जाए पर ये अभिमान का नशा नहीं टूटता। हर चीज का समाधान हमारे ही अंदर है बस उसे जानने की जरूरत है। हमारे शब्द कितने भी महत्वपूर्ण क्यों न हो, सुनने वाला अपनी क्षमता के अनुसार ही समझेगा इसलिए अच्छे जरूर बनें लेकिन साबित करने के लिए समय नहीं गंवाना चाहिए। जीवन का उद्देश्य खुद को बदलना है, दूसरों को नहीं। जीवन लिखित नियमों से नहीं अलिखित विधानों से ज्यादा चलता है।आज अनेक असंख्य श्रोताओं मंत्रमुग्ध हो कर श्रद्धा भक्ति मय वातावरण होगया अतः सदेव श्री हरि हर मे श्रद्धा भक्ति से युक्त होकर चिन्तन स्मरण करते रहे यही हमारे कल्याण का पथ है।

क्षेत्रीय नदियों पर स्टाप डेम बनने से बढ़ेगा जल स्तर और फसलों को मिलेगा पानी

संवाददाता विपिन पटेल

तेंदूखेड़ा नर्मदा उत्तराखंड में बहने वाली पांडाझिर,बरांझ और सिंदूर नदियों पर स्टाप डेम बनने से इन नदियों में लंबे समय तक पानी भरा रहेगा बल्कि आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों का जमीनी जल स्तर बढ़ने के साथ फसलों को समय समय पर पर्याप्त पानी मिलता रहेगा।दो दर्जन से अधिक गांवों को इसका फायदा होगा,इस विषय को काफी लंबे समय से उठाया तो जा रहा है लेकिन औपचारिकता निभाते ही आगे गति नहीं ले पाता। नर्मदा उत्तराखंड के अंतर्गत सागर जिले की सीमा से लगे झिरा घाटी से लेकर बिजोरा पीपरवानी पान से लेकर उधर आदिवासी बाहुल्य ग्राम ढिलवार मौआखेडा तक पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। चूंकि पांडाझिर,बरांझ और सिंदूर नदियों का भी निकलना इन्हीं जंगली क्षेत्रों से हुआ करता है। बरसात के दिनों में तो पर्याप्त मात्रा में पानी रहता है लेकिन गर्मी आते आते अनेकों स्थानों पर नदी सूखने लगती है। चूंकि उक्त पांडाझिर नदी देवरी विजोरा मानकपुर तरफ से होती हुई गुटोरी बरकुंडा डोभी तरफ से आगे निकल जाती है।इसी तरह से बरांझ नदी भी रम्पुरा खमरिया बरांझ कठोतिया इमझिरा खेरुआ काचरकोना ईश्वरपुर से आगे गंग ई भामा होते हुए आगे की तरफ बढ़ जाती है। इसी तरह से सिंदूर नदी भी मदनपुर पीपरवानी से आगे बंधी टपरियों तरफ आगे निकल जाती है।इन नदियों के बाजू से अनेकों ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं लेकिन इसका उचित उपयोग ना हो पाने के कारण पानी रहते हुए प्यासे बनें हुए हैं।

इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां कृषि उपज को पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा वहीं नदियों के बाजू से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंपो ट्यूब बेलों में भी पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा।जमीनी जल स्तर भी बढ़ जायेगा। चूंकि पिछले कई वर्षो से इस विषय को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीरता उठाया भी गया लेकिन शासन प्रशासन स्तर पर केवल औपचारिकता ही निभाई जाती रही है।

***मवेशियों को मिलेगा पीने योग्य पानी :-**

जंगली क्षेत्रों से निकली इन नदियों पर स्टाप डेम बनने से जहां जंगली क्षेत्रों से लगे जानवरों को पानी की उपलब्धता होगी वहीं मवेशियों को भी पीने योग्य पानी मिलेगा। वर्तमान में पानी चारे भूसे की समस्या के चलते ही पशु पालक अपने अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं।जो मुसीबत का कारण बनते हैं। एवं असहाय मवेशी भी भूख और प्यास से तड़पते हुए देखे सुने जाते हैं।जबरन खेतों में घुसकर फसलों को नुक़सान पहुंचाया करतें हैं।

सिन्दूर नदी में मगरों का डेरा :-

मदनपुर के समीप बहने वाली सिंदूर नदी पर आगे टपरियों और इटुआ के बीच नदी में बड़ी संख्या में मगरों का डेरा बना हुआ है। पहले तो एक दो मगरें देखने को मिला करतीं थीं लेकिन अब तो यहां दो दर्जन से अधिक छोटी बड़ी मगरें मदनपुर तालाब तक धावा बोला करतीं हैं।चरवाहे, और मछली पकड़ने वाले भी इनकी गिरिफ्त में आ चुके हैं । अनेकों मवेशी, बकरियां भी इनका निवाला बन चुकीं हैं।

सरदारपुर हिस्पिटल मे गर्म कंबल वितरित किए गए

धार से संवाददाता मैना मारू

सरदारपुर। सरकारी सिविल हॉस्पिटल में ठंड के चलते मरीज को मेंनफाइड फार्मा द्वारा गुरुवार सरकारी हास्पिटल में मरीज को डॉक्टर एम एल जैन द्वारा कंबल मेंनफाइड विन्ड फार्मा द्वारा 100 कंबल मरीज को शीतलहर से बचने के लिए वितरण किए गए इसी बीच डॉक्टर जैन द्वारा बताया गया की अस्पताल में मरीजों को ठंड से बचने के लिए घर से इतनी व्यवस्था नहीं कर पाते हैं और कुछ मरीज ऐसे हैं जो घर से कमजोर है आज इस शीतलहर से बचने के लिए एक मानव सेवा का लाभ मिला

जिले में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनेगा भारतीय गरिमा का शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस

कलेक्टर एवं एसपी ने की तैयारियों की समीक्षा और अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर भारतीय गरिमा के शीर्ष उत्सव गणतंत्र दिवस की 75वी वर्षगाँठ सम्पूर्ण देश के साथ ग्वालियर जिले में भी परंपरागत ढ़ंग से उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाई जायेगी। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मुख्य समारोह कम्पू स्थित एस ए एफ ग्राउण्ड पर आयोजित होगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न अधिकारियों को तमाम व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस समारोह के सभी कार्यक्रम गरिमापूर्ण और आकर्षक हों। साथ ही नए कार्यक्रम भी शामिल किए जाएँ।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निर्देश दिए कि मुख्य समारोह में निकलने वाली सभी विभागों की झाँकियाँ जीवंत व आकर्षक हों। साथ ही सरकार की उच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं व कार्यक्रमों को झाँकियों की थीम बनाएँ। उन्होंने अगली टीएल मीटिंग में झाँकियों की थीम प्रस्तुत करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि 26 जनवरी को मुख्य समारोह में निकलने वाली सभी झाँकियां कार्यक्रम के बाद महाराज बाड़ा अथवा ऐसे स्थान पर दिन भर प्रदर्शन के लिये खड़ी करवाएं जहाँ पर अधिक से अधिक नागरिक इन झांकियों को देख सकें।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चयन सावधानी पूर्वक करें और इस बात का ध्यान रखें कि कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत व भारतीय संस्कृति पर केन्द्रित हो। उन्होने निर्देश दिये कि सभी तैयारियां गणतंत्र दिवस की गरिमा को ध्यान में रखकर पूर्ण की जायें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर निकलने वाली संयुक्त परेड में सुरक्षा बलों के जवानों के साथ स्काउट-गाइड, एन सी सी व शौर्या दल आदि भी कदम ताल मिला सकें इसके लिये इनको भी परेड का नियमित अभ्यास कराया जायेगा। संयुक्त परेड का अभ्यास 10 जनवरी से शुरू होगा। उन्होंने कहा गणतंत्र दिवस के सभी आयोजन गरिमामय व सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो सकें, इसके लिए समारोह स्थल पर पर्याप्त बैरीकेटिंग की जाए।

सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, श्री कुमार सत्यम व श्री टी एन सिंह व संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन सहित जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि संयुक्त परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा कारगिल शहीदो के परिजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जायेगा। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभागीय झांकिया समारोह का मुख्य आकर्षण होगी।

उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों का होगा सम्मान, 18 जनवरी तक नाम मांगे : कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर सम्मानित कराने के लिये ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम भी भेजे जाएं, जिन्होंने उत्कृष्ट कार्य किया है। सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख 18 जनवरी तक अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के नाम विस्तृत विवरण के साथ कलेक्ट्रेट में उपलब्ध करा दें।

अजाक्स ग्वालियर संभाग की नवीन कार्यकारणी का हुआ विस्तार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर म0 प्र0 अनुसूचित जाति/जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स) के संभागीय अध्यक्ष के0बी0 दोहरे जी के द्वारा संविधान में प्रदत्त अध्यक्ष के अधिकार एवं शक्तियों को प्रयोग करते हुये अजाक्स के हित में जे0एन0 कांसौटिया सहाब प्रान्ताध्यक्ष मध्यप्रदेश अजाक्स एवं इंजी0 एस0एल0 सूर्यवंशी सहाब के मार्गदर्शन अनुसार संभागीय कार्यकारणी का गठन किया गया। इस अवसर पर के0बी0 दोहरे एवं उनकी कार्यकारणी द्वारा गौतम पाटिल प्रान्तीय महासचिव, प्रभारी ग्वालियर, घनश्याम भकोरिया प्रान्तीय सचिव, सहप्रभारी ग्वालियर, होत्तम सिंह मौर्य प्रान्तीय सचिव एवं शैलेन्द्र प्रताप कदम प्रान्तीय संयुक्त सचिव का आभार व्यक्त किया एवं ग्वालियर संभाग के सभी जिलाध्यक्षों से सहयोगात्मक भावना रख कर संगठन हित में कार्य करने की अपील की गई। कार्यकारणी में तरूण राजोरिया को संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुमन भिलवार एवं मुकेश कुमार सिंघानिया संभागीय उपाध्यक्ष तथा महासचिव, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी एवं ऑडिटर इत्यादि नियुक्त किये गये

सरस्वती शिशु मंदिर नलखेड़ा जिला भोपाल में ग्राम उत्सव कार्यक्रम हुआ संपन्न

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया।। राजा भोज ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला भोपाल द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर नलखेड़ा में ग्राम उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के पूर्व घोड़ा बग्गी द्वारा ग्राम के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा में महाराणा प्रताप शिवाजी महाराज रानी लक्ष्मीबाई भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद विवेकानंद जी की झांकियां का प्रदर्शन किया गया शोभा यात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया तत्पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के पूर्व ग्राम भारती के समिति अध्यक्ष मस्तान सिंह मारन सचिव पदम सिंह ठाकुर व राजीव जी शर्मा बैरसिया जिला प्रमुख दुर्गा प्रसाद चक्रधारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम में जिला प्रमुख ने कार्यक्रम की भूमिका रखी मुख्य वक्ता दुर्गाप्रसाद चक्रधारी ने कहा कि विद्या भारती ग्रामीण क्षेत्र में नो आयामों को लेकर काम कर रही है इससे ग्राम का विकास होगा तब ही देश का विकास हो सकेगा कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी इससे पूरा सभागार आनंदमय हो गया था उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनि से बच्चों उत्साह वर्धन किया गया इस अवसर पर समस्त विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं संयोजक मंडल के समस्त पदाधिकारी तथा आसपास के क्षेत्र से अनेक गणमान्य नागरिक बंधु उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश कुशवाहा ने किया तथा कार्यक्रम का संयोजन आचार्य परिवार ने किया अतिथियों का स्वागत नलखेड़ा विद्यालय के प्रधानाचार्य ओर राहुल कुशवाह ,दीदी खुशी योगी हेमलता कुशवाह, रमन मीणा , सुहानी कुशवाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में 2000 ग्राम वासियों का भोजन कराया गया।शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

सर्दी को ध्यान में रखकर आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय में बदलाव

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ग्वालियर / शीत लहर की वजह से बढ़ी सर्दी को ध्यान में रखकर जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिले में अब 31 जनवरी तक आंगनबाड़ियों का संचालन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। अभी तक प्रातः 9 बजे से आंगनबाड़ियां लग रही थीं। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री डी एस जादौन ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को पूर्व निर्धारित समय के अनुसार प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आंनगाबाड़ी केन्द्रों में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

ओम साई हॉस्पिटल द्वारा ग्राम पंचायत चाटाहेड़ी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

केसरिया हिंदुस्तान भोपाल राजू मेहरा. 9425727854

बैरसिया। ग्राम पंचायत चाटाहेड़ी में ओम साई हॉस्पिटल की ओर से एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मोहनपुर, रमपुर और चाटाहेड़ी के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में डॉक्टर कीर्ति जैन (एमबीबीएस, एमएस) और उनकी टीम ने ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों का जनरल हेल्थ चेकअप किया। साथ ही, डॉक्टर कीर्ति जैन ने ग्रामीण महिलाओं को संक्रामक रोगों से बचाव के उपाय बताते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

इस शिविर में लगभग 210 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना था। यह शिविर हर महीने आयोजित किया जाएगा ताकि पिछड़े क्षेत्रों के लोग भी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

ग्राम पंचायत चाटाहेड़ी के सरपंच अनिल धाकड़ ने इस आयोजन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने स्वयं ग्रामीणों के घर-घर जाकर उन्हें शिविर में लाने का कार्य किया और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व समझाया। सरपंच अनिल धाकड़ की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की और कहा कि वे हमेशा ग्रामीणों की सेवा में तत्पर रहते हैं।

ओम साई हॉस्पिटल के संचालक डॉ. राकेश शर्मा ने बताया, 卐हम हर महीने इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेंगे। हमारा उद्देश्य बैरसिया विधानसभा के पिछड़े क्षेत्रों में जाकर निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। कई ग्रामीण छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज देसी पद्धतियों से करने की कोशिश करते हैं, जो सही तरीके से नहीं हो पाती। इसके चलते बीमारियां गंभीर रूप ले लेती हैं। हमारा प्रयास है कि प्राथमिक उपचार के जरिए ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएं और उन्हें स्वस्थ जीवन का अवसर मिले।ओम साई हॉस्पिटल की टीम ने शिविर के माध्यम से सेवा का जो संकल्प लिया है, वह ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रहा है। इस प्रकार की पहल से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

श्रीमती रामरती शर्मा के निधन से मंडीदीप में शोक

पतंजली योगाचार्य रमेश शर्मा माता जी

शैलेन्द्र चौहान दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बाड़ी, पतंजलि योगाचार्य एवं पतंजलि भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी रमेश शर्मा की माता जी श्रीमती रामरती शर्मा का निधन हो गया आपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई डॉक्टर गिरीश शर्मा रमेश शर्मा माता जी एवं विपुल शर्मा राजीव शर्मा रोहत शर्मा नमन शर्मा तुषार शर्मा अभी शर्मा की दादी जी थी चर्चा के दौरान रमेश शर्मा ने बताया की हमारी माता जी अठासी वर्ष की आयु में मृत्यु हुई है लेकिन इनकी मृत्यु अठारह वर्ष की आयु में भी मृत्यु हो चुकी है जो दश घंटे के बाद वापस आ गयी थी माता जी ने हमको बताया की मेरे मरने के बाद ऊपर खाना तो बहुत मिलता लेकिन पानी नहीं मिला इस के बाद माता जी ने फिर आपके गुरु के यहां जगनेर गांव में चार वर्ष तक डेढ़ किलोमीटर दूर कुआं से सर पर पानी लाकर गुरु शुक्ला जी के घर पानी भरा और उनके नाम से प्याऊ लगवायी यही माता जी के जीवन के रहस्य

पीएम श्री कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया

नौशाद अहमद कुरैशी दैनिक केसरिया हिंदुस्तान मो. 9977365001



पीएम श्री कन्या शासकीय उत्तर हाई स्कूल विद्यालय में सूर्य नमस्कार का पूर्व अभ्यास प्रभारी प्राचार्य हरीश शर्मा और योग शिक्षक दिनेश साहू द्वारा योगाभ्यास सूर्य नमस्कार शरीर के लिए क्यों आवश्यक है?सूर्य नमस्कार एक संपूर्ण श श्रीरीर की कसरत है। बल्कि मांसपेशियों में कसाव भी आता है। इस कसरत को करने के लिए न किसी उपकरण की जरूरत है न ही ज्यादा जगह की। इसे हर उम्र के व्यक्ति के लिए फायदेमंद माना गया है और सूर्य नमस्कार करने से स्मरण शक्ति बढ़ती है और नर्वस सिस्टम शांत होता है जिससे आपकी चिंता दूर होती है. . सूर्य नमस्कार के आसन से पूरे शरीर का वर्कआउट होता है. बालक, बालिकाएं रोज 30-40 मिनट योगा के अभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल कर ले तो कई परेशानियां स्वतः ही समाप्त होने लगती हैं। वे एक निश्चित दिनचर्या एवं दैनिक जीवन में निश्चित अनुशासन का अभ्यास करेंगे तो परेशानियां धीरे-धीरे स्वयं समाप्त होने लगेंगी। सुबह जल्दी उठना, रात्रि में जल्दी सोना उनकी दिनचर्या में अपने आप शमिल हो जाएगा।योग से तनाव कम होता है। योग के कुछ प्राणायाम जैसे भस्त्रिका अनुलोम-विलोम भ्रामरी ध्यान प्राणायाम, आसानी से हो जाते हैं और शरीर के आंतरिक अंगों को लाभ मिलता है और मेमोरी को बढ़ाता शरीर के अंदर 72 करोड़ 72 लाख 10201 नस नाड़ियों का शुद्धिकरण भी करता है जि ला योग प्रभारी दिनेश साहू

जिला पंचायत में बहुचर्चित वाटर शेड योजना सहित अन्य घोटाले को लेकर राज्य स्तरीय जांच दल का हुआ गठन

भूपेंद्र सिंह दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संज्ञान में पहुंचा मामला बहुत जल्द होगी बड़ी कार्यवाही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रहीं भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति तहत जिला पंचायत रीवा में हुए बहुचर्चित वाटरशेड योजना सहित अन्य घोटालों को लेकर राज्य स्तरीय जांच दल का हुआ गठन जिला पंचायत कार्यालय रीवा में पदस्थ संविदा कर्मी संजय सिंह के विरुद्ध वाटरशेड, सचिवों की नियुक्ति, तथा छ.रूस्न में किए गए भ्रष्टाचार को लेकर प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन पर राज्य स्तरीय 3 सदस्सिय जांच दल का हुआ गठन,,जांच दल जल्द रीवा पहुच कर मौके पर जाकर सभी उल्लिखित बिंदुओं की करेगा जांच ।समाजसेवी कमल सिंह बघेल द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन के आधार पर जांच कर प्रधान सचिव (प. ग्रा.वि)को सौपा जाएगा प्रतिवेदन।



मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

भोपाल, दिनांक 17/12/2

// आदेश //

1. श्री अरुण श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक, पंचायतीराज, भोपाल

अपर सचिव
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
मध्यप्रदेश शासन, भोपाल
भोपाल, दिनांक 17/12/2024

नगर पालिका के सामने में रोड पर मकान में चल रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान कचरा डला पाए जाने पर सम्बधित के विरूद्ध 5000 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई

राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

दमोह - आज प्रातः काल मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निरीक्षण दौरान नगर पालिका के सामने में रोड पर मकान में चल रहे रेनोवेशन कार्य के दौरान कचरा डला पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध 5000 रुपये की चालानी कार्यवाही की गई। इस सबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया इस तरह की कार्यवाहियाँ आगे भी जारी रहेगी।



प्रारूप-1[नियम20,24 (ख)]
बुक नं. 853
विविध रसीद
रसीद नं. 09
नगरपालिका परिषद, दमोह
श्री [illegible] से
[illegible] रोड पर कचरा [illegible] के सम्बन्ध में प्राप्त हुए।
रुपया 5000/- (शब्दों में) पांच हजार रुपया
दिनांक 03/1/2025 06/1/2025
मुहर्रिर के हस्ताक्षर

एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत 20 कृषकों को रवाना किया गया जलगॉव मेला भ्रमण के लिये

दमोह

आज 06 जनवरी 2025 को एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत कृषक भ्रमण राज्य के बाहर कुल 20 कृषकों को जलगॉव वार्षिक कृषि महोत्सव एवं महात्मा फुले कृषि विश्वविद्यालय राहुरी के भ्रमण हेतु हरी झंडी दिखाकर दल को दमोह से रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, लोकेन्द्र पटैल, मनोज खरे, कमल सिंघई, उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह राजपूत, सहायक संचालक जे.एल. प्रजापति, दल प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही।

यह कृषकों का दल प्रभारी के साथ आईआईपीआर रीजनल स्टेशन ग्राम फंदा, भोपाल होते हुए जलगॉव प्रस्थान करेगा जिले के कृषक जलगॉव वार्षिक कृषि महोत्सव में सम्मिलित हो?कर तकनीकी मार्गदर्शन प्राप्त करेंगें। इसके उपरांत यात्रा के दूसरे चरण में महात्मा फुले कृषि विश्वविद्यालय, राहुरी पहुंचकर उन्नत तकनीकों को जानेगें। यात्रा के अंतिम चरण में आई.सी.ए.आर.डी.ए. रीजनल स्टेशन ग्राम अमलाहा, सीहोर का भ्रमण करते हुए मुख्यालय वापिस होगें।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर मंगलवार, 7 जनवरी 2025
खबरें बेबाक, बेखौफ, बेझिझक

समस्याएं लेकर सीएम हाउस पहुंचे प्रदेश भर के लोग

बोले- उम्मीद लेकर आए, सीएम नहीं मिले; आज से शुरु होना था जनता दरबार

भोपाल। आज से मुख्यमंत्री निवास में सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा जनता दरबार लगाए जाने की खबर सुनकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लोग मुख्यमंत्री निवास पहुंचे। हालांकि, यहां जनता दरबार की कोई तैयारी नहीं थी। अधिकारियों ने लोगों से शिकायती आवेदन लिए और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। लेकिन मुख्यमंत्री से न मिल पाने के कारण लोग निराश नजर आए। सीहोर जिले के चंदेरी गांव के किसान एमएस मेवाड़ा किसानों के साथ कार में छोटा सा हल लेकर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा, चैनल्स और अखबारों में यह खबर देखी थी कि आज सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक मुख्यमंत्री जी जनता की समस्याओं का समाधान करेंगे। ऐसे में हम किसानों ने सोचा कि हमारे सीहोर जिले के चंदेरी, नयाखेड़ा रामपुर के किसानों को जो सड़क न होने से समस्या हो रही है तो सीएम को हल भेंट करेंगे और साफा बांधकर उनका स्वागत करेंगे ताकि हमारे गांव की रोड की समस्या हल हो जाए। हमारे गांव रायपुर नया खेड़ा में अनुसूचित जाति बस्ती में रोड नहीं है उसकी फाइल वल्लभ भवन में चल भी रही है। हमें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री जी मिलेंगे लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई।

मैहर जिले के लटा गांव की साधना गौतम मुख्यमंत्री निवास पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके भाई ने भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में एक बिल्डर से फ्लैट खरीदा था। बिल्डर ने उनके भाई की हत्या करवा दी। अब, भाई का फ्लैट खाली पड़ा होने के बावजूद, वहां बिल्डर उन्हें तरह-तरह से परेशान कर रहा है। साधना बताती हैं उनके फ्लैट पर शराब पीकर बहुत सारे लोग आते हैं। मेरे और मेरे पति के ऊपर आरोप लगाए जाते हैं कि मैं और मेरे पति गांजा बेचते हैं, हमें गांजा बेचने के आरोप में थाने में बंद करने की धमकियां दी जा रही है। थाने में शिकायत करने पर टीआई ने गाली-गलौज की और 181 पर की गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। साधना कहती हैं, तीन-चार गुंडे मुझे इतना परेशान कर रहे हैं कि मैं अपने बच्चों को लेकर दूसरों के घर में पड़ी हुई हूं। मेरे रहने के लिए घर तक नहीं है। मैं आज मुख्यमंत्री जी से मिलने के लिए आई थी। लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई।

बुरहानपुर से आई सरिता पटेल ने बताया कि गौरव और निरंजन नागर से उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारे घर की बिजली और पानी का कनेक्शन काट दिया गया है। बाथरूम के बाहर कैमरे लगा दिए गए हैं, जहां हमारी बच्चियां नहाती हैं। मैं यहां 10 बार भोपाल मुख्यमंत्री जी के ऑफिस आ चुकी हूं लेकिन यहां पर आवेदन ले लेते हैं कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस थाने से लेकर वहां के सारे अधिकारी मिले हुए हैं मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। सरिता बताती है, अधिकारी कहते हैं कि आपका मामला कोर्ट में चल रहा है अगर कोर्ट में चल भी रहा है तो बिजली काट देना और पानी की सप्लाई ना देना यह कहां का न्याय है? आज सोचा था मुख्यमंत्री जी को अपनी बात बताउंगी लेकिन, मुलाकात नहीं हो पाई। नर्मदापुरम जिले के बीकोर गांव की गीता कीर ने बताया कि उनका भाई पिछले एक साल से झूठे हत्या के मामले में जेल में बंद है। ÷हमने पुलिस को सारे सबूत और वीडियो फुटेज दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

खराब मौसम के चलते इंदौर डायवर्ट हुई लखनऊ की उड़ान

इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट पर आज सुबह एक विमान की इमरजेंसी लैंडिग कराई गई। दरअसल, सुबह लखनऊ में खराब मौसम के चलते हैदराबाद से लखनऊ पहुंचा विमान उतर नहीं पाया और उसे डायवर्ट कर इंदौर लाया गया। मौसम साफ होने के बाद विमान इंदौर से रवाना होगा। इंदौर एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट ढ्ढङ्ग 2815 सुबह 5.55 बजे हैदराबाद से रवाना होकर 8.10 बजे लखनऊ पहुंचती है। आज भी यह विमान सुबह 6.41 बजे हैदराबाद से रवाना हुआ। लेकिन जब यह लखनऊ पहुंचा तो यहां घने कोहरे के कारण विमान को उतरने की अनुमति नहीं मिल पाई। कुछ देर हवा में चक्कर लगाने के बाद विमान को डायवर्ट कर इंदौर लाने का फैसला लिया गया।

एमपी के युवा पीएम मोदी के सामने परफॉर्म करेंगे

28वां राज्य स्तरीय युवा उत्सव भोपाल में; 8 जनवरी को विजेता टीम दिल्ली जाएगी

युवा उत्सव
6 से 8 जनवरी 2025 | भोपाल
खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

भोपाल। मध्यप्रदेश के युवा 12 जनवरी को नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा उत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस उत्सव में प्रदेश की चुनी हुई टीम हिस्सा लेगी। सोमवार से शुरू हुआ 28वां राज्य स्तरीय युवा उत्सव 8 जनवरी तक चलेगा। इसमें 350 युवा शामिल हैं, जिनमें से विजेता टीम दिल्ली जाएगी। युवा उत्सव की शुरुआत खेल मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में की। इसका समापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। 7 विधा की प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इन विधा में समूह लोक गीत, समूह लोक गायन, पेंटिंग, भाषण, विज्ञान मेला, कहानी लेखन और कविता लेखन शामिल हैं। प्रदेश के 10 संभाग से 350 प्रतिभागी 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। राज्य स्तरीय युवा उत्सव के विजेता 10-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा उत्सव में हिस्सा लेंगे। भोपाल में युवा उत्सव का शुभारंभ करते हुए मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी युवा शक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। आज का युवा न केवल राष्ट्र का वर्तमान है, बल्कि कल का नेतृत्व कर्ता भी है। उन्होंने कहा, विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार होगा, जब हमारे युवा अपनी ऊर्जा, संकल्प और सृजनशीलता को राष्ट्रहित में लगाएंगे। मंत्री सारंग ने युवाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें। देश के प्रति समर्पण और कर्तव्य का बोध ही युवाओं को अद्वितीय बना सकता है। 28वां राष्टीय युवा उत्सव 10 से 12 जनवरी के बीच नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। इस कार्यक्रम में देशभर के 15 से 29 वर्ष के लगभग 7500 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री इस महोत्सव में उपस्थित रहेंगे और देश के युवाओं से संवाद करेंगे। इस वर्ष राष्टीय युवा उत्सव पंच प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहा है। इसका उद्देश्य देश के युवा प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। प्रदेश में जिला, संभाग और राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवा प्रतिभा को सशक्त मंच देना और उन्हें देश की प्रगति में योगदान के लिए प्रेरित करना है।

भोपाल उत्सव मेले का समापन

भोपाल। राजधानी के लिए विगत 52 दिनों से खुशी और उत्साह का कारण बने भोपाल उत्सव मेले का समापन 5 जनवरी (रविवार) को राज्यपाल मंगु भाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समापन समारोह में राज्यपाल और मेले के पदाधिकारियों ने विश्व शांति की कामना के साथ बैलून उड़ाए। इस मौके पर राज्यपाल ने भोपाल उत्सव मेला समिति के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इस तरह के सेवा कार्यों में शामिल होना चाहिए। राज्यपाल ने विशेष रूप से समिति की आय को सेवा कार्यों, चिकित्सा, शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में लगाने की सराहना की। राज्यपाल ने स्वर्गीय रमेश अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा समाज सेवा को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर भास्कर ग्रुप के प्रमुख सुधीर अग्रवाल भी उपस्थित थे। समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वर्गीय रमेश अग्रवाल का स्मरण करते हुए कहा, हम उनकी भावनाओं के अनुरूप समाज सेवा के कार्यों को बढ़ावा देंगे और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के चेहरे पर भी मुस्कान लाने का प्रयास करेंगे।

मध्यप्रदेश में धोती-कुर्ता पहनकर खेल रहे क्रिकेट, संस्कृत में कमेंट्री

भोपाल में ग्राउंड पर यज्ञशाला जैसा नजारा; 19 टीमें खेलने आई टूर्नामेंट

भोपाल। भोपाल के शिवाजी नगर स्थित अंकुर खेल ग्राउंड पर सोमवार को क्रिकेट मैच का नजारा बिल्कुल अनोखा था। खिलाड़ियों ने क्रिकेट की जर्सी की जगह धोती-कुर्ता पहन रखा था और हिंदी या अंग्रेजी के बजाय संस्कृत में कमेंट्री हो रही थी। माहौल ऐसा था, मानो यह क्रिकेट का मैदान नहीं बल्कि कोई यज्ञशाला हो। हर खिलाड़ी धोती-कुर्ता के साथ मस्तक पर त्रिपुंड और तिलक लगाए हुए था। गले में रुद्राक्ष की माला पहने हर खिलाड़ी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पिच पर रन लेने के दौरान भी सिर्फ संस्कृत भाषा का उपयोग हो रहा था। भोपाल में सोमवार, 6 जनवरी से महर्षि मैत्री मैच श्रृंखला-5 की शुरुआत हुई। आचार्य वेणीप्रसाद वरिष्ठ ने बताया कि महर्षि मैत्री समिति ने यह आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण भी गेंद का खेल खेलते थे। सदियों से क्रिकेट जैसी खेल परंपरा चली आ रही है। यह सांस्कृतिक और पारंपरिक खेल है, जो विचार और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाता है। इसलिए पिछले 5 सालों से यह आयोजन हो रहा है। आयोजन समिति के अवनीश त्रिवेदी ने बताया कि इस बार पूरे मध्यप्रदेश से 19 टीमें आई हैं। धोती-कुर्ता में कर्मकांडी ब्राह्मण मैच खेल रहे हैं। पहला मैच आचार्य पाणीगृही चतुर्वेदी संस्कृत वैद पाठशाला और लक्ष्मीनारायण वैद्य विद्यालय के बच्चों के बीच हुआ, जिसमें आचार्य पाणीगृही चतुर्वेदी संस्कृत वैद पाठशाला की टीम विजेता रही। भोपाल में लगातार पांचवें वर्ष यह टूर्नामेंट किया जा रहा है। यह संभवतः प्रदेश का पहला ऐसा टूर्नामेंट है, जिसमें कमेंट्री संस्कृत भाषा में हो रही है। बता दें कि काशी में भी ऐसा ही एक टूर्नामेंट होता है, जिसमें संस्कृत भाषा में कमेंट्री की जाती है।

गांजा तस्करों के ठिकाने पर पहुंची पुलिस का विरोध

भोपाल में महिलाओं ने घर में घुसने से रोका, खाली हाथ लौटी टीम

भोपाल। भोपाल के तलैया इलाके में पुलिस टीम एक घर में सर्चिंग करने गई, जहां गांजा तस्करी की जानकारी मिल रही थी। लेकिन घर की महिलाओं ने पुलिस को अंदर जाने नहीं दिया, जिससे पुलिस को बिना कुछ किए लौटना पड़ा। टीआई सीबी राठौर ने बताया कि ये घर तस्करी के लिए चिह्नित था और यहां से गांजा तस्करी की सूचना मिल रही थी। टीआई के मुताबिक, इतवारा बस्ती में समुदाय विशेष के लोग रहते हैं, जो अक्सर अनैतिक गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं। इन पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। सोमवार को बस्ती के एक परिवार के खिलाफ गांजा तस्करी की सूचना मिलने पर थाने की टीम दबिश देने पहुंची। हालांकि, घर की महिलाओं ने पुलिस को अंदर नहीं जाने दिया, जिससे कुछ भी हाथ नहीं आया और टीम को वापस लौटना पड़ा। आरोपियों को बचाने के लिए मोहल्ले की महिलाओं का यह पुराना तरीका है। पुलिस टीम को देखते ही वे विरोध शुरू कर देती हैं, जिससे कार्रवाई में देरी होती है। इस दौरान मादक पदार्थों को छिपाया जाता है और घर के पुरुषों को भागने का मौका मिल जाता है। 1 नवंबर की रात, ई-रिक्शा चालक आमिर चाय पीने के लिए इतवारा के पास पहुंचा था। यहां उसका सोम और उसके साथियों से विवाद हुआ। कहासुनी के बाद हाथापाई शुरू हो गई, और सोम और उसके साथियों ने चाकुओं से हमला कर दिया। आरोपी सोम, तिलक और एक अन्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। घटना के चश्मदीद परवेज ने बताया कि हमले के दौरान वह अपनी जान बचाकर भाग गया था।

नागरिकों की सलाह से तय होगी शहर के विकास की रूपरेखा

इंदौर। इंदौर में वर्ष 2047 को दृष्टिगत रखते हुए जिला, शहर और विधानसभा स्तर पर भी विजन डॉक्यूमेंट तैयार होंगे। यह विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों के सुझाव लेने के लिए जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला आज से प्रारंभ हुआ। इस कड़ी का पहला जनसंवाद कार्यक्रम रविन्द्र नाट्य गृह में सम्पन्न हुआ। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ-साथ मध्य प्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इस विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त हुई नागरिकों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं को विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक अपना देश विकसित देशों की श्रेणी में अग्रणी रूप से शामिल हो। प्रधानमंत्री के इस सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इंदौर भी इस विकास यात्रा में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि इंदौर विकसित होगा तो प्रदेश विकसित होगा। प्रदेश विकसित होगा तो देश भी विकसित बनेगा। हम इंदौर को तेजी से विकसित इंदौर की ओर आगे लेकर जा रहे हैं। इस विकास यात्रा में सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग और सुझाव आमंत्रित है। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न प्रबुद्धजनों अपने-अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

कार्यक्रम का संचालन स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह ने किया। जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से फीडबैक संकलित कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। तैयार किए जा रहे विकसित मध्य प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के प्रारूप को जिलों के साथ साझा किया जाएगा। इस प्रारूप के आधार पर प्रत्येक जिला मध्यप्रदेश के समग्र विजन के साथ संरेखित अपना जिला स्तरीय विजन डाक्यूमेंट तैयार कर सकेगा। यह प्रक्रिया जिलों की विशेषताओं, प्राथमिकताओं और संभावनाओं को शामिल करते हुए समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित करेगी। इस जनसंवाद कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक राजेश राठौर सहित इंदौर नगर निगम के महापौर परिषद के सदस्य, पार्षद, शहर के प्रबुद्धजन, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

सीएम डॉ. मोहन यादव बोले- नई शिक्षा नीति में स्पोर्ट्स टीचर्स भी बन सकेंगे कुलगुरु

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को 30वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां जीवन में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करती हैं, जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के खेल पत्रकार संघ द्वारा आयोजित 30वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने ओल्ड केम्पियन ग्राउंड पर बल्लेबाजी करके टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में खेलों का एक समृद्ध और उत्कृष्ट इतिहास रहा है, और इसे आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। नई शिक्षा नीति के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि अब खेल के आधार पर डिग्री प्राप्त करने और खेल शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत स्पोर्ट्स टीचर्स को असिस्टेंट प्रोफेसर से लेकर कुलगुरु (वाइस चांसलर) तक बनने का अवसर मिलेगा।

भोपाल से महाकुंभ के साथ वाराणसी, गंगासागर और पुरी यात्रा जाएगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन

भोपाल। भोपाल से महाकुंभ के साथ वाराणसी, गंगासागर और पुरी यात्रा जाएगी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन। यह ट्रेन इंदौर, देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी स्टेशनों से होकर गुजरेगी मध्य प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन 6 फरवरी 2025 को इंदौर से ÷महाकुंभ के साथ वाराणसी, गंगासागर और पुरी यात्रा÷ के लिए प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन इंदौर, देवास, उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर और कटनी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जहां यात्री इस पर सवार हो सकते हैं। आठ रातों और नौ दिनों की इस यात्रा में वाराणसी, प्रयागराज (महाकुंभ), गंगासागर, कोलकाता और पुरी के प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

आईआरसीटीसी ने इस यात्रा के लिए तीन श्रेणियों में शुल्क निर्धारित किया है। स्लीपर इकॉनमी श्रेणी के लिए 24,500 प्रति व्यक्ति, 3एसी स्टैंडर्ड श्रेणी के लिए 34,400 प्रति व्यक्ति और 2एसी कम्फर्ट श्रेणी के लिए 42,600 प्रति व्यक्ति शुल्क रखा गया है। इस पैकेज में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, गुणवत्तापूर्ण बसों से दर्शनीय स्थलों का भ्रमण, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग सेवाएं शामिल हैं। वहीं महाकुंभ प्रयागराज के लिए आईआरसीटीसी की टेंट सिटी की अलग से बुकिंग भी उपलब्ध है, जिसे आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर या अधिकृत एजेंट के माध्यम से कराया जा सकता है।

एमपी में जल्द होंगे आईएएस के तबादले लंबे समय से एक ही जगह जमे अफसरों की भूमिका बदलेगी

भोपाल। एमपी में 15 आईएएस अफसरों के तबादलेमोहन सरकार एक साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद जल्द ही नए साल की पहली प्रशासनिक सर्जरी करने वाली है। ये बदलाव एक-दो दिन में ही हो सकते हैं। जो आईएएस अधिकारी एक जनवरी को सचिव और अपर सचिव पद पर प्रमोट हो गए हैं और छोटे जिलों में पदस्थ हैं उन्हें या तो कलेक्टरी से हटाया जा सकता है या फिर बड़े जिलों की कमान सौंपी जा सकती है। इसके अलावा जिला पंचायतों में सीईओ की भूमिका निभा रहे आईएएस अफसरों को भी कलेक्टरी सौंपी जा सकती है। आठ कलेक्टर और दस जिला पंचायत सीईओ ऐसे हैं, जो दो साल या अधिक समय से एक ही जिले में पदस्थ हैं, इनके तबादले भी हो सकते हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रकाशन के चलते छह जनवरी तक कलेक्टरों के तबादले पर रोक थी। इसके चलते सरकार को मतदाता सूची के प्रकाशन का इंतजार था। अब मोहन सरकार कभी भी दो साल से ज्यादा अवधि पूरी कर चुके कलेक्टरों के तबादला आदेश जारी कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सोमवार का दिन रिजर्व रखा है। इसलिए माना जा रहा है कि आज-कल में ही ट्रांसफर आदेश जारी किए जा सकते हैं। दैनिक भास्कर ने दो साल से अधिक समय से एक ही जिले में या एक ही विभाग और एक ही पद पर पदस्थ अफसरों की पोस्टिंग की पड़ताल की तो पता चला कि कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो करीब छह साल से एक ही जगह पर पदस्थ हैं। जल्द जारी होने वाले तबादला आदेश की प्रक्रिया में साल 2015-16 के आईएएस अधिकारियों को कलेक्टरी मिलने के चांस ज्यादा हैं। इस बीच यह बात भी सामने आई है कि कई आईएएस अधिकारी छह साल से एक ही पद पर जमे हुए हैं। ऐसे अफसरों को भी बदला जा सकता है। ऐसे अफसरों में अशोक कुमार चौहान, नियाज अहमद खान, विनय निगम, प्रीति जैन के नाम शामिल हैं। जो आईएएस अधिकारी चार साल से अधिक समय से एक ही सीट पर जमे हैं उनमें भावना वालिम्बे, मल्लिका निगम नागर, अरुणा गुप्ता, शिवशेखर शुक्ला, उषा परमार के नाम हैं। इसके अलावा तीन साल से अधिक समय से पदस्थ अफसरों की सूची में आरपीएस जादौन, राजेश ओगरे, राजेश कुमार कौल, प्रबल सिपाहा, मनीषा सेंतिया, अर्चना सोलंकी, अनय द्विवेदी के नाम शामिल हैं।

भ्रष्टाचार की उपन्यास है तैयार-एक दर्जन से ज्यादा शिकायत-नगरीय प्रशासन आयुक्त ने भ्रष्टाचार में सनलिप्त सीएमओ ज्योति सिंह को दिया मैहर का अतिरिक्त प्रभार

नौरोजाबाद नगर परिषद का बंटाधार कर सीएमओ अब आयुक्त के निर्देशन पर मैहर नगर पालिका का करेंगी विकास

प्रकाश सिंह परिहार

> मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में ज्योति सिंह की पदस्थापना से लेकर शहडोल संभाग में जिस जिस नगर परिषद में पदभार ग्रहण किया गया उक्त सभी नगर परिषद में मनमानी रवैया अनियमितता व पति के हस्तक्षेप को लेकर विवादों से नाता रहा है अनूपपुर नगर पालिका मे भी जमकर अनियमिता व मनमानी की गई उसके बाद उमरिया में प्रभार मिला वहां भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे शिकायत के बाद उमरिया से हटकर नौरोजाबाद में पदभार ग्रहण करते हुए मास्टरमाइंड कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद बर्मन व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के साथ मिली भगत कर टेबल टेंडर वह एक-एक लाख की फाइलों और जेम पोर्टल के माध्यम से भ्रष्टाचार को अंजाम देने का कार्य किया गया जिसकी शिकायत उपाध्यक्ष सहित कई पार्षदों ने भी नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों सहित जिले के संवेदनशील कलेक्टर से जांच व कार्यवाही की उम्मीद किये कलेक्टर ने जांच के लिए टीम भी गठित कराया जांच हुई लेकिन कार्यवाही हेतु कमिश्नर शहडोल संभाग के पास अभी भी लंबित है।

कलेक्टर की जांच पर अनियमिता की हुई थी पुष्टि - कार्यवाही की जगह मैहर नगर पालिका का मिला उपहार, आयुक्त भारत यादव ने जारी किया आदेश

सवाल - तो क्या भ्रष्टाचारियों पर नगरीय प्रशासन विभाग दे रही संरक्षण कार्यवाही की जगह सीएमओ ज्योति सिंह को भ्रष्टाचार करने मिली खुली खुली

शहडोल/उमरिया। जिस प्रकार मुख्य नगरपालिका अधिकारी ज्योति सिंह द्वारा अपने पति के साथ मिलकर लगातार भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है और इनके पति द्वारा ठेकेदारों के साठ -गांठ कर बिजुरी मनेद्रग? के ठेकेदारों को बुलाकर प्री प्लानिंग एक सिंडिकेट बनाकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी और बिजुरी नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोपी 420 जैसे गंभीर धाराओं पर मामला दर्ज कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया का परिवर्तित नाम विनोद बर्मन के रूप में नगर परिषद में कंप्यूटर ऑपरेटर बनाकर भ्रष्टाचार को अंजाम देने का कार्य किया गया ऐसी स्थिति में शिकायत उपरांत संवेदनशील उमरिया कलेक्टर द्वारा जांच गठित कर जांच कराया गया जिसमें अनियमितता भी पाई गई कार्यवाही हेतु फाइल कमिश्नर शहडोल संभाग के समक्ष प्रस्तुत किया गया लेकिन सीएमओ ज्योति सिंह के भ्रष्टाचार का मैनेजमेंट इस कदर रहा कि भ्रष्टाचार में कार्यवाही के जगह मैहर नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार उपहार स्वरूप भेंट कर दिया गया है नगर में फैलो चर्चाओं की माने तो भ्रष्टाचार में सम्मिलित सीएमओ को जिस कदर नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों द्वारा नवाजा गया है उससे यह प्रतीत हो रहा है कि भ्रष्टाचार करने वालों को सजा देने की जगह सरकार संरक्षण देने का कार्य कर रही है नौरोजाबाद नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार को लेकर सरकार सहित नगरी प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की भी चमकर नगर में किरकिरी हो रही है।

भ्रष्टाचार पर
भ्रष्टाचार
किसका
संरक्षण....?
CMO ज्योति सिंह

भ्रष्टाचार में सम्मिलित सीएमओ ज्योति सिंह को मिला सरकार का उपहार

लगभग एक दर्जन शिकायत नौरोजाबाद सीएमओ ज्योति सिंह के द्वारा किए गए अनियमिता/भ्रष्टाचार को लेकर उपाध्यक्ष व पार्षदों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के समक्ष की गई जांच व कार्यवाही न होने से भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष, विधायक द्वारा भी पत्र लिखकर जांच हुआ कार्यवाही की मांग की गई लेकिन नगरी प्रशासन विभाग के राजधानी में बैठे जिम्मेदार अधिकारीयों ने कार्यवाही की जगह 26 दिसंबर 2024 को पत्र क्रमांक/स्था/एक/1126/2024/27188 प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से नौरोजाबाद सीएमओ ज्योति सिंह को 162 किलोमीटर दूर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मैहर बनाकर अतिरिक्त प्रभार सौपा गया यह आदेश नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त भरत यादव द्वारा जारी किया गया आदेश सार्वजनिक होते ही चर्चा का बाजार इस कदर गर्म हुआ कि जिस मुख्य नगर पालिका अधिकारी के ऊपर कार्यवाही होनी चाहिए थी उस नगर पालिका अधिकारी के रसूक व गांधी जी के सामने एक जिम्मेदार अधिकारी का नौरोजाबाद से मैहर नगर परिषद कि दूरी 162 किलोमीटर तय कर आना-जाना कैसे होगा और भ्रष्टाचार पर कार्यवाही ना होना कहीं ना कहीं जिम्मेदार अधिकारियों की संलिप्तता को प्रदर्शित करता है जिससे क्षेत्र में सरकार व नगरीय प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

कलेक्टर ने गठित की थी जांच टीम-मिली थी अनियमितता

नगर पालिका उपाध्यक्ष द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जिले के नवरोजाबाद नगर परिषद में प्राप्त भ्रष्टाचार के आरोपी की जांच एक समिति द्वारा की गई जिससे किए गए अनियमित व व्यापक भ्रष्टाचार की परते खुल गई चाहे सबमर्सिबल पंप खरीदी का मामला हो पानी टंकी खरीदी, वाटर कूलर की क्षमता कम भुगतान ज्यादा, वाहनों के संधारण कार्य, लैपटॉप में एमआरपी से अधिक भुगतान एलईडी व ट्री गार्ड खरीदी में भी भारी भ्रष्टाचार कर सरकारी पैसे का दोहन किया गया है लेकिन जांच उपरांत भी आज तक कार्रवाई नहीं हो पाई।

तो आखिर कब पड़ेगी नौरोजाबाद नगर पालिका के भ्रष्टाचार पर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर

भ्रष्टाचार की जांच हेतु नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने उच्च स्तर पर की थी शिकायत

आखिर भ्रष्टाचार पर कार्यवाही कब...?

सीएमओ ज्योति सिंह पर आखिर किसका संरक्षण

लेखापाल दिनेश चौधरी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया गया

इनका कहना है

कोटेशन सीएमओ पति बनाकर करते थे हस्ताक्षर


संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल
Directorate, Urban Administration & Development, M.P., Bhopal
Palika Bhawan, Near 6 No. Bus Stop
Shivaji Nagar, Bhopal – 462016
Website: mpurban.gov.in
E-Mail [illegible]

आदेश ::

भोपाल, दिनांक 26-12-2024

क्रमांक/स्था./एक/1126/2024/27188 प्रशासनिक कार्यसुविधा की दृष्टि से श्रीमती ज्योति सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश होने तक मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मैहर जिला मैहर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता है।

आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(भरत यादव)
आयुक्त
नगरीय प्रशासन एवं विकास
म.प्र. भोपाल

पृ0 क्रमांक/स्था./एक/1126/2024/27189 भोपाल दिनांक 26-12-2024
प्रतिलिपि:-
1. विशेष सहायक, मा. मंत्रीजी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, म.प्र.।
2. स्टाफ आफिसर, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, भोपाल म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
3. कलेक्टर जिला मैहर/उमरिया म.प्र. की ओर सूचनार्थ।
4. संभागीय संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, रीवा/शहडोल संभाग रीवा/शहडोल, म.प्र.की ओर सूचनार्थ।
5. श्रीमती ज्योति सिंह मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद नौरोजाबाद जिला उमरिया, म.प्र की ओर पालनार्थ।

आयुक्त
नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र

दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के दम पर करो?ों का भुगतान

नौरोजाबाद नगर परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह जो अनूपपुर पालिका डुड्डा अधिकारी अनूपपुर का प्रभार रहते नगर पालिका बिजुरी में हुए भ्रष्टाचार की जांच भी की गई थी जिनके जांच प्रतिवेदन के आधार पर लोकायुक्त रीवा के द्वारा कर्मचारी, पार्षद, ठेकेदार सहित 32 लोगों पर मामला दर्ज हुआ था जिस पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद सोंधिया पर भी 420 व अन्य कई धाराओं पर मामला दर्ज हुआ था जिसमें करो?ों के भ्रष्टाचार की पुष्टि भी हुई थी इस जांच के बाद करो?पति बनने का सपना संजोए सीएमओ ज्योति सिंह द्वारा उमरिया नगर पालिका के बाद नौरोजाबाद नगर परिषद में पुनः कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद बर्मन, इंजीनियर कुम्भकार, अकाउंटेंट दिनेश, स्टोर प्रभारी सोनी, समयपाल राममिलन, दैनिक कर्मचारी आकाश यादव के साथ सीएमओ ज्योति सिंह द्वारा स्कैम बनाते हुए कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद बर्मन के सहारे करो?ों का भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया हालांकि नौरोजाबाद नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार मामले में बिजुरी के तर्ज पर कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद बर्मन की भूमिका काफी संदिग्ध नजर आ रही है क्योंकि उक्त भ्रष्टाचार में जिन फर्मो में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं उन सभी फर्मो के तार बिजुरी, मनेद्रग? सहित कटनी से जु? हुए है यदि गंभीरता से जांच हुई तो उक्त भ्रष्टाचार का जन्मदाता भी बिजुरी से ही निकलेगा जन चर्चाओं की माने तो उक्त पूरे भ्रष्टाचार मे सनलिप्त सभी कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की जा रही है।

जिससे थी न्याय की उम्मीद वही दे रहे संरक्षण

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नौरोजाबाद ज्योति सिंह के भ्रष्टाचार की यदि शिकायत इकट्ठा की जाए तो नगरी प्रशासन द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायतों की एक पुलिंदा इकट्ठा करते हुए ''भ्रष्टाचार का उपन्यास'' का प्रकाशन किया जा सकता है जांच व कार्यवाही की जगह जिसप्रकार राजधानी मे नगरीय प्रशासन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के रूप में भरत यादव को बैठाया गया और उनके द्वारा जांच व कार्रवाई के जगह भ्रष्टाचार में संयुक्त सीएमओ ज्योति सिंह को अपने आदेश साइन लेटर जारी कर अतिरिक्त प्रभार सौपने का कार्य किया गया जिससे यह बात ख? होना शुरू हो गया कि भाजपा विधायक भाजपा उपाध्यक्ष पार्षद सहित उक्त शिकायत मे जिम्मेदार अधिकारी न्याय की जगह सीएमओ ज्योति सिंह के भ्रष्टाचार पर संरक्षण देने का कार्य किया जा रहा है इस आदेश से प्रदेश सरकार एवं नगरी प्रशासन विभाग के संवेदनशील मंत्री की भी जमकर किरकिरी हो रही है जो पूरे क्षेत्र सहित पूरे संभाग में इस तरह के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा जारी किए गए आदेश की जमकर किरकिरी हो रही है।

कानाफूसी

महमूदुल का पैसा, अरविंद की सेटिंग अतीक का मैनेजमेंट

गजेन्द्र परिहार

पैसा बोलता है इसमें कोई सक नही पर अनूपपुर जिले में किसी के बाप का हक नहीं। माफिया आए, उंची पहुंच बताये, अपनी सेटिंग जमाये फिर करने लगे कौओं की तरह काये-काये खाकी, खादी, कलम सबकी बोली लगी रामपुर, देवहरा से कमाने की चाहत जगी पर इसकी भनक ब? साहब को लगी और हुआ टाये-टाये फिस अब फाइनेन्स का पंद्रह कौन लाया साहब ने सबको गोविंदम से भगाया फिर भी नहीं छूट रही माफियाओं की मोह माया हम बतायेंगे किसने किस से कैसे और कब सेटिंग जमाया खैर अभी के लिए इतना काफी कहा सुनी माफी।

……

पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

शहडोल। पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारतम्य मे थाना जैतपुर पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई है। रविवार को थाना जैतपुर अंतर्गत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना जैतपुर पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत जैतपुर पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर सोमवार को नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा ग्राम चौकिगु?ी, थाना जैतपुर से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने पत्रकारों की दी जानकारी

गजेन्द्र परिहार

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल में 16 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों के संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन इंटरनेशनल सूर्या होटल में किया गया। पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि 16 जनवरी को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव संभागीय मुख्यालय शहडोल के इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 4 जनवरी 2025 तक की स्थिति में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु 4471 उद्यमियों द्वारा पंजीयन किया गया है। उन्होंने बताया कि कि शहडोल संभाग के शहडोल जिले में 2076.578 हेक्टयर, अनूपपुर जिले में 2061.823 हेक्टेयर एवं उमरिया में जिले में 2959.315 हेक्टेयर शासकीय भूमि का चिन्हाकन किया गया है। कलेक्टर ने पत्रकारवार्ता में बताया कि शहडोल जिले में वनोपज कोयला, बाक्साइड, ग्रेनाइट की उपलब्धता है इस क्षेत्र में और अधिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग स्थापित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे ही वही पलायन भी रूकेगा। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र दियापीपर, ओरियंट पेपर मिल्स सहित अन्य विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। पत्रकारवार्ता में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह सहित जिले के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के संवाददाता उपस्थित थें। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन यदि सफल रहा तो निश्चित है कि संभाग भर से 21093 से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। उन्होने बताया कि 5 जनवरी तक रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के लिये 44071 उद्यमियों ने अपना रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से करा लिया है। इस कान्क्लेव के आयोजन से रोजगार के अवसर के साथ पर्यटन व कोयला क्षेत्र का विस्तार तो होगा ही। उद्योग एवं व्यापार की संभावनाओं के द्वार खुलेंगें। लगभग 31 हजार करो? का इन्वेस्टमेंट हो सकता है और कई ब? उद्योग संभावित हैं। यह भी संभावना व्यक्त की जा रही है कि एक पॉवर प्रोजेक्ट भी लगेगा जिसके लिये जमीन भी तलाश ली गई है। कलेक्टर केदार सिंह ने बताया कि पॉवर प्रोजेक्ट के लगने से क्षेत्र में बेरोजगारी और पलायन को रोका जा सकेगा। शहडोल जिले में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें वहीं विकास को भी पंख लगेंगें। पर्यटन के क्षेत्र एवं कोयला तथा उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में विस्तार होगा इसके लिये पिछले डे? महीने से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही कलेक्टर ने यह भी कहा कि कई ऐसे उद्योग भी हैं जो मझोले स्तर के होंगें उन उद्योगों का भी विस्तार इस संभाग में होगा। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि अभी तक जो खाका सामने आया है उसमें शहडोल जिले में 5515.15 करो? रूपयों का इन्वेस्ट किया जायेगा जिसमें 12715 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें वहीं उमरिया जिले में 1960 करो? रुपयों का इन्वेस्ट किया जायेगा जिसमें 2005 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें। गौरतलब है कि अनूपपुर जिले में 4729 करो? रुपयों का इन्वेस्ट किया जायेगा। जिसमें 6373 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। वहीं यह आंक?ा कई हजार करो? तक बढने् की संभावना भी व्यक्त की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि उद्योगों के स्थापन को लेकर जमीन, मानव संसाधन सहित बिजली, वनोपज, ग्रेनाईड, मीथेन, बाक्साईड, सोलर, थर्मल पॉवर, कोयला सहित अन्य उपयोगी चीजें प्रचुरता के साथ सहज रूप से उपलब्ध हैं। जिसके चलते यह जिला उद्यमियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वहीं प्रदेश भर में यह जिला सबसे सस्ती जमीन की कीमत को लेकर भी आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। कलेक्टर श्री सिंह ने यह बताया कि उद्योगों की स्थापना को लेकर शासकीय जमीनों को चिन्हित करने का काम संबंधित विभाग ने कर लिया है। रिलायंस ने अभी जिले में सीबीएम प्रोजेक्ट लगा रखा है वहीं अब सीबीसी प्रोजेक्ट भी लगाने जा रही है। यह प्रोजेक्ट भी लालपुर में ही लगाए जाने की तैयारी है। गौरतलब है कि रिलायंस का उद्योग धीरे-धीरे फलफूल रहा है। ग्राम पंचायत छतवई में अंतिम सांसे ले रहा हथकरघा उद्योग को कलेक्टर ने नया जीवन दान दिया है और लगभग एक वर्ष तक की सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। अब यह उद्योग भी नहीं बंद होगा, पहले भी यह उद्योग अपनी कलाओं को लेकर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश-विदेश में भी खूब नाम कमा चुका है। जनपद पंचायत बु?ार निवासी शुभम तिवारी ने लगभग 50 लाख रुपये की लागत से एक मिलेट्स प्लांट की स्थापना कर रखी है। जिसे लेकर भी कलेक्टर श्री सिंह ने शुभम के हौसलों की सराहना करते हुये बताया कि अब उसका व्यवसाय विदेशों में भी फैल चुका है। साथ ही लगभग 200 युवाओं को भी रोजगार मिला है।

पत्रकारवार्ता का किया गया आयोजन

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल
जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

किस दुनियां में जलवाये जा रहे नगर पालिका परिषद सीतापुर के अलाव

नगर के किसी भी चैराहे पर नही जल रहे अलाव दावा चालिस अलाव जलने का

सीतापुर। ठण्ड ने अपना सितम कायम कर दिया है। लगातार गिरता पारा आम लोगो को कपां कर रख दिया है। सबसे अधिक दिक्कत तो मजदूरी पेशा करने वालों को हो रही है वह नगर में आते है तो उनको किसी भी चैराहे पर अलावा जलते हुए नही मिलते है। जिलाधिकारी की सक्रियता के चलते नगर में रैन बसेरे में तो खुल गये लेकिन लेकिन नगर पालिका परिषद अपनी जिम्मेदारियों को नही समझ रहा है। रात में रिक्शा चालते भीषण सर्दी में ठिठुरते हुए देखे जा रहे है तो वहीं कुछ लोग चैराहो पर लगे चाय के ठेलो के पास खड़े होकर आग तापते हुए देखे जा रहे है। समाचार पत्र की टीम ने विगत रात्रि करीब नौ बजे नगर के कुछ चैराहों पर जाकर नगर पालिका द्वारा जलवाये जा रहे अलावो की स्थित के बारे में जानकारी ली तो सबसे समाचार पत्र की टीम पुलिस लाइन चैराहे पर गई यहां पर कुछ रिक्शा वाले चाय के ठेलो के पास झुण्ड लगाकर वहां अपने हाथ सकते हुए देखे गये। वहां पर कोई अलाव नही था। यही हाल फायर बिग्रेड चैराहे का था यहां पर लोग मूंगफली के ठेले की भठठी से निकलने वाली लपट से अपने शरीर को गर्मी दे रहे थे। उसके बाद जब नगर पालिका के गेट और लालकपड़ा कोठी के पास अलाव की स्थित देखी गई तो नगर पालिका परिषद अपने गेट के पास भी अलाव नही जलवा पा रही है लालकपड़ा कोठी व पड़ाव पर रिक्शा चालक तो ठिठुर रहे थे लेकिन कोई अलावा नही जल रहा था। उसके बाद टीम लालबाग गई तो अदालत के गेट के पास कुछ आग के अंगारे थे उन्ही से लोग अपना शरीर सेंक रहे थे इसके अलावा कोई भी अलाव नही जल रहा था। अंत में कैप्टन चैक पर अलाव की स्थित देखी गई तो वहां पर कुछ दुकानदार कूड़ा जला रहे थे वहां पर भी कोई अलाव नही जल रहा था। अब नगर पालीका द्वारा दावा किया जा रहा है कि तीस चालिस अलाव जल रहे है। यह अलाव कहा जा रहे है इसकी कोई जानकारी नही है।

नपाप इंस्पेक्टर जोगेन्द्रर सिंह से नही हो सकी बात :-

इस सम्बन्ध में जब सफाई नायक जिनके कंधे पर अलाव जलवाने की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास फोन मिला गया तो उनका फोन ही नही लगा कई बार फोन मिलाया गया लेकिन फोन नही मिला जिससे जानकारी नही मिली सकी।

क्या बोले शिव कुमार त्रिपाठी

इस सम्बन्ध में जब नगर पालिका के शिव कुमार त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होने बताया कि तीस चालिस अलाव नगर में जल रहे है। जब उनसे पूछा गया कि यह चालिस अलाव कहां कहां जल रहे है तो उन्होने बताया कि इसकी सूची हमारे पास नही है। अलाव जलवाने की जिम्मेदारी सफाई नायक जोगेन्दर सिंह को सौंपी गई है सही जानकारी वही दे सकते है क्योकि लिस्ट उन्ही के पास है।

ओयो ने बदले नियम अब होटलों में अविवाहित जोड़े नही कर सकेगे मौज

कम्पनी का आदेश ओयो से होटल बुक कराने के लिये देना होगा रिश्ते का प्रमाण

सीतापुर। ओयो से हो रही बुंकित देंह व्यापार को बढ़ावा दे रही है। सीतापुर नगर के होटलों पर नाबालिग लड़किया तो कुछ स्कूली छात्राएं भी अपने प्रेमी के साथ ओयो कम्पनी के जरिये होटलों की बुंकिग करवाती है। ओयो से जुड़े होटल कम्पनी की आंड में खुलेआम देंह व्यापार का कारोबार करवाने लगे थे। जो जिले सीतापुर में चर्चा का विषय बना रहा है और होटलों पर देंह व्यापार के साथ साथ बलात्कार जैसी घटनाएं भी बढ़ने लगी थी। इन सभी बातों को देखते हुए ओयो गम्पनी में अपनी नीतियों में सुधार करते हुए निर्देश जारी किये है कि कोई भी नाबालिग जोड़ा ओयो के जरिये होटलों में अपना कमरा बुक नही करवा सकेगा और जो व्यक्ति कमरा बुक करवायेगा तो उसको रिश्ते का प्रमाण भी देना होगा तभी होटल पर कमरा बुक होगा। ओयो कम्पनी के पूर्व सिस्टम से लोगों में आक्रोश पनप रहा था। नगर के जागरूक लोग इसका विरोध कर रहे थे और यह कहने में संकोच भी नही कर रहे थे कि ओयो कम्पनी के सहभागी होटल देंह व्यापार को बढ़ावा दे रहे है और होटलों पर अब बलात्कार जैसी घटनाएं भी होने लगी है। नगर के करीब करीब सभी होटल ओयो से जुड़कर पैसा ही कमा रहे थे और जब नाबालिग जोड़ा होटल का कमरा बुक करवाता था तो उससे निर्धारित शुल्क से ज्यादा शुल्क भी वसूल करते थे इस तरह से होटल संचालक पूरी तरह से अपनी मनमानी किया करते थे। इन सभी बातों को ध्यान मे रखते हुए कम्पनी ने ओयो के जरिये होटलों की बुकिंग प्रक्रिया को थोड़ा जटिल करते हुए रिश्तों का प्रमाण और नाबालिग जोड़े की बुंकिंग पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध लगा दिया है।

अब होटल संचालक नही कर सकेगे मनमानी

अभी तक ओयो के जरिये नाबालिंग जोड़े ने अगर होटल का कमरा बुक करवा लिया है तो होटल संचालक की चांदी ही चांदी हो जाती है। वह निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क भी नाबालिग जोड़े से वसूल करते थे अगर जोड़ा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क देने से मना करता तो उसे पकड़वाने की धमकी देकर पैसा वसूल करते थे। इस तरह की चर्चाएं हो रही है। कम्पनी ने होटल बुकिंग की प्रक्रिया तो थोड़ा जटिल कर होटल का कमरा बुक करवाने वाले जोड़े से रिश्तो का प्रमाण जरूरी कर दिया है इस कारण अब होटल संचालक मनमाना किराया नही वसूल सकेगे और होटलों पर देंह व्यापार के कारोबार पर भी लगाम लगेगी

ओवर लोड ट्रक पलटा

लहरपुर(सीतापुर)। जनपद के लहरपुर थाना क्ष में ओवर लोड ट्रक ग्राम खानपुर सादात कर्बला मोड़ के निकट अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गया। चालक व खलासी ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। बिसवां से लहरपुर की तरफ आ रहा ट्रक ग्राम खानपुर सादात के निकट खड्ड में पलट गया।इस दुर्घटना में चालक व खलासी बाल-बाल बच गए। सड़क पर ट्रैफिक न होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। ट्रक में बोरिया लदी थीं। क्रेन की सहायता से ट्रक को खाली कराकर उसे खड्ड से बाहर निकाला गया। गौरतलब हो कि जिम्मेदार ओवर लोड वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने के दावे तो कर रहे है लेकिन वह प्रतिबन्ध नही लगा पा रहे है। जिसका परिणाम है कि आये दिन ओवर लोड वाहन हादसों का शिकार हो रहे है। क्योकि इन ओवर लोड वाहनों पर इतना ज्यादा ओवर लोड होता है कि वाहन चालक वाहन को काबू में नही कर पाता और सड़क हादसे हो जाते है।

विधायक ने जन संवाद चैपाल लगाकर सपा कार्यकाल में कराएं गए कार्यों की दी जानकरी

सीतापुर। सपा विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विकास खण्ड परसेंडी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जन संवाद चैपाल का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा के द्वारा विधानसभा क्षेत्र लहरपुर के ग्राम इटारी, अंगराशी, सधनापुर,कुंवरपुर इमलिया, आदि गांवों में जनसंवाद चैपाल का आयोजन किया गया। सपा विधायक अनिल वर्मा ने समाजवादी पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी, समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में भी जनता को बताया। उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध करते हुए कहा कि, आम आदमी परेशान है।भाजपा सरकार में किसानों की अपनी लागत का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, किसान भुखमरी के कगार पर हैं, आम जनता परेशान है महंगाई चरम पर है।भाजपा की सरकार में लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल रही है। सरकार सिर्फ झूठे वादे करती है अधिकारी बेलगाम है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सदस्य जिला पंचायत इंद्रपाल चैधरी, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया एडवोकेट,चंपक लाल राजपूत जी,पत्रकार उरूज अहमद मयंक शेखर श्रीवास्तव.कौशलेंद्र सिंह, रामू प्रधान,निरंजन भार्गव पूर्व प्रधान, बालकराम कन्नौजिया, जबिर खां, डॉक्टर रफीक, हनकू सिंह, रिंकू वर्मा, मुकीम बहोरी भार्गव मो0इस्लाम प्रधान अंगराशी,, बबलू अंसारी, कौशल राजपूत, रोशन, राजाराम भार्गव, सुनील भार्गव मनोहर भार्गव, जमुना भार्गव,शिवा भार्गव विशाल भारती,राजाराम गौतम,अजयपाल गौतम,मंगली प्रसाद गौतम,कल्लन अंसारी,मो0 शकील एडवोकेट, दिनेश यादव, राहुल गौतम, सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सचिव ने लिखी भ्रष्टाचार की इबारत..

सीतापुर-गोंदलामऊ। विकास खण्ड गोंदलामऊ में सचिवो के द्वारा की ग्राम पंचायतो मे सचिव के द्वारा मनमाने तरीके से लाखों रुपये का भुगतान कर जारी आदेशो की धज्जियां उड़ाई जा रही है। जो कि पंचायत राज विभाग पर एक बहुत बड़ा सवाल है कि आखिर किसके संरक्षण में सचिवो व्यक्तिगत लोगो के नाम पर लाखो रूपये का भुगतान कर रहे है, सचिव बिना किसी फर्म के व्यक्तिगत लोगो के खाते में एक साल में मजदुरी का नाम दिखा कर लाखो रुपए का भुगतान कर सरकारी धन पर डांका डाल रहे है व जारी आदेशो की इन्ही अधिकारियो के द्वारा धज्जियां उड़ाई जाती है बताते चले कि पंचायत राज विभाग मे उच्चाधिकारियो के द्वारा आदेश जारी किये गये है वही सचिव ने ग्राम पंचायतो मे भुगतान कर जारी आदेशो को दरकिनार कर दिया गया। प्रशासन द्वारा पंचायत राज विभाग मे भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिये समय समय पर बैठके की जा रही है व सम्बन्धित अधिकारियो को जिम्मेदारो द्वारा दिशा निर्देश जारी किये जाते है वही दूसरी तरफ भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिये कोई भी प्रधान व सचिव कोई भी भुगतान बिना पंजीकृत फर्म के नही लगायेगा और न ही श्रमिक मजदूरी के अलावा कोई भी व्यक्तिगत भुगतान किया जायेगा।

सरवर की समस्या से किसानों का नही हो रहा रजिस्ट्रेशन

सिधौली। स्थानीय तहसील के राजस्व अधिकारी और कर्मचारी फार्मर रजिस्ट्रेशन को लेकर किसानों पर दबाव बना रहे शासन को खुश करने केलिए। यहां फार्म पंजीकरण केन्द्रों पर प्रातः से किसानों की लाईन लगजाती है नेटवर्क,सर्वर आदि ना होने पर मायूस होकर सांयकाल किसानों को वापस जाना पड़ता है कई-कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़रहे है फार्मर रजिस्ट्रेशन के लिए राजस्व कर्मियों द्वारा कृषि को बताया गया है कि किसान सम्मान निधि के लिए अनिवार्य है फार्मर पंजीकरण।फार्मर पंजीकरण के लिए सीएससी केन्द्रों पर प्रातः से ही भीड़ जमा होने लगती है जबकि सर्वर की परेशानी से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं हुई है। सीएसएसी संचालकों का कहना है स्लो सर्वर से केवाईसी होना भी मुश्किल हो रहा।गत दिनों फार्मर रजिस्ट्री का काम में तेजी लाने के लिए स्थानीय तहसील मुख्यालय उपजिलाधिकारी अनिल कुमार इस बारे में सीएससी (जनसुविधा केन्द्र) संचालकों एवं पंचायत, राजस्व महकमे को बैठक में अभियान पर जरूर निर्देश दिए जा चुके हैं। मगर विभागीय पोर्टल पर सर्वर परेशानी से रजिस्ट्री काम फिलहाल धीमी गति से चलता नजर आ रहा है। फार्मर पंजीकरण को लेकर बाबुलाल, रामनरेश , अब्दुल , श्याम लाल,अंबुज, सुनील शुक्ला, राकेश शुक्ला, धनीराम यादव, जगजीवन आदि किसानों ने बताया कि तीन दिन से केवाईसी के लिए दौड़ लगा रहे बावजूद तकनीकी दिक्कत से उन्हें वापस होना पड़ रहा है।? शबाना खातून ,छैलकुमारी कहती हैं घर का कामकाज छोड़कर फार्म भरवाने आए थे मगर काम पूरा नहीं हो सका वापस होना पड़ रहा है। फार्मर रजिस्ट्रेशन में कहीं ओटीपी नहीं तो कहीं फंस रहा है केवाईसी जब कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड एवं लिंक मोबाइल नंबर, खतौनी जरूरी बताया जा रहा है।जनसुविधा केन्द्र संचालकों का कहना है तमाम आवेदनों में खतौनी एवं आधार कार्ड में मामूली पाई मात्रा में अंतर वाले फार्म रिजेक्ट हो रहे है। जबकि सर्वर की वजह से ओटीपी भी फंस जाता है दो बार ओटीपी आना होता है केवाईसी के लिए बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तब मुश्किल से केवाईसी हो पा रही है ।

दीवार के नीचे दबकर मासूम की मौत दूसरे की हालत नाजुक

सीतापुर। जनपद के इमलिया सुल्तानुपर थाना क्षेत्र में कच्ची दीवार में दबने से एक माकसू की मौत हो गई तो दूसरे की हालत गम्भीर बनी हुई है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। पुलिस ने अवश्यक कार्यवाही करनी शुरू कर दी है। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त थानान्तर्गत गमलिकापुर गांव में देर शाम कच्ची दीवार गिरने से दो मासूम बहनें जख्मी हो गईं। एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव निवासी उपेंद्र की पुत्री रिया (5) व साक्षी (3) अपने घर के सामने बने पुराने मकान की दीवार के पास खेल रहीं थीं।इसी दौरान मिट्टी की कच्ची दीवार ढह गई। मलबे के नीचे दोनों बच्चियां दब गईं। गंभीर हालत में रिया को परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई है। दूसरी बच्ची मामूली रूप से घायल है। तहरीर लेकर कार्रवाई की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अश्लीलता, बिगड़ रहे किशोर

सीतापुर । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आज युवा अपना जलवा बिखेर रहे है, कही रील बनाकर लोगो को मनोरजन करा रहे है, तो कही युवा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर बॉलीवुड तक सफर तय कर चुके है कपिल कनपुरिया जैसे प्रतिभावान युवाओं ने युवाओं को एक नई दिशा दी है लेकिन वही कुछ ऐसे भी दूषित मानसिकता के लोग भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अश्लीलता का प्लेटफॉर्म बनाकर रख दिया है, जिससे न सिर्फ समाज मे गंदगी फैल रही है बल्कि नई पीढ़ी को भी बिगाड़ने का काम कर रहे है,अश्लील शब्दो का प्रयोग कर जँहा एक तरफ वह वाह वाही लूट रहे है तो वही समाज मे अश्लीलता भी व्यापत कर रहे है, बिल्लू ब''द नामक एक लड़का इस समय चर्चाओं का विषय बना हुआ है चर्चा किसी अच्छे काम की नही है बल्कि सोशल मीडिया पर अपनी गंदी भाषा व अश्लील शब्दो के कारण व चर्चा का विषय बना हुआ है, अश्लीलता इस प्रकार की अगर कोई सभ्य समाज बैठा व्यक्ति फोन चला रहा हों और अचानक से बिल्लू की रील आ जाये तो वह शर्म के मारे आत्म हत्या ही कर लेगा,वही सबसे हैरान करने वाली बात यह भी सामने आ रही है क्या इस तरह के लोग समाज से बाहर रहते है क्या इनके घर मे इनके माँ बाप भाई बहन या परिवार नही है,या फिर उन तक इनके बनाये हुए वीडियो पहुचते नही, इस तरह के गंदगी मानसिकता के लोगो के लिए कोई कानून में प्रावधान नही बनाया गया है कि इनको रोका जा सके या फिर शासन प्रशासन की नजरों से यह अछूते है, आखिर कब तक यह समाज को दूषित करते रहेंगे अगर यह सिलसिला थमा नही तो आने वाले समय मे युवाओं की मानसिकता इतनी गन्दी हो जाएगी कि उनकी प्रताड़ना को सभ्य समाज बर्दाश्त भी न कर पाए व बहन बेटियों की आबरू को बचना भी प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनोती बन जाये।

पुत्र के जन्मदिन पर पूर्व मंत्री ने की नई पहल

सीतापुर। मनोज कुमार राजवंशी के जन्मदिन व नव वर्ष 2025 के शुभ अवसर पर नए लक्ष्य के साथ भावांजलि सेवा फाउंडेशन एक नई पहल के साथ अभिभावक रामपाल पूर्व मंत्री राजवंशी मनोज कुमार राजवंशी , संगीता राजवंशी ने सफलतापूर्वक शुभारंभ किया इस मौके पर बच्चों के साथ पढ़ाई व खाद्य सामग्री देने का कार्य हुआ साथ में , कड़के की ठंड पर गरीब बुजुर्गों को कंबल वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में राम पाल राजवंशी(पूर्व मंत्री उ0प्र0 सरकार), मनोज कुमार राजवंशी (पूर्व प्रत्याशी विधानसभा मिश्रिख), संगीता राजवंशी (उपविजेता मिश्रिख लोकसभा) , शुभम राजवंशी (संस्थापक, समाजसेवक), पिंकी राजवंशी, लाभांश राजवंशी, यश राजवंशी, अतिव राजवंशी,गोपी यादव , अनुज शुक्ला, संतोष कुमार राजवंशी (संयोजक), शिवम् यादव , ॠषि यादव, मंजीत पाल, सूरज राजवंशी , शिवांक यादव ,विनय कुमार , पिंटू राजवंशी , ज्ञानेंद्र यादव , पंकज कनौजिया, रामू राजवंशी , रामशरण यादव व अन्य उपस्थिति रहे।

मनरेगा योजना में हो रहा घोटाला, ऑनलाइन हाजिरी बनी गवाह

सीतापुर। जनपद में मनरेगा योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ कर रह गयी,जिम्मेदारो के संरक्षण में ऑनलाइन हाजिरी में पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, सरकार के द्वारा बनाई गई ऑनलाइन व्यवस्था जिम्मेदारो की उदासीनता के चलते धराशाई हो गयी है, बताते चले विकास खंड बिसवां की ग्राम पंचायतबजेहरा ,रूकनापुर, मानिकापुर व पुरैनी में मनरेगा कार्य संचालित किया जा रहा है,ग्राम पंचायत बजेहरा मे मनरेगा से कार्य पेटेंट रोड से लालता के घर तक चकमार्ग कार्य पर प्रधान व रोजगार सेवक के द्वारा फर्जीवाडा किया जा रहा है चकमार्ग कार्य पर पुरानी फोटो अपलोड कर 47 श्रमिको की हाजिरी दर्ज कर घोटला किया जा रहा है। ग्राम पंचायत रूकनापुर में मनरेगा से चल रहे कार्य सुखावा तालाब का जीर्णोद्धार पर पुरानी फोटो की फोटो अपलोड कर 55 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है। ग्राम पंचायत मानिकापुर मे मेनरोड से बराती के खेत तक चकबन्ध कार्य पर पुरानी फोटो लगाकर 56 श्रामिको की उपस्थित दिखाई गयी व ग्राम पंचायत पुरैनी मे चकबन्ध कार्य पर 26श्रमिको की पुरानी फोटो लगाकर मनरेगा योजना मे फर्जीवाडा किया जा रहा है ।

विकास खंड मिश्रिख में की ततरोई में प्रधान व रोजगार की मिलीभगत के चलते 11 मास्टर रोल पर 102 श्रमिको की फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य सत्यपाल के खेत के पास बंधा निर्माण , रतनलाल के खेत से रूपन लाल के खेत तक चकमार्ग निर्माण व मुंशी के खेत के पास बंधा निर्माण कार्य पर पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। वही विकास खण्ड मछरेहटा में मनरेगा में फर्जीहाजिरी रुकने का नाम नही ले रही है, जिम्मेदारो के संरक्षण में लगातार फर्जीवाड़ा जारी है,ग्राम पंचायत बरसंधिया में मनरेगा से चल रहा कार्य मुन्ना सिंह के बाग के कोने से शिवलाल के खेत तक कच्चा पटाई कार्य पर 34 श्रमिको की बिना कार्य चलाये ही पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है,वही ग्राम पंचायत मिरचैडी में दो चकमार्ग कार्य व परागी के खेत के पास तालाब खुदाई कार्य पर लगभग 135 श्रमिको की पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत उत्तरधोक म में डामर रोड से पंडित के खेत तक चकमार्ग पटाई कार्य पर 7 मास्टर रोल पर 62 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, सभी मास्टर रोल पर पुरानी फोटो अपलोड कर फर्जी हाजिरी दर्ज करने का कार्य किया जा रहा है। वही विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत गौरिया झाल मे पंडित दीनदयाल अमृत सरोवर पर 53श्रमिकों की पुरानी फोटो अपलोड कर हाजिरी दर्ज की जा रही है ब्लाक परसेण्डी आये दिन घोटलो मे बना रहता है मनरेगा योजना सिर्फ कागजों मे ही रह गयी है ।

गोरियाझाल (परसेंडी)
पुरैनी (बिसवां)

डीएम साहब आपके ड्रीम प्रोजेक्ट झील सौंदर्य करण में हुई लूटपाट का जिम्मेदार कौन

अम्बेडकर नगर की जनता जानना चाहती है क्या डीएम साहब आए हुए विकास के रुपए को पानी में डुबोया

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। में जैसे ही डीएम अविनाश सिंह कार्य भार संभालते ही झील सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया दिए थे झील सौंदर्यीकरण पर रात दिन लगे हुए थे जनता को ऐसा लगा था विकास की गंगा बहेगी लेकिन सब हवा हवाई साबित हुआ । डीएम साहब जनता अब आपके विकासों का हिसाब जानना चाहती है झीलों का सौंदरीकरण करने से कितना विकास हुआ हमारे अंबेडकर नगर का आखिर इस लूटपाट का जिम्मेदार कौन है।

पुन्थर झील दुर्दशा के आंसू बहा रहा :-

पुन्थर झील सौंदर्यीकरण में हुई लूटपाट का जिम्मेदार कौन जबकि पुन्थर झील सौंदर्यीकरण में बहुत से राजनेता आए हुए थे और वहां पर्यटक स्थल बनवाया गया वहां नाव में सवार होकर डीएम साहब के साथ लुफ्त उठा रहे आज वह पुन्थर झील बदहाली के आंसू बहा रहा है आखिर कहां गया विकास

दरवन झील का हालज बदतर से बद्तर झील सौंदरीकरण हुए लूट पाट :-

जनता जानना चाहती है डीएम साहब की दरवन झील सौंदरीकरण में लूट पाट हुआ है उसका जिम्मेदार कौन-कौन लोग है कई करोड़ से दरवन झील सौंदर्यीकरण हुआ है जिस झील को देख कर जनता हैरान और परेशान है की अगर यही रूपया ग्राम पंचायत लगाया गया होता तो गांव शहर जैसा हो गया होता यहां करोड़ो रूपए पानी में डूब गया।

करोड़ महादेव घाट के सुंदरीकरण लागत डेढ़ करोड़ से अधिक लागत :-

महादेवा घाट की हालात कुछ कम नहीं डेढ़ करोड़ से अधिक लागत महादेवा घाट सुंदरीकरण का हालात जस का तयस बना हुआ है महादेवा घाट जाने वाले आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है की सभी विकास का रुपया पानी में डुबो दिया आखिर क्या भाजपा सरकार में अधिकारियों का यही निर्देश दिया गया कहीं ऐसा तो नहीं यह भ्रष्टाचार का नया तरीका बनाया गया जिससे कोई लेखा-जोखा न जान सके । बहुत से ऐसे प्रश्न जनता उठा रही है।

जलालपुर सरस्वती कुंड तीन करोड़ से सुंदरीकरण :-

क्या डीएम साहब के द्वारा झील सौंदरीकरण को बढ़ावा देने वाले जनता को देंगे हिसाब जनपद अंबेडकर नगर में विकास के नाम पर धरातल पर जीरो के बराबर नजर आता है क्या जनपद के कलेक्ट्रेट से लेकर आपसन का सुंदरीकरण करने से ग्राम पंचायत का विकास हो गया जनता अपने सवालों को लेकर जानना चाहते क्या ग्राम पंचायत में हुए भ्रष्टाचार और जनपद अंबेडकर नगर में हुई लूटपाट का आखिर जिम्मेदार कौन आखिर विकास के रुपए को इस कदर बंदर बांट किया गया?।

जगदीशपुर कपिलेश्वर झील सौंदरीकरण मैं हुआ भ्रष्टाचार :-

जगदीशपुर कपिलेश्वर झील समुद्रीकरण को लेकर डीएम साहब ने हवन पूजन कर उद्घाटन किया था लेकिन आज वहां देखा जाए तो सुंदरीकरण के नाम पर हवा हवाई सब साबित हो रहा है। इसकी जानकारी विकासखंड भैया से ले गई तो वहां से कोई जवाब नहीं मिल पाया जबकि वहां लाइट भी लगती थी बहुत से सुविधा वहां होना था झील सुंदरीकरण अपनी बेबसी पर आंसू बाहर आखिर डीएम साहब क्या बस बातें दिया इस आपके ड्रीम प्रोजेक्ट पर पानी फेरने वाले के ऊपर लटकेगी की तलवार या फिर चढ़ जाएगा भ्रष्टाचार के भेंट जन सूचना के माध्यम से सौंदरीकरण के लेखा-जोखा मांगा गया लेकिन अभी तक विभाग उपलब्ध नहीं करवा पाए झील सुंदरीकरण में हुई लूटपाट का खाका खंगाला जा रहा है।

अयोध्या में अवैध बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई

चार जेसीबी तीन डंपर और 1 ट्रक सीज

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अयोध्या। अयोध्या में अवैध बालू खनन पर बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई आधी रात की गई तो माफिया अपने वाहनों सहित भाग नहीं सके। आधी रात में हुई कार्रवाई डीएम चन्द्र विजय सिंह के निर्देश पर की गई। एसडीएम सदर विकास धर दुबे सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी व खनन विभाग की टीम ने छापे की कार्यवाही की। तिहुरा मांझा में चल रहे अवैध बालू खनन पर हुई छापेमारी में 4 जेसीबी, 3 डंपर 1 ट्रक सीज कर दिया गया है। सरयू के किनारे चल रहे इस खनन से प्रतिमाह राजस्व को करोड़ों का चूना लगाया जा रहा था ।ए

घने कोहरे का फायदा उठाकर माफिया रोज शाम होतेत ही इस धंधे में जुट जाते थे। सैंकड़ों ट्रक लगाकर पूरी रात खनन की जा रही थी। पहले भी इस तरह की कार्यवाही के बाद माफिया कुछ दिन खनन रोक कर फिर इस धंधे में जुट जाते थे। फिलहाल सरयू का सीना छलनी करने वाले माफियाओं का चिह्नित कर उन पर कार्रवाई न होने से उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। अवसर मिलते ही माफिया सरयू का सीना छलनी करने में जुट जाते हैं। खास बात यह है कि यह खनन ऐसे जगह पर किया जा रहा है जिसके आसपास सरकार की अनेक विकास योजनाएं प्रस्तावित हैं। हालांकि माफियाओं के गुर्गे छापे की सूचना मिलते ही नाव और अन्य तरीकों से फरार होते रहे हैं। उनको चिह्नित न किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

जब जेब में हो गांधी तो क्या करेगा काजी

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

सुल्तानपुर। जहां योगी सरकार प्रदेश से माफियाओं व दबंगों को जड़ से खत्म कर रहे है। वहीं दोस्तपुर थाना क्षेत्र के व्यापार मण्डल अध्यक्ष अजय सोनी सुत राम चन्द्र सोनी निवासी दोस्तपुर कस्बा का है जो कि एक सरकारी असलहे का प्रदर्शन कर रहे है इस मामले को काफी दिनों से सोशल मीडिया व पेपर में प्रकाशित किया जा रहा है और इस मामले को ट्विटर पर ट्वीट किया गया था जिसमें 7 नवम्बर को प्रशासन के रिपोर्ट लगाने के बाद 8 नवम्बर को जिले की पुलिस ने रिपोर्ट लगाया उक्त प्रकरण की जांच क्षेत्राधिकार द्वारा की जा रही है लेकिन आज तक प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई आखिर में जब शासन व प्रशासन को रखे बंदूक की नोक पर तो कहा से होगी कार्यवाही। यह कहना गलत नहीं होगा जब जेब में हो गांधी तो क्या करेगा काजी बीते कुछ दिनों पहले दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरसावन गांव के युवक को अवैध असलहे के साथ दोस्तपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था आखिर में जब इस युवक को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया तो अभी तक दोस्तपुर के व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सोनी को क्यों नहीं कर पाए गिरफ्तार इस प्रकरण से यह साफ साबित होता है कि जब जेब में हो गांधी तो क्या करेगा काजी।

प्रेम प्रसंग में हुई इस हत्या, गिरफ्तार

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर । जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित रानीपुर गिरंट गांव में रविवार की सुबह की गई एक युवक की हत्या प्रकरण में पुलिस ने गहनता से छानबीन करते हुए हत्याभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक की हत्या मृतक की पत्नी से हत्याभियुक्त के साथ बढ़ रहे प्रेम प्रसंग की परिणित बताई जा रही है ।पुलिस द्वारा की गई छानबीन में पता चला कि मृतक राम आशीष पुत्र साबू लाल की पत्नी से हत्याभियुक्त अभिषेक पुत्र राम जनम निवासी उपरोक्त का संबंध मृतक की पत्नी से बन रहा था हत्याभियुक्त द्वारा मृतक के पत्नी से फोन इत्यादि पर बातें बराबर की जाती थी ।जिसकी जानकारी राम आशीष को हो गई थी। घटना के पूर्व अभियुक्त द्वारा उसे जान से मारने आदि की धमकी दी जाती रही । घटना के दिन राम आशीष अपने घर से शौच के लिए बेलबना बाग की तरफ गया हुआ था ।उक्त स्थान काफी सुनसान बताया जाता है अभियुक्त उसका पीछा करते हुए उक्त स्थान पर पहुंचा और दोनों में कहा सुनी हुई तदोपरांत अभियुक्त द्वारा उसके गले को दबाकर गिरा दिया गया और ब्लेड से गले पर कई बार वार किया गया ।मृत्यु हो जाने पर अभियुक्त ने वहां पर रखे पुवाल में उसके शव को छुपा कर रख दिया गया ।राम आशीष जब घर वापस नहीं आया तो उसकी खोजबीन की गई तो पता चला कि उसका सा शव गांव के बाहर सुनसान स्थान पर पड़ा हुआ है ।मृतक के भाई द्वारा शक के आधार पर गांव के 6 लोगों के खिलाफ नाम जद तहरीर दी गई ।घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक केशव प्रसाद ,एडिशनल एसपी पश्चिमी विशाल पांडे, क्षेत्राधिकार भीटी द्वारा मौके पर पहुंचकर थाना अध्यक्ष को मामले की तह तक जाकर हत्या अभियुक्त की गिरफ्तारी किए जाने का निर्देश दिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की गई ।जिसमें से अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपने गुनाहों को कबूल करते हुए हत्या किए जाने के उपरोक्त रहस्य को उजागर किया गया। हत्यारे का पता लगने के बाद पुलिस ने अन्य हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ दिया ।और मुख्य अभियुक्त को सोमवार को जेल रवाना कर दिया गया अभियुक्त मृतक का चचेरा भाई है ।प्रेम प्रसंग में हुई इस हत्या को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

भाजपा कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण और खुशी के माहौल में चुनाव को सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। भारतीय जनता पार्टी की बूथ और मण्डल अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद जिला चुनाव अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष पद के चुनावी प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। जिला चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह ने चुनावी प्रक्रिया जारी करते हुए कहा कि 10 जनवरी को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में 10 बजे सुबह से भाजपा जिलाध्यक्ष पद की चुनावी प्रक्रिया सम्पन्न कराया जाएगा।कहा कि संगठन द्वारा तय मानक के अनुसार दो बार के सक्रिय सदस्य और वर्तमान एवं पूर्व जिला पदाधिकारी जिनकी आयु 45 से 60 वर्ष के बीच में होगा वही कार्यकर्ता जिला जिलाध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने के योग्य होगा। कहा कि भाजपा में लोकतांत्रिक तरीके से आम सहमति के आधार पर योग्य कार्यकर्ता का जिलाध्यक्ष पद पर चयन किया जाता है। कहा कि भाजपा में दायित्व परिवर्तन एक सांगठनिक प्रक्रिया है। भाजपा में चुनाव प्रक्रिया 3 वर्ष के लिए किया जाता है।उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण और खुशी के माहौल में चुनाव को सम्पन्न कराने में सहयोग की अपील भाजपा कार्यकर्ताओं से किया है।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि जिला चुनाव अधिकारी देवेंद्र सिंह जिले के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं, वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श के लिए 8 जनवरी को जनपद मुख्यालय पर उपलब्ध रहेंगे।

पूर्व विधायक पवन पांडेय को 7 साल की सजा

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। जनपद में 34 साल पुराने एक मामले में पूर्व विधायक पवन पांडेय को कोर्ट ने सात साल की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पवन पांडेय पर यूपी के कई जिलों में पांच दर्जन से ज्यादा आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। बता दें कि मामला पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्व. अनिल सिंह के ऊपर हमले से जुड़ा है। जमीन के एक फर्जीवाड़ा मामले में पूर्व विधायक पवन पांडेय जेल में पहले से बंद हैं।भगवा ओढ़ बाबरी मस्जिद कांड में कूदे पवन पांडेय ने शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे की उंगली पकड़ ली। बाला साहब की उंगली पकड़ते ही अपने रसूख से ठाकरे परिवार के खास हो गए और शिवसेना के टिकट पर 1991 में अकबरपुर विधायक बन गए।विधायक बनने के बाद लोगों को लगा कि पवन पांडेय अब अपराध की दुनिया छोड़ देंगे, लेकिन विधायक बनने के बाद पवन के काले कारनामों की दुनिया में दिन दूना रात चौगनी वृद्धि होने लगी। रंगदारी, मर्डर, जानलेवा हमला ये आम बात हो गई। धीरे-धीरे पवन पांडेय की जुर्म की दुनिया में मुकदमों की लंबी लिस्ट बनती गई। बाबरी मस्जिद प्रकरण में भी सीबीआई ने आरोप पत्र भी दाखिल किया था।1991 में अकबरपुर विधानसभा से पवन पांडेय शिवसेना से विधायक बने, लेकिन उसके बाद अकबरपुर सीट से कई बार वह निर्दलीय और लोजपा से चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। वर्तमान समय में पवन पांडेय के भाई राकेश पांडेय जलालपुर सीट सपा से विधायक हैं, जबकि भतीजा रीतेश पांडेय बसपा से पूर्व सांसद रहे हैं। इस समय रीतेश पांडेय भाजपा में हैं। पवन पांडेय के ऊपर यूपी के कई जिलों में पांच दर्जन से अधिक हत्या, लूट व अन्य आपराधिक केस दर्ज हैं।

किशनपुर दादों ब्रिज के वैकल्पिक रास्ता से आवागमन हुआ शुरू लोगों को मिलेगी सहूलियत

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
फतेहपुर ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह

फतेहपुर। लाखो की लागत से बनकर तैयार हुआ वैकल्पिक मार्गतुर्की पुल के टूटने से 2 माह से बड़े वाहनों का आवागमन था बाधित किशनपुर क्षेत्र के किशनपुर दादों यमुना ब्रिज को जोड़ने वाला तुर्की पुल टूटने से महीनों से बड़े वाहनों का आगमन बाधित था रविवार क्षेत्र के किसानों व समाजसेवियों द्वारा पीडब्ल्यूडी के सहयोग से वैकल्पिक मार्ग बनाकर आगमन शुरू कर दिया गया है जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है लोकसभा चुनाव से पहले किशनपुर दादों यमुना ब्रिज बनकर तैयार हुआ था जहां से प्रतिदिन सैकड़ो छोटे बड़े वाहनों का आगमन होने लगा था परंतु यमुना में आई बाढ़ के बाद उसके सहायक पुल तुर्की पुल का अप्रोच टूट कर गिर गया था जिसके बाद से बड़े वाहनों का आगमन बंद था सिर्फ बाइक और पैदल राहगीर निकल पा रहे थे जिससे क्षेत्रीय राहगीरों के साथ व्यापारी व बड़े वाहन स्वामी खासा परेशान थे जिसके बाद मोरंग कारोबारी जितेंद्र सिंह भगोना राम व कस्बा के किसान तेज बहादुर सिंह जगदीश सिंह मृदुल अग्निहोत्री राजेन्द्र सिंह नरेंद्र सिंह गंगा बिशुन महेश सिंह प्रताप यादव बउवा यादव आदि ने अपने जमीन से लाखो खर्च कर वैकल्पिक रास्ता बनवा दिया जिससे किशनपुर दादों ओवरब्रिज द्वारा रविवार से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया वाहनों का आगमन शुरू होने की खबर सुन क्षेत्र के लोगों में खुसी की लहर दौड़ गई किशनपुर दादों ओवरब्रिज बंद होने से क्षेत्र के लोगों को 50 किलोमीटर की दूरी तय कर बांदा जाना पड़ता था लोक निर्माण विभाग के जी प्रतीक अग्रवाल ने बताया वैकल्पिक रास्ता बनाने की जानकारी मिली है निश्चित तौर पर राहगीरों को राहत मिलेगी आवागमन बहाल किया।

पांच फीट ऊंचा बनेगा सुल्तानपुर-अयोध्या सिक्स लेन

सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद बनेगी कार्ययोजना

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

सुल्तानपुर। सामान्य सड़क से सुल्तानपुर-अयोध्या सिक्स लेन करीब पांच फीट ऊंचा बनाया जाएगा। जिले में सर्वे का काम तकरीबन पूरा हो गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद कार्ययोजना तैयार होगी। प्रतापगढ़-अयोध्या सिक्स लेन के पहले खंड में सुल्तानपुर से अयोध्या तक करीब 53 किमी मार्ग सामान्य से करीब पांच फीट ऊंचा बनाया जाएगा। चार लेन का हाईवे बनाने के साथ एनएच दो लेन की सर्विस रोड साथ-साथ बनाएगी। सर्विस रोड के जरिए ही ग्रामीणों को हाईवे का लाभ मिल सकेगा। अधिकारियों के मुताबिक सर्विस रोड मुख्य मार्ग से कुछ नीचा होगा। नाला, नदी, हाईवे व रेलवे क्रॉसिंग पर सर्विस रोड भी ऊंचा होगा। इसे देखते हुए निर्माण कराया जाएगा। एनएच के अधिशाषी अभियंता विकास कुमार ने बताया कि ग्रामीणों को सुविधा देने के लिए सर्विस रोड बनेगी। टोल प्लाजा के पास मुख्य मार्ग में मिलेगा, ताकि बड़े वाहन बीच से हाईवे पर प्रवेश न कर सकें।

असहाय व गरीबो की मदद करना, सबसे पुनीत कार्य : अनुभव विश्वकर्मा

भतीजे के जन्मदिन पर जरुरतमंदो को घर जा कर दिए कंबल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता
रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

सामाजिक कार्यकर्ता अनुभव विश्वकर्मा इस ,कड़कती ठंड में गरीबों व असहाय लोगों को ठंड से बचाने का कार्य कर रहे हैं। जनपद बाराबंकी के तहसील क्षेत्र रामसनेहीघाट अंतर्गत ग्राम पूरे तुला निवासी व ब्लॉक बनीकोडर से भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अनुभव विश्वकर्मा ने अपने प्रिय भतीजे के जन्मदिन के मौके पर कई गांवों में गरीबों के घर जाकर असहाय व जरूरत मंदो को इस ठिठुरन भरी ठंड में कम्बल व रजाई वितरित किया।आपको बताते चले कि ब्लॉक बनीकोडर के अंतर्गत पूरे नाउ,समाधान पुरवा ,पूरे जहरी,निसरन पुरवा ,पूरे डोभी आदि गावों में जाकर बाटे कम्बल व रजाई ।उसी दौरान अनुभव विश्वकर्मा ने इस पुनीत कार्य को करते हुए कहा कि,कड़ाके की इस ठंड में गरीबों,असहायों की मदद करना सबसे पुण्य का काम है।आगे उन्होंने कहा कि हम सब को तथा जो अपने आपको सामाजिक कार्यकर्ता कहता है,उसका यह पहला धर्म होना चाहिए कि गरीबो व जरूरत मंदो को उनका सहारा बनकर उनके बीच में जाकर खुले और मन से उनकी मदद करनी चाहिए। क्योंकि इस मंहगाई के दौर में गरीब आर्थिक तंगी से जुझ रहा है ऐसे में हम सामाजिक कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि हम उनकी हर सम्भव मदद करें।इस अवसर पर पूर्व प्रधान अशोक कुमार,पत्रकार अनिल कुमार, महराज दीन, दुर्गेश, सोमल, राजेश विश्वकर्मा, दिलीप कुमार , संजू मिश्रा,सर्वेश पाल, सोमनाथ गुप्ता शशिकांत ,गोपी,आदि लोग रहे मौजूद ।

जाली करेंसी गिरोह में एक दैनिक समाचार पत्र के सिटी इंचार्ज की भूमिका!

एक अन्य दैनिक समाचार पत्र का क्राइम रिपोर्टर भी था हमसाज़

मझोला पुलिस ने पत्रकार आदिल सहित तीन आरोपियों को किया था गिरफ्तार

मुरादाबाद। बीते 22 दिसंबर को थाना मझोला पुलिस द्वारा दबोचे गए जाली करेंसी बनाने वाले एक बड़े गिरोह में एक दैनिक समाचार पत्र के सिटी इंचार्ज व एक अन्य दैनिक समाचार पत्र के क्राइम रिपोर्टर की सीधी भूमिका थी। सूत्रों के हवाले से अब यह जानकारी निकलकर आ रही है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर इस गिरोह को दबोचा, तो हैरान रह गई। पुलिस ने 2,74,550 रुपये की नकली करेंसी और इसे बनाने वाले उपकरणों के साथ आदिल सहित तीन अभियुक्तों को जयंतीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह स्कैनर और प्रिंटर की मदद से नकली नोट तैयार करता था। ग्रामीण क्षेत्रों में इन नोटों को चलाया जाता था। लाखों रुपए की करेंसी यह गिरोह बाजार में खपा चुका था। बता दें कि पकड़ा गया गिरोह का मुखिया आदिल मुरादाबाद की पत्रकारिता जगत में एक जाना पहचाना नाम रहा है। उसने जयंतीपुर में अपने घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक विधवा के घर को अपना अड्डा बनाया हुआ था। और वहीं से अपने नकली नोटों के धंधे को चला रहा था। आदिल के विधवा से प्रेम संबंध थे। उसके इस ठिकाने से पुलिस को जाली करेंसी के अलावा 13 प्रिंटेड शीट, 3500 रुपए असली, 3 मोबाइल फोन, एक प्रिंटर, स्कैनर मशीन, चार कागज कटर आदि सामान भी मिला था। सूत्रों के मुताबिक मझोला पुलिस एक सूचना के आधार पर लंबे समय से आदिल के गिरोह के पीछे लगी हुई थी। इस दौरान पुलिस को जो जानकारी हाथ लगी उससे वह खुद हैरान रह गई। दरअसल आदिल मुरादाबाद की पत्रकारिता जगत में अपनी एक हैसियत बनाने में कामयाब हो गया था। लिहाजा पुलिस फूंक फूंक कर चुपचाप जानकारी एकत्रित करती रही। इस दौरान एक दैनिक समाचार पत्र के सिटी इंचार्ज व अन्य दैनिक समाचार पत्र के क्राइम रिपोर्टर का नाम सामने आया। इन तीनों के हमसाजी के पुख्ता सबूत मिलने से पुलिस अचंभित थी।सूत्रों के मुताबिक मुरादाबाद पुलिस को आदिल की कारगुज़ारियों के संबंध में सूचना भी आदिल के एक साथी पत्रकार द्वारा दी गई थी। सूत्रों का कहना है, कि दैनिक समाचार पत्र के सिटी इंचार्ज का आदिल खासमखास था। आदिल द्वारा खींचे गए कई फोटो इस दैनिक समाचार पत्र में इसी सिटी इंचार्ज के माध्यम से लगवाए जाते थे। सिटी इंचार्ज द्वारा आदिल को इसी दैनिक समाचार पत्र में स्थाई नौकरी के लिए भी लगातार प्रयास किया जा रहा था। वहीं दूसरी ओर एक अन्य समाचार पत्र के क्राइम रिपोर्टर के साथ भी आदिल के अत्यधिक घनिष्ठ संबंध थे। इसी क्राइम रिपोर्टर की मोटरसाइकिल पर बैठकर आदिल तमाम वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की प्रेस कॉन्फ्रेंस को कवर करने के लिए पहुंचता था। इस क्राइम रिपोर्टर के दैनिक समाचार पत्र में भी आदिल द्वारा खींचे गए कई फोटो लगवाए गए। यह तीनों पत्रकार मिलजुल कर ही बहुत चालाकी से इस जाली करेंसी के कारोबार को अंजाम दे रहे थे। जैसे ही आदिल को मझोला पुलिस द्वारा पकड़े जाने की सूचना सार्वजनिक हुई। इसी सिटी इंचार्ज और क्राइम रिपोर्टर द्वारा आदिल को छुड़ाने की पैरवी की जाने लगी। किंतु जब उन्हें पता चला कि उनकी कार गुजारियों के संबंध में भी पुलिस के पास पुख्ता सबूत है, और उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है, तो वह पुलिस अधिकारियों के सामने गिड़गड़ाने लगे। किसी तरह सिटी इंचार्ज और क्राइम रिपोर्टर की जान बची। यह चर्चा अब मुरादाबाद के पत्रकारों के जुबान पर है। बता दें कि हाई स्कूल पास आदिल ने बहुत तेजी के साथ मुरादाबाद के पत्रकारिता जगत में अपनी पैठ बनाई थी। पत्रकारों के साथ खड़े होकर उसने पत्रकारिता के गुर सीख लिए थे। और लंबे समय से पत्रकारिता की आड़ में नकली नोटों के कारोबार को अपने साथियों सहित अंजाम दे रहा था। सूत्रों का कहना है, कि कई अन्य पत्रकार भी तमाम तरह के अवैध धंधों में लिप्त हैं। इसके संबंध में पुलिस के पास पुख्ता सूचनाएं मौजूद हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पीरजादा क्षेत्र में पकड़े गए अवैध टेलीफोन एक्सचेंज में मुरादाबाद के कुछ मीडिया कर्मियों की मिली भगत होने की चर्चा उस समय जोरो पर थी। इस टेलीफोन एक्सचेंज को सऊदी अरब में बैठा सईद नाम का व्यक्ति ऑपरेट कर रहा था। बहरहाल नकली नोट प्रकरण में मीडिया कर्मियों का नाम आने के बाद पुलिस तमाम संदिग्ध पत्रकारों की जन्मपत्री खंगालने में लग गई है। आला अधिकारियों के निर्देश पर तमाम पत्रकारों के संबंध में गुप्त जानकारी भी पुलिस विभाग द्वारा एकत्रित की गई है। इस संबंध में कई पत्रकारों के पास फोन करके पूछताछ भी की जा रही है।

नगरीय निकायों के निर्माण कार्य रुचि लेकर पूर्ण करें अधिकारी - कलेक्टर

कलेक्टर ने की नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा, दिए अधिकारियों को निर्देश

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से विकास कुमार की रिपोर्ट

अनूपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले के समस्त नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री निर्माण कार्यों को रुचि लेकर पूर्ण कराएं, जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया हो सके। बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत सर्वे दल द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराकर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाए, कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना से वंचित न रहे, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अनूपपुर जिले में कोल जनजाति निवास करती है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर इस योजना का लाभ दिलाया जाए। कलेक्टर ने इंजीनियर को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जो मकान निर्माणाधीन है, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जिला शहरी विकास अभिकरण के अंतर्गत नगरीय निकायों के निर्माण कार्यों की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व वसूली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें, इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सर्वे टीम गठित कर कामर्शियल, रेसिडेंशियल एवं इंडस्ट्रियल सर्वे त्रुटि रहित करें तथा राजस्व वसूली करें। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदनों को पोर्टल में दर्ज कराकर जल्द से जल्द निराकरण कराया जाए। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकायवार प्रधानमंत्री कायाकल्प योजना-2, अमृत 2.0, वाटर सप्लाई के अंतर्गत अमरकंटक वाटर सप्लाई पेंडिंग कार्य, नल जल योजना के कार्य, मुख्यमंत्री अधो संरचना विकास योजना के अंतर्गत निकायवार, विशेष निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्य, डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्य, सांसद विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत कार्य के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को अपूर्ण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को नगरीय प्रशासन विभाग की बैठक आयोजित की जाएगी तथा प्रति सप्ताह विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी गंभीरता के आधार पर योजनाओं एवं विकास कार्यों का संपादन करें।

बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर को प्रेस क्लब पत्थलगांव के पत्रकारों सहित नागरिको ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होने पर ही होगी सच्ची श्रद्धांजलि : विजय त्रिपाठी

पत्थलगांव से हरिश्चंद्र यादव
केसरिया हिंदुस्तान

पत्थलगांव । बीजापुर बस्तर के निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकार स्व.मुकेश चंद्राकर की जघन्य हत्या से नगर के पत्रकारों,जनप्रतिनिधियों व नगरवासियो में भारी आक्रोश व्याप्त है। सभी ने इस हत्याकांड की घोर निंदा व्यक्त की है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की है। इस संबंध में नगर के पत्रकारों एवं नागरिकों द्वारा इंदिरा गांधी चौक में प्रेस क्लब पत्थलगांव के पत्रकारों द्वारा स्व. मुकेश चंद्राकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण व कैंडल जलाए गए। जिसके पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण करते हुए पत्रकार स्व मुकेश चंद्राकर को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों को सहनशीलता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रेस क्लब पत्थलगांव अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने कहा कि यह एक अत्यंत ही दुखद घटना है। जिसकी जितनी भी निंदा की जाये उतनी कम है। पत्रकारों का कार्य क्षेत्र में घट रही घटनाओ को आमजनता तक पहुंचना है साथ ही शासन,प्रशासन के जनहित के कार्यो के साथ ही योजनाओं में हो रहे भ्रष्टाचारों व अनियमितताओं से भी परिचित करना है। ताकि भ्रष्टाचारीयो और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही हो सके। पत्रकार अपनी लेखनीय के माध्यम से आईना दिखाने का कार्य भी करते हैं। आज देश मे मीडिया को चौथा स्तंभ कहा जाता है। इसी की वजह से देश , प्रदेश व स्थानीय स्तर पर हो रहे विकास, निर्माण व जनउपयोगी योजनाओं की जानकारी के साथ साथ निर्माण व विकास कार्यो में किये जा रहे अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की भी जानकारी मिलती है।

पारिजात धाम बरौलिया में लगा समस्याओ का अंबार

शौचालय बंद होने से श्रद्धालुओं को शौच जाने में आ रही है दिक्कते

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान सत्य नारायण गुप्ता बाराबंकी

पौराणिक तीर्थ स्थल पारिजात धाम बरोलिया में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । तहसील सिरौली गौसपुर मुख्यालय से करीब 3 किलोमीटर उत्तर दिशा में पौराणिक तीर्थ स्थल पारिजात धाम बरौलिया में स्थित है जो महाभारत काल से ही अपने अस्तित्व को बनाए हुए हैं गंगा दशहरा के समय इसमें स्वर्णमयी आभा वाले पुष्प आतें जो अपनी भीनी भीनी सुगंध से सारे वातावरण को आच्छादित कर देते है जहां पर हजारों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं व पर्यटकों का आवागमन होता है जहां पर समस्याओं का अंबार लगा हुआ है विगत पंचवर्षीय में यहां पर बनाया गया सामुदायिक शौचालय चोक हो चुका है वही यहां के पंचायत भवन पर सामुदायिक शौचालय बना हुआ है जिसमें बंद ताले की खुलने की नौबत नहीं आती है यही नहीं यहां की कैंटीन काफी अर्से से बंद पड़ी हुई है जिसके खुलने की नौबत नहीं आती है ऐसे में आने वाले श्रद्धालु खुले में शौच जाने को विवश हो रहे हैं सबसे ज्यादा यहां आने वाली महिला श्रद्धालुओं को होती है आखिर वे शौच करने के लिए कहां जाएं इसके लिए उन्हें कोई सुरक्षित स्थान नहीं मिल पाता है पारिजात धाम गेट के समीप आने-जाने वाले रास्तों पर पटरी दुकानदारों का कब्जा प्रतिदिन बना रहता है जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतें आ रही है वही पारिजात वृक्ष के समीप तत्कालीन विधायक के द्वारा लगाई गई हाट माक्स लाइट बंद पड़ी हुई अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है ।

टिकेश्वर गबेल बने सक्ती के नए भाजपा जिला अध्यक्ष कार्यकर्ताओं में बढ़ा उत्साह नए जोश के साथ पार्टी को करेंगे मजबूत

सक्ती। नए साल की शुरुवात में भाजपा पार्टी ने अपने सभी जिलों में जिला अध्यक्षों की घोषणा की है सक्ती जिले में भाजपा ने टिकेश्वर गबेल को जिला अध्यक्ष का कमान सौंपा है सोमवार को भाजपा कार्यालय सक्ती में जिला चुनाव पर्यवेक्षक रामसेवक पैकरा जिला चुनाव प्रभारी कृष्ण कुमार राय की मौजूदगी में जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई भाजपा पार्टी के जिला अध्यक्ष बनने टिकेश्वर गवेल को बधाई देने कार्यकर्ताओं ओर पार्टी के पदाधिकारियों की भीड़ उमड़ पड़ी पार्टी कार्यालय के बाहर ढोल नगाड़े और जमकर फ़टाके फोड़े गए , कार्यक्रम में पूरे कैबिनेट मंत्री मेघाराम साहू प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिन्हा पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू जिला पंचायत सदस्य एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी विद्या सिदार मीडिया पैनलिस्ट संयोगिता सिंह जूदेव उपाध्यक्ष गोपी सिंह ठाकुर भूषण चंद्रा अमृत साहू अनूप अग्रवाल संजय रामचंद्र नेतराम चंद्रा घनश्याम साहू दिनेश शर्मा अनुभव तिवारी रामनरेश यादव प्रेम पटेल जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव अरुण शर्मा अभिषेक शर्मा गोविंद देवांगन भवानी तिवारी अमन डालमिया युवामोर्चा अध्यक्ष लोकेश साहू पहलवान दास रवि गबेल धीरेंद्र राठौर धीरेंद खूंटे गेंदराम मनहर मोनू राठौर लाखन नामदेव रोशन राठौर अनुराग विश्वकर्मा परमेश्वर साहू कुलदीप आलोक साहू सोशल मीडिया प्रभारी विक्रम प्रताप सिंह सभी जिला पदाधिकारी महामंत्रीगण सभी मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री जिला कार्यसमिति सदस्य जिला युवामोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री सहित भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल वर्तमान में जिला पंचायत जांजगीर के क्षेत्र क्रम 20 से सदस्य है साथ ही पार्टी में महामंत्री के पद सम्हाल रहे थे,टिकेश्वर गवेल और उनका परिवार लंबे समय से भाजपा से जुड़ा हुआ है उनके चाचा प्रीतम गवेल भी लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने विधिवत पदभार ग्रहण कराया *अपनी नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के विकास और कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

गन्ना तुलाकर जा रहे किसान से नगदी सहित मोबाइल छीना

केसरिया हिन्दुस्तान इसरार ब्यूरो पीलीभीत

पीलीभीत/बरखेड़ा। क्षेत्र के नवादा गांव के पास हाइवे पर बीती रात साढ़े नौ बजे के लगभग नोवल शुगर मिल से गन्ना बेचकर जा रहे किसान की ट्रेक्टर ट्राली को रोककर नकदी व मोवाइल छीना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।थाना क्षेत्र बीसलपुर के गांव चौसारा निवासी मोहित कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है कि 5 जनवरी की रात्रि में नोवल शुगर मिल में गन्ना तुलाकर ट्रैक्टर ट्राली लेकर अपने घर जा रहे थे तभी रास्ते मे नवादा महेश के पास अज्ञात लोगों ने पीछे से मेरी ट्राली पर चढ़कर रोक लिया और मुझसे 30 हजार की नकदी व मोवाइल छीन लिया जिसकी सूचना मैने पुलिस को दी।अज्ञात लोग दो बाईकों पर सवार होकर 5 लोग फरार हो गए।

कांग्रेसी नेता व सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह के आवास पर कांग्रेस पार्टी की विचार गोष्ठी आयोजित

नगीना केसरिया हिंदुस्तान
संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि

सेवानिवृत आइएएस व पूर्व सांसद ओमवती देवी के मंडी मौलगंज नगीना स्थित आवास पर रविवार की शाम एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नगर नगीना व आसपास के क्षेत्र के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता, दलित व मुस्लिमों के साथ साथ बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए। इस विचार गोष्ठी को आरके सिंह द्वारा आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता ओम प्रकाश पूर्व प्रधान बदोल्लोपुर ने व संचालन एडवोकेट राकेश मिश्रा ने किया। इस आयोजन का उद्देश्य कांग्रेसी कार्यकर्ताओं संग वर्तमान समय में भारत में राजनीतिक परिस्थितियों पर विचार विमर्श करना था। एक बड़े हाल में एकत्र होकर माइक व प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को अपनी अपनी राय रखने की स्वतंत्रता दी गई। सभा में उपस्थित कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह द्वारा लोगों को जलपान कराया गया और उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान किया गया। श्री सिंह ने कहा कि सबका हित कांग्रेस में ही है कांग्रेस लोगों को जोड़कर देश को मजबूत करती है। नफरत और लड़ाई से केवल देश कमजोर होगा। उन्होंने सभी से मिलजुल कर रहने का आवाहन किया और धर्म और जाति के नाम पर आपस में लड़ाई झगड़ा करने से बचने की अपील की। उन्होंने नफरत फैलाने वालों से बचने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि ऐसा करके मुल्क को तबाह होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी आने वाली नस्लों के उज्जवल भविष्य के लिए आपस में एकजुट हों और सभी से मिलकर देश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। इस मौके पर योगेश सिंह, ओमप्रकाश प्रधान, शमसुद्दीन कुरेशी, हरपाल सिंह, मेहर सिंह, शिवराज सिंह, ऋषिपाल सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र प्रधान, डॉक्टर दिलेराम, हाजी नसीम अंसारी नजीबाबाद, फकीरचंद, जयप्रकाश, मोहम्मद अजमल उस्मानी, सुभाष, मोहम्मद राशिद, असलम सिद्दीकी, हेमराज सिंह, चंद्रहास जगदीश, शुभम, राजेश कुमार, सतीश कुमार, वाहिद अंसारी, शेख अंजार, मोहम्मद यासीन, छत्रपाल, अरशद मसूद, असलम सिद्दीकी, अकील अहमद, विशंभर, बिशन सिंह, नाथू सिंह, मुन्ना सिंह, धीरेंद्र कुमार, रूप सिंह, कलुआ सिंह, जोगेंद्र सिंह, मास्टर अली हसन, जावेद अंसारी, योगेंद्र पाल सिंह, योगेंद्र, कलीराम, वसीम अख्तर, मोहम्मद अकबर, मेघराज, सोनू कुमार, बदर अहमद, नसीमुद्दीन किरतपुर वाले आदि लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने आरके मसीह को दी विदाई

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। जिले के बलौदाबाजार सेक्टर में पदस्थ आर के मसीह सेक्टर पर्यवेक्षक को 31 दिसंबर में उनके कार्यालयीन कार्य अवधि समाप्त होने पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक संघ के द्वारा 5 जनवरी को विदाई सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दिया गया। ब्लाक अध्यक्ष हितेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि आर के मसीह संघ के निर्माण से लेकर अभी तक उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है अभी वे वर्तमान में बलौदा बाजार सेक्टर में सेक्टर सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे जहा उन्होंने शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों स्थित स्वास्थ्य केंद्रों के स्तर को ऊंचा उठाने व सुदृण करने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवम कर्मचारियों ने आर के मसीह के लिए स्वस्थ्य एवम मंगलमय जीवन की कामना किए। इस अवसर पर एस डी घृतलहरे खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी धर्मेंद्र कुमार जायसवाल जिला कोषाध्यक्ष संगीता साहू महिला ब्लाक अध्यक्ष चेतन पटेल सचिव भानुमती चंद्राकर भूधर प्रसाद वर्मा गीताराम साहू एसपी लाल रीता सुतार उमा साहू सेक्टर सुपरवाइजर संतोष कुमार साहू टाकेश्वर साहू संतोषी ध्रुव हरिश्चंद्र वर्मा इगेश भतपहरी अमन बांधे लोमश वर्मा मिथलेश कुमार साहू प्रदीप कुमार साहू विष्णु देवांगन रीतू दान गिरिजा जांगड़े सकुंतला घृर्रे राममोहन साहू जितेंद्र कुमार साहू महावीर पैकरा अनिल वर्मा टीकाराम ध्रुव सहित ब्लॉक के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उपस्थित रहे।

लक्सर में चेयरमैन भाजपा प्रत्याशी का तिरस्कार, व्यापारी व्यक्ति ने प्रधानमंत्री की फोटो लौटाते हुए वोट देने से किया साफ इनकार

विशेष संवाददाता अनिल वर्मा/ हिदुस्तान केसरिया

लक्सर। हरिद्वार जनपद के लक्सर नगर क्षेत्र में इस दौरान नगर निकाय चुनाव अपनी चरम सीमा पर है। जिसके चलते सभी प्रत्याशी अपने चुनावी प्रचार में जुटे हुए है। नगर पालिका चुनावों में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी को उस समय तिरस्कार झेलना पड़ा। जब एक व्यापारी व्यक्ति मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर व भाजपा के झंडे वापस कर दिए। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा से नाता तोड़ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी जगदेव सिंह उर्फ जग्गी के लिए समर्थन की घोषणा की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

व्यापारी मंडल अध्यक्ष ने मनोज वर्मा भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा :-

मनोज वर्मा ने कहा कि लक्सर में पिछले दस सालों से भाजपा का ही वर्चस्व रहा है। नगर पालिका से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार होने के बावजूद लक्सर में विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने बताया कि लक्सर में न तो रेलगाड़ियों के लिए कोई ठहराव की व्यवस्था हो पाई और न ही अंडरपास का निर्माण हो पाया है। स्थानीय जनता की समस्याओं को बार-बार उठाने के बावजूद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया है। मनोज वर्मा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा, हमारे व्यापारियों सहित आम जनता की पीड़ा को कौन समझेगा? भाजपा सरकार ने हमारी समस्याओं को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। अब समय आ गया है कि लक्सर की जनता को एक नई दिशा दी जाए, इसलिए मैंने भाजपा से त्यागपत्र दिया है। इस घटना के बाद अन्य व्यापारियों ने भी भाजपा के प्रति नाराजगी जाहिर की है। नाम न छापने की शर्त पर कई व्यापारियों ने कहा कि पिछले एक दशक से भाजपा के प्रत्याशी ही नगर पालिका के अध्यक्ष चुने जा रहे हैं, लेकिन लक्सर में विकास कार्य न के बराबर हुए हैं। सड़कें खस्ताहाल हैं, सीवरेज की समस्या जस की तस है और जनता को बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। व्यापारियों ने कहा कि लक्सर के बाजारों में यातायात की समस्या विकराल रूप ले चुकी है, लेकिन इसे सुलझाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। भाजपा नेताओं ने चुनावी वादे तो बहुत किए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। व्यापारी मंडल अध्यक्ष की इस नाराजगी के बाद लक्सर की जनता में भी भाजपा के प्रति असंतोष का माहौल बनता नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कई लोग भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र चौधरी के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए देखे गए। लोगों ने कहा कि भाजपा ने केवल वादे किए, लेकिन उन्हें निभाने में पूरी तरह विफल रही है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद उन्होंने कहा, भाजपा ने लक्सर की जनता को केवल गुमराह किया है। इस घटना ने लक्सर के चुनावी समीकरणों को पूरी तरह से बदल दिया है। भाजपा प्रत्याशी को व्यापारियों और जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले चुनावों में यह घटना भाजपा के लिए कितनी नुकसानदेह साबित होती है। इस घटनाक्रम ने न केवल भाजपा के लिए चुनौती खड़ी की है, बल्कि अन्य दलों के लिए एक अवसर भी पैदा किया है। लक्सर के चुनावी मैदान में बढ़ती गर्मी ने इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प बना दिया है।

लक्सर से हरिद्वार हाई-वे पर स्थित बेगम पूल के पास विशालकाय अजगर ने दी दस्तक

वन विभाग की टीम ने घंटो किया अज़गर का रेस्कयू

विशेष संवाददाता अनिल वर्मा/ हिंदुस्तान केसरिया

लक्सर। क्षेत्र में लक्सर से हरिद्वार हाई-वे पर स्थित बेगम पूल के पास एक विशालकाय अज़गर निकल आने से हड़कंप मच गया। जिसमें हाई- वे पर विशालकाय अज़गर को देख आने-जाने वाले राहगीरो का मौके पर तांता लग गया। वही मौके पर मौजूद राहगीरो ने इसकी सूचना लक्सर वन विभाग टीम को दी। सूचना पर लक्सर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुँच कर घंटो तक विशालकाय अज़गर का रेस्क्यू किया। यह सब देख राहगीर व स्थानीय लोगो मे दहशत का माहौल बना रहा। वही वन विभाग टीम द्वारा घंटो तक किए गए विशालकाय अज़गर रेस्क्यू के बाद सकुशल अजगर का रेस्क्यू कर लिया गया। जिसके बाद वन विभाग की टीम द्वारा अज़गर को वन क्षेत्र में सकुशल छोड़ दिया गया। वही रेस्क्यू टीम में लक्सर बीट प्रभारी वैभव सिंघल, बीट प्रभारी सुल्तानपुर सुमित सैनी, गुरजंट सिंह एवं भोपाल सिंह वन कर्मी मौजूद रहे।

बाहरिन बाई रजक के दसगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए धोबी समाज के पदाधिकारी

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। जिला धोबी समाज के जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक व हंस रजक की भाभी एवं केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक की दादी ग्राम कोहरौद निवासी बाहरिन बाई रजक उम्र 95 वर्ष का स्वर्गवास 31 दिसंबर 2024 को हो गया था जिसका दसगात्र कार्यक्रम 6 जनवरी दिन सोमवार को हुआ। दसगात्र कार्यक्रम में रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कनौजे प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक जिला कोषाध्यक्ष नीलमणि चौधरी जिला उपाध्यक्ष द्वारिका निर्मलकर सह संगठनमंत्री रामजी रजक जनीराम निर्मलकर जनक निर्मलकर पुनीत रजक रामकुमार रजक चोवाराम निर्मलकर भोला रजक जेठू रजक पुनाराम रजक माखन रजक बीरसिंग रजक बोधराम रजक शिवकुमार निर्मलकर सहित अनेकों पदाधिकारी शामिल होकर शोकसभा आयोजित कर 2 मिनट मौन धारण कर पुण्यआत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

बाहरी व्यक्तियों को थाने मे देना होगा थम्ब इम्प्रेसन : कलेक्टर दीपक सोनी

अवैध ढाबा संचालन एवं अतिक्रमण की होगी जांच

कमलेश रजक ब्यूरोचीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

बलौदाबाजार। कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की उपस्थिति मे सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष मे मादक द्रव्यों के अवैध भण्डारण एवं बिक्री पर रोकथाम से सम्बंधित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे अपराधों एवं अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के रोकथाम हेतु बाहरी व्यक्तियों जैसे फेरीवाले एवं जड़ी बूटी बेचने वाले को सम्बंधित थाने मे अपना थम्ब इम्प्रेसन देने तथा अवैध रुप से संचलित ढाबों एवं उनके द्वारा अतिक्रमण की जाँच करने सम्बंधितों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि नेशनल हाइवे एवं स्टेट हाई वे किनारे बिना अनुमति के संचालित अवैध शारब बिक्री एवं शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करने वाले ढाबों की जाँच के लिए राजस्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम गठित करें और सूची तैयार करें। बिना अनुमति के ढाबा संचालन नहीं होने देना है। उन्होंने अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए हॉट- स्पॉट चिन्हित करते हुए उन क्षेत्रों मे विशेष कार्यवाही अभियान चलाने आबकारी विभाग के अधिकारियो को दिए। उन्होने सूचना तंत्र मजबूत करने मैदानी अमलों को सक्रिय करने के लिए कोटवार पटेल मितानिन ट्रेनर भारतमाता वाहिनी के सदस्यों को सक्रिय करने कहा। इसके साथ ही नशे के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम मे सामाजिक संगठनों एवं सिविल सोसाइटी की सहभागिता सुनिश्चित कराने कहा।

पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने सभी ढाबों एवं उनके पार्किंग एरिया मे सीसीटीवी कैमरा लगाने ढाबा संचालकों को निर्देशित करने कहा ताकि किसी घटना से सम्बंधित साक्ष्य आसानी से प्राप्त हो सके और अपराधी की गिरफ्तारी हो सके। उन्होंने कहा कि अवैध शराब फैक्ट्री पर कार्यवाही की जा रही है तथा दोषियों की सम्पति की जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त करने परिवहन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा। बैठक मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह सभी एसडीएम एवं सम्बंधित विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

नेपाली पिकअप से लाई जा रही 145 बोरा लहसुन बरामद

पुलिस व एसएसबी संयुक्त टीम को मिली सफलता

निचलौल (महराजगंज)। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां एलर्ट है।चोर नाके, पगडंडियों पर पुलिस व एसएसबी के जवान सतर्क है। इसकेबावजूद तस्कर तस्करी को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को सुबह करीब पौने पांच बजे लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस व एसएसबी शीतला पुर की संयुक्त पेट्रोलिंग टीम द्वारा पिलर संख्या 503/8 के समीप एक नेपाली पिकअप पर भारत की लाई जा रही 145 बोरा लहसुन बरामद किया है। बोरा का वजन करने पर प्रति बोरा 20 किलो बताता गया। पकड़े गए पिकअप सहित समान को कस्टम निचलौल को विधिक कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है। लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज महेंद्र यादव ने बताया कि शीतला पुर बीओपी इंचार्ज असिस्टेंट कमांडेंट विवेक कुमार मय टीम के साथ लक्ष्मीपुर खुर्द के पिलर संख्या 503/8 के समीप पेट्रोलिंग किया जा रहा था कि नेपाल से भारत की तरफ एक नेपाली नंबर की पिकअप आता दिखाई दिया। जिसको टीम ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। वहीं चालक अंधेरा का फायदा उठाकर नेपाल भागने मे सफल हो गया।

सैन्य सम्मान के साथ आर्मी के जवान का हुआ अंतिम संस्कार

अंतिम दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव

एटा जनपद के सकीट थाना क्षेत्र के सकतपुर रेवाड़ी गांव में देर शाम आर्मी के जवान का मृत शव उनके पैतृक गांव पहुंचा।आर्मी के जवान अमन यादव पुत्र रामनिवास उम्र 26 वर्ष का पार्थिव शव रविवार को देर शाम को उनके गांव पहुंचा ।जबान का शव गांव में पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।तिरंगे में लिपटे जबान के शव के अंतिम दर्शन के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा आस पास के गांव के ग्रामीण हजारों की संख्या में पहुंचे और जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की वही जन प्रतिनिधियों ने भी मौके पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।वही जबान का शव पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।आर्मी के जवान के पिता रामनिवास ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके बेटा लद्दाख में तैनात था गोली लगने से मौत हो गई है।बेटा अमन जुलाई 2017 में आर्मी की सप्लाई कोर में भर्ती हुए थे ।पिता स्वयं आर्मी से रिटायर्ड हैं और आगरा में सी ओ डी में तैनात हैं।छोटा भाई आकाश भी इलेवन गार्ड में सैनिक है।वर्ष 2012 से वह आगरा में परिवार सहित रह रहे हैं।बेटे की शादी 4 जनवरी 2024 को फिरोजाबाद जनपद के जरौली निवासी कविता पुत्री रामसेवक के साथ हुई थी ।अमन यादव आर्मी सप्लाई कोर (स्ट)में तैनात थे 3 जनवरी को को अमन की गोली लगने से मौत हो गई और वह शहीद हो गए।जवान का पार्थिव शव पैतृक गांव देश शाम पहुंचा जहां अंतिम दर्शन को हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा।तिरंगे में लिपटे जबान के शव के दर्शन के लिए हर कोई एक झलक पाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आया।शव लेकर पहुंचे 508 बटालियन आर्मी स्पाई कोर के सैनिकों ने पहले तो परिजनों को तिरंगा सौंपा बाद उसके राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी गई।शहीद के अंतिम दर्शन करने पहुंचे जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की बाद उसके जवान के पिता ने नम आंखों से बेटे को मुखाग्नि दी है।भारत माता के जयकारों के साथ जबान के पार्थिव शव का अंतिम संस्कार किया गया है।

के एम विश्वविद्यालय परिवार ने केक काटकर मनाया चांसलर का जन्मदिवस

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/नीरज चतुर्वेदी

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने कुलाधिपति किशन चौधरी का जन्मदिन केक काटकर एवं गिफ्ट देकर मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने जन्मदिवस पर भंडारे का आयोजन करवाया, जिसमें सुबह से लेकर देर सायं तक आसपास के ग्रामीणों का आगमन जारी रहा। वहीं दूसरी ओर बछगांव के गुड्डू चौधरी, गजनू, रमेश नेता, बल्देव दुधिया ने जिला पंचायत अध्यक्ष को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ पटुका एवं साफा बांधकर सम्मान किया। गौरतलब हो कि भारत में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, दूरदर्शी नेता ने स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों का एक नेटवर्क स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो समग्र शिक्षा और चरित्र विकास को प्राथमिकता देते हैं। ये जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी इस तथ्य का उदाहरण हैं कि उत्कृष्टता की खोज में आकाश की कोई सीमा नहीं है। उनके गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व का सम्मान करते हुए, 06 जनवरी को केएम परिवार ने चांसलर का जन्मदिन बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया। विवि के वाइस चांसलर डा. एनसी प्रजापति, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे सहित विवि के डीन, संकाय सदस्यों और छात्रों ने इस दिन किशन चौधरी के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रशंसा प्रदर्शित की। विवि द्वारा किए आयोजन से खुश हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने सभी का आभार एवं धन्यवाद दिया।

वहीं दूसरी ओर केएम हॉस्पिटल की मैनेजर स्वाती शर्मा ने नर्सिंग स्टाफ अन्य मेडिकल स्टाफ के सदस्यों के साथ हॉस्पिटल के चेयरमैन किशन चौधरी का जन्मदिन बड़े ही जोश के साथ मनाया। विवि के कुलाधिपति ने केक काटकर सभी डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनरल मैनेजर और मार्केटिंग स्टाफ ने चेयरमैन को गिरिराज महाराज की तस्वीर देकर सम्मान किया।

इससे पूर्व कुलाधिपति ने अपने जीवन आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म को भी देखा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष के बड़े भाई देवी सिंह उर्फ डीएम साहब, उनके पुत्र पार्थ चौधरी, सब रजिस्टार सुनील अग्रवाल, विवि की सभी संकायों के डीन, चिकित्सक, अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पत्रकार के साथ गाली गलौज और जान से मारने की धमकी

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम

पीलीभीत पत्रकार के साथ बदतमीजी से की बात और गली गलौज की थाना सेहरा मऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम जगतपुर केसरिया हिंदुस्तान पीलीभीत ब्यूरो चीफ वीरू गौतम के साथ सतीश पुत्र प्यारेलाल निवासी ग्राम मोहनपुर ने दिनांक 05 /01/2025 को घर पर आकर वीरू गौतम पत्रकार के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी तभी वीरू गौतम ने सतीश से कहा तू आपने घर पर जा तब उसे समय अपने घर पर चले गया और सोमवार को फोन करके फिर से गाली देने लगा बोला कि तेरी पत्रकारता कुछ भी मेरा नहीं बिगाड़ सकती और ना तो तू मेरा कुछ बिगाड़ सकता और बोला तू गड़ा कला गांव के पास आकर मिल वहीं तुझे मारूंगा कल तो तुझे तेरे घर के चक्कर में छोड़ दिया था लेकिन तू मुझे कहीं और दिख गया तो तुझे जान से मार दूंगा और तेरी पत्रकारिता 1 मिनट में दूर कर दूंगा ऐसे में पत्रकार लोग सुरक्षित नहीं है ऐसे आरोपियों के विरुद्ध कठिन कार्रवाई की जाए।

कमासिन किसान गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों ने कृषकों को दी विधिक जानकारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान से राधेश्याम गुप्ता



कमासिन बांदा। 6 जनवरी क्षेत्र पंचायत परिसर कमासिन में एक दिवसीय किसान गोष्ठी ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें कृषि वैज्ञानिक उपनिदेशक बांदा विजय कुमार ने गोष्ठी में मौजूद ग्रामीण क्षेत्र से आए कृषकों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कृषि से संबंधित विधिक जानकारी देते हुए भूमि के सुधार जैविक खाद का फसलों में प्रयोग करने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की फार्मर रजिस्ट्री कराने सहित भूमि को उपजाऊ बनाने किसानों को रासायनिक उर्वरक के अंधाधुंध प्रयोग के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति खराब होने आदि से संबंधित अनेक लाभकारी योजनाएं की जानकारी दी गई कृषि

विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक चंचल सिंह ने भूमि सुधार कीटनाशक खरपतवार से संबंधित किसानों को वृहद जानकारी दी रासायनिक उर्वरक के प्रयोग के कारण जमीन की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है तथा इसी तरह अंधाधुंध प्रयोग होने से एक दिन जमीन ऊसर में बदल जाएगी इसलिए आप लोग जैविक उर्वरक का प्रयोग करके जमीन को उपजाऊ बनाकर अच्छी पैदावार लें

पशुपालन विभाग से आए शिवकरण साहू ने किसानों से दुधारू मवेशी पाल कर दूध का धंधा करके आर्थिक स्थिति सुधारी जा सकती है तथा किसानों से अपील किया कि अपने अन्ना जानवर ना छोड़े तथा जो अन्ना जानवर घूम रहे हो उनको गौ आश्रय केदो में संरक्षित कराए जिला उद्यान अधिकारी राजेंद्र कुमार ने किसानों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के गुर बताएं सब्जी बागवानी तथा सिंचाई हेतु पाइप आदि से संबंधित जानकारी दी उपकृषि निदेशक विजय कुमार ने किसानों को श्री अन्न फसल बीमा सोलर पंप आत्मा योजना बीज ग्राम ठुद्धह्यद्ध आदि योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों से फसल बीमा कराने की पुरजोर अपील की ब्लॉक प्रमुख रावेद्र गर्ग किसानों से शासन द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को निशुल्क बीज वितरण तथा नगद अनुदान काटकर इस वर्ष आधे दामों पर बीजों का वितरण किया गया है प्रदेश सरकार किसानों के हित में तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू किए हुए हैं इसलिए अधिक से अधिक किसान योजनाओं का लाभ उठाएं इस दौरान अभय नायक गोदाम प्रभारी अजय कुमार यादव इफ्को मकबूल खान शत्रुघ्न सिंह अरुण कुमार विपिन पटेल दीनानाथ यादव प्रवीण प्रेम प्रकाश संदीप राजेंद्र आदि कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला किसान मौजूद रहीं।